62
साल से लगातार...
। जनपथ पत्रकारिता।
देसी अंदाज
नया मिजाज

# रांची एक्सप्रेस

1963 से लगातार आपकी सेवा में

epaper.ranchiexpress.com | वर्ष-62 | अंक-182 रांची | मंगलवार 18 फरवरी 2025, संवत् 2081 | पृष्ठ -12 | मूल्य 4 रु





झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## नियुक्तियों का बढ़ता कारवां...

नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत विभिन्न पदों पर कुल

## 289 अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

राजस्व निरीक्षक | विधि सहायक | सेनेटरी सुपरवाईजर | सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर
गार्डेन अधीक्षक | वेटरनरी ऑफिसर पदों पर नियुक्तियाँ

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री राधा कृष्ण किशोर**
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, वाणिज्य-कर विभाग, योजना एवं विकास विभाग, संसदीय कार्य विभाग

**श्री संजय प्रसाद यादव**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग

**श्री सुदिव्य कुमार**
माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग

## छात्रोपयोगी वेब पोर्टल्स का अनावरण



तथा रांची विज्ञान केंद्र, रांची के नव प्रवर्तन केंद्र का शुभारंभ समारोह एवं झारखण्ड अनुसंधान एवं नवाचार नीति-2025 हेतु राज्य स्तरीय कार्यशाला

**दिनांक : 18 फरवरी 2025** | **स्थान : प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR - 346635 (IPRD) 2024-25

# अफीम की खेती करने वालों के खिलाफ सभी थाना प्रभारी बदलें काम का अपना तरीका



**हजारीबाग :** एसपी अरविंद कुमार सिंह ने मंगलवार को अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते एसपी ने कहा कि पुलिस की चेतावनी के बावजूद भी अफीम की खेती की लगातार सूचना मिल रही है। सभी थाना प्रभारी अफीम की खेती करने वालों के खिलाफ अब कार्यवाही का तरीका बदले। पुलिस अब नये तरीके से एक्शन ले। पहले अफीम की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित करें। अफीम की खेती को नष्ट करने के साथ संबंधित क्षेत्र के मुखिया और अन्य जनप्रतिनिधियों पर कानूनी नकेल कसने की तैयारी करे। जिस क्षेत्र में अफीम की खेती पकड़ी जाए। वहां के मुखिया और वार्ड सदस्य को भी पुलिस शिकंजे में ले ले। खेती करने वाले और मुखिया के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करें। फिर सत्यापन के बाद जेल भेजने का काम करें। एसपी ने कहा कि उन्हें सचना मिल रही है कि कोयला उत्पादन क्षेत्र में कारोबारियों से रंगदारी के डिमांड की जा रही है। फोन , मैसेज और वर्चुअल कॉल के माध्यम से लगातार रंगदारी वसूली जा रही है। कई कारोबारी एक्सटॉर्शन मनी देखकर अपराधियों से पीछा छुड़ा रहे हैं। सभी थाना प्रभारी वैसे रंगदारी की मांग करने वाले सभी गैंग्स पर नजर रखें और कानुनी रूप से नकल करने की तैयारी करें। उन्होंने जनवरी माह में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधिक कांडों की समीक्षा की। सभी कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए निर्देश दिया। पांच वर्षों से अधिक पुराने लंबित कांडों के अविलंब निष्पादन के लिए निर्देश दिया। एसपी ने सभी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा कर उनके अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। एसपी नेजमानती तथा गैरजमानती वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की- जब्ती के त्वरित निष्पादन पर जोर दिया। एसपी ने सिविल कोर्ट के सुरक्षा की नियमित रूप समीक्षा करते सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। महिला प्रताड़ना एवं हिंसा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने पर जोर दिया। एसपी ने अफीम गांजा ब्राउन शुगर जैसे नशाखोरी के पदार्थ खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया। गया। एसपी ने सभी थाना प्रभारी को विभिन्न सोशल मिडिया की मोनिटरिंग करते अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनन कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलीयों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया।

संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सीसीए एवं एनएसए के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सरकारी जमीन से संबंधित जितने भी मामले थाना में लंबित है। उन्हें यथाशीघ्र संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उसका निष्पादन करे। एसपी ने कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन और ट्रांसपोर्टिंग पर पूर्णतः रोक लगाने का निर्देश दिया, इसके लिए संबंधित अंचल अधिकारी एव जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते कार्रवाई सुनिश्चित करें। यह बैठक में एएसपी अमित कमार, सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार सिंह, सदर सीडीपीओ अमित आनंद, बड़कागांव डीएसपी पवन कुमार, विष्णुगढ़ डीएसपी, बरही डीएसपी, सभी सर्किल के पुलिस इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी शामिल हुए।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों की अनुभवात्मक शिक्षण यात्रा



**रांची :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने ह्यबालाजी फूड प्रोडक्ट्स, टाटीसिल्वे और हनीसिप न्यूट्रिमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, अनगड़ा का दौरा किया। इस यात्रा का उद्देश्य खाद्य एवं पेय उद्योग में उत्पादन और पैकेजिंग की वास्तविक प्रक्रिया को नजदीक से देखना और समझना था। छात्रों ने देखा कि आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके विभिन्न स्नैक्स का उत्पादन और पैकेजिंग कैसे की जाती है। उन्होंने मिनरल वाटर भरने की प्रक्रिया को भी समझा, जिसमें पर्यावरण संरक्षण (सस्टेनेबिलिटी) का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) और व्यवसाय प्रबंधन की बारीकियों की जानकारी मिली, जो उनके भविष्य के करियर विकल्पों को समझने में मददगार साबित होगी। यह यात्रा छात्रों के लिए एक अनूठा अवसर था, जहां उन्होंने कक्षा के बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया से सीखने का अनुभव प्राप्त किया। इससे न केवल उनके ज्ञान में वृद्धि हुई, बल्कि उन्हें अपने करियर की संभावनाओं को समझने का भी अवसर मिला।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को इस तरह की औद्योगिक यात्राओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक यात्राओं से छात्रों को वास्तविक दुनिया से जुड़ने, जीवन कौशल सीखने और पर्यावरण संरक्षण की महत्ता को समझने में सहायता मिलती है।

# डालसा ने जस्टिस ऑन व्हील मोबाईल वैन टूर के तहत गूड़ीडीह में लोगों को जागरुक किया

**अनगड़ा :** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में अनगड़ा प्रखंड के गुड़ीडीह पंचायत भवन में सोमवार के डालसा के द्वारा जस्टिस-ऑन-व्हील मोबाईल वैन टूर कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी चीफ श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव पीएलवी बेबी सिन्हा मीना श्रीवास्तव मालती देवी यशोदा देवी संगीता देवी विधि के छात्र-छात्राएं एवं राजा वर्मा उपस्थित थे।

एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे जेजे एक्ट पोक्सो एक्ट इत्यादि की जानकारी दी। नशा उन्मूलन पर फोकस किये और नशा न करने की अपील की कहा कि नशा से धन और स्वस्थ दोनों पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने बाल विवाह अधिनियम-2006 कानून की जानकारी लोगों को दी। श्री श्रीवास्तव ने मोटर वाहन दुर्घटना में प्राप्त होनेवाले मुआवजा की भी जानकारी दी। कहा कि पीड़ित या पीड़िता मुआवजा के लिए डालसा कार्यालय में आवेदन दे सकते है। पीड़िता अगर महिला हो तो केस लड़ने के लिए डालसा की ओर से निःशुल्क अधिवक्ता भी दिया जाता है। दहेज प्रथा कानून-1961 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई कहा कि दहेज लेना और देना कानूनन अपराध है, इसमें सजा भी होती है। एमएसीटी एक्ट-1988 के बारे में भी जानकारी दी गयी। डालसा के पीएलवी बेबी देवी ने आगामी आठ मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत व आगामी 22 फरवरी को होनेवाले विशेष लोक अदालत की जानकारी ग्रामीणों को दी। उन्होंने कहा कि उक्त तिथि को आकर वादों का निस्तारण करा सकते है। पीएलवी मालती कुमारी ने वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन की जानकारी दी। पीएलवी बेबी सिन्हा ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं श्रम कार्ड की जानकारी दी और पेंशन से संबंधित लाभ लेने की बातें कहीं उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची में इससे संबंधित आवेदन दे सकते हैं। मौके पर डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों के बीच पम्पलेट और लिफलेट का भी वितरण किया।

# दुकान का सटर तोड़ कर साढ़े तीन लाख की चोरी

**अनगड़ा :** थाना क्षेत्र के हेसल रिंग रोड किनारे स्थित रुहान इन्टर प्राईजेज के सटर तोड़कर बीती रात अज्ञात चोरों ने साढ़े तीन लाख रुपया नकद एवं सीसी टीवी कैमरा का डीबी आर चोरी करके फरार हो गए । बताया गया कि रात्री में चोरों ने पहले सटर को तोड़कर दुकान के अन्दर प्रवेष किए और अन्दर दुकान में बने एक एक कर- के सभी ड्रावर तोड़ डाले और उसमें रखे हुए तीन लाख पचास हजार रुपये नकद सहित सीसी टीवी कैमरा का डीवीआर को भी खोलकर ले उड़े। चोर शातिर और अगल बगल के हो सकते हैं और रेकी भी कर रहे होगें उन्हें यह आभास हो गया होगा कि उनके चोरी के कारनामें सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गए हैं इसलिए वे नकद के साथ साथ डीबीआर को भी ले गए। इस चोरी की घटना के संबंध में दुकान के मालिक इजमामुल हक ने अनगड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस घटना स्थल में पहुंचकर घटना का जायजा लिया और चोरों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

# सिलागाईं में 233वां वीर बुधु भगत जयन्ती समारोह का हुआ आयोजन



**चान्हो :** चान्हो प्रखंड के सिलागाईं में 233वां वीर बुधु भगत जयन्ती समारोह का हुआ आयोजन।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से झारखंड के आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए वहीं क्षेत्र के विधायक और वर्तमान में झारखंड सरकार में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी उपस्थित थी। सभा को संबोधित करते हुए श्री चमरा लिंडा ने कहा कि कोल विद्रोह के जननायक शहीद वीर बुधु भगत का जन्म स्थल सिलालगाई है इस गांव में पूर्व में भी मैं आया हूं और इसका इतिहास के बारे में मुझे पूरी तरह से जानकारी है उन्होंने कहा कि मेरे विभाग के द्वारा जितनी भी योजनाएं चलाई जा सकती है उक्त गांव में मेरी कोशिश होगी कि उसे जमीन पर उतर कर शहिद के गांव को विकसित किया जाए। वही सभा को संबोधित करते हुए मंत्री शिल्पी ने कहा कि शहीद वीर बुधु भगत की कुबार्नी की देन है कि आज ये गाँव आदर्श गांव के रूप में विकसित हो रहा है इस के तहत वर्तमान की सरकार के द्वारा गाँव में विभिन विकास मदों के तहत 8 करोड़ रुपए की राशि आवंटन किया गया है। इस मौके पर मांडर की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर भाजपा नेता सेनेट को स्मारक समिति के संरक्षक परमेश्वर भगत अल्फ्रेड मिंज सहित कई लोग उपस्थित थे।

# खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने अनगड़ा में की समीक्षात्मक बैठक

**अनगड़ा :** प्रखंड कार्यालय सभागार अनगड़ा में सोमवार को विधायक राजेश कच्छप ने अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों की समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा अबुआ आवास पेय जल स्वच्छता दाखिल खारिज मईयां सम्मान योजना वृद्धावस्था पेंशन सर्वजन पेशन योजना सहित प्रखंड एवं अंचल से संचालित अन्य विकास योजनाओं की समीक्षा की । बैठक में विभागीय अधिकारियों मुखिया पंचायत समिति सदस्यों के साथ स्थानीय ग्रामीण भी शामिल हुए। बैठक के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना गया और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं को गति देने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे जमीनी स्तर पर योजनाओं का सही लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए तत्पर रहें। ग्रामीणों को अपने काम के लिए बार बार प्रखंड का चक्कर लगाना न पड़े ऐसी व्यस्था विकसित किया जाए। समीक्षा बैठक में बीडीओ जयपाल सोय प्रमुख दीपा उरांव उप प्रमुख जयपाल हजाम पंसस अनुराधा मुन्डा इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# स्व देवेंद्र नाथ महतो का पूरा जीवन अनुकरणीय एवं प्रेरणा दायक है : केशव महतो कमलेश

**सिल्ली :** सोमवार दिनांक 17-02-2024 को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला के झालदा प्रखंड के ईचाक गांव जाकर पुरुलिया के पूर्व कांग्रेस सांसद स्व. देवेन्द्र नाथ महतो की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित पश्चिम बंगाल के साथ-साथ झारखंड के जमशेदपुर में भी कई संस्थानों की स्थापना की गई है। स्वर्गीय देवेंद्र नाथ महतो का पूरा जीवन अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक है। सोमवार के इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष के साथ रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो एवं समाजसेवी कृष्ण



कर श्रद्धांजली अर्पित किया। इस अवसर पर केशव महतो कमलेश ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि देवेंद्र बाबू का व्यक्तित्व सादगी पूर्ण था। उनके सामाजिक कार्यकलापों एवं राजनीतिक सूझ-बूझ तथा जमीनी पकड़ से प्रभावित होकर भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एवं पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर राय के प्रियपात्र बने। उनका पूरा जीवन सामाजिक उत्थान एवं क्षेत्र के चहुंमुखी विकास को समर्पित रहा। अपने जीवन काल में उन्होंने कई शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थानों की स्थापना की। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रभावित होकर मुरारी साहू उपस्थित थे।

# सिद्रोल मे तीन दिवसीय गन्ना प्रशिक्षण का समापन

**बुढ़मू :** प्रखंड के सिदरौल नवा टोली सामुदायिक भवन में गोल्वाल्कर एग्रोटेक द्वारा राज्य स्तरीय तीन दिवसीय गन्ना प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। जिसका समापन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में मुखिया अनूपा उरांव व अन्य अतिथि शामिल हुए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनूपा उरांव ने कहा कि प्रशिक्षण लेने के बाद ग्रामीण उन्नत तकनीक से गन्ना की खेती करेंगे और इससे पारिवारिक आय में बढ़ोतरी होगी।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
**GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING**
**OFFICE:** General Manager (CRITL/O.E)
JUSNL Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834 002 **(Jharkhand)**
**(E-mail**: cecritl.jusnl@rediffmail.com) **Website:** www.jusnl.in

**National Open Competitive Procurement**
**(TWO-ENVELOPE BIDDING PROCESS WITH E-PROCUREMENT)**

**e-NIT No.-354/PR/JUSNL/2024-25**

Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited invite Bids (to be submitted in the e-Procurement Portal) for the following works:

| | |
|---|---|
| Name of work | Supply, Installation, commissioning and testing of "Time Synchronizing Equipment and GPS" complete with antenna, all cables and processing equipment. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. **4,38,44,042.00**/- (including Taxes) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 8,77,000/- (Online mode only) |
| Completion Period | Four to Six Months |
| e-Tender fee | Rs. 10,000/- + 18% GST (Online mode only). |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 19.02.2025 at 04:00 PM |
| Start Date and time of upload of BID | 19.02.2025 at 04:10 PM |
| Pre-Bid Meeting | 27.02.2025 at 04:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 17.03.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part | 18.03.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for Financial Part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, (CRITL/O.E), JUSNL Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

Detailed Invitation of Bids which includes instruction for submission of Bids and all other relevant information is available on http://www.jharkhandtenders.gov.in. Bidding Documents are also available online. Any details required in this regard can also be has from the office of the undersigned (+91-7541959265, 8987760419) during office hours.
The firms that technically qualify will be informed for date of opening for financial part of Bid.
Bidders are advised to note the minimum qualification criteria specified in bidding document. Interested bidders may participate in the bidding process as per instruction given in the bidding document.
OFFICER INVITING BIDS:

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (CRITL/O.E)
JUSNL, Ranchi

PR 346622 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)D



**Jharkhand Urja Utpadan Nigam Limited.**
**(CIN: U40108JH2013SGC001703)**
**OFFICE OF THE PROJECT MANAGER, SUBERNAREKHA HYDEL PROJECT**
**AT & P.O. –SIKIDIRI-835219, DIST. RANCHI ( JHARKHAND)**

**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online bids are invited by Office of Project Manager, SRHP, Sikidiri on behalf of Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd. under Two Bid System i.e. Technical Bid and Financial Bid from reputed, experienced and financially sound Companies/Firm/Agencies *for providing Manpower under Skilled, Semi-skilled and Unskilled* categories at SRHP, Sikidiri, Ranchi on the terms and conditions mentioned in the tender document, the details of which are as below:

| Sl. No. | e-NIT no. | Name of works | Estimated cost (Rs.) | Earnest Money to be deposited(Rs.) | Cost of Tender Document (Non-refundable)(Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 32/PR/JUUNL/ 24-25 | Annual contract for Industrial Housekeeping of Power House- I | 12,15,052 /- | 24,500 /- | 2,950 (2500/- + GST @18%) |
| 2. | 33/PR/JUUNL/ 24-25 | Annual contract for Industrial Housekeeping of Power House- II | 12,20,960 /- | 24,500 /- | 2,950 (2500/- + GST @18%) |
| 3. | 34/PR/JUUNL/ 24-25 | Annual contract for Housekeeping Work in Inspection Bungalow at SRHP Sikidiri. | 13,60,223 /- | 27,500 /- | 2,950 (2500/- + GST @18%) |

| | |
|---|---|
| Duration of work | **12 months** for all the works mentioned above |
| Start date & time of download the tender document | 19/02/2025 at 03:00 PM |
| Start date & time of upload of BID | 19/02/2025 at 03:30PM |
| End date & time of upload of BID | 11/03/2025 at 11:00 AM |
| Submission of cost of Tender and Earnest Money | Both of them to be paid via **online mode** only |
| Date & Time of pre-bid meeting | 28/02/2025 at 01:00 PM |
| Date & Time of opening of Technical Bid | 12/03/2025 upto 12:30 PM |
| Date & Time of opening of Financial Bid | Will be communicated later |
| Work officer & Address for communication | Project Manager, Subernarekha Hydel Project, Sikidiri, Ranchi – 835219. |
| Contact Number | 9431707312 |

- e-Tender document and BOQ can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in . The downloaded document shall be treated as a valid document for participation in the tender only if payment has been made towards *price of BOQ* and *earnest money* .
- The earnest money should be deposited in **online mode** on e-tender portal i.e. www.jharkhandtenders.gov.in only.
- Cheque/DD/Fixed Deposit receipt/Money Order or saving certificate etc. are not acceptable towards deposit of earnest money and tenders with above will not be considered without earnest money.
- The earnest money of unsuccessful bidders will be refunded to them after award of the contract.
- Tender without Earnest Money shall not be considered.
- The tenders shall not be entertained after the deadline under any circumstances whatsoever.
- The undersigned reserves the right to issue, extend the date of publishing / submission / opening tender / distribute the works among the tenders or reject any / all tenders without assigning any reason thereof.
- Corrigendum/addendum, if any, will be uploaded on above website only.
- Prospective bidders are requested to visit website regularly.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकातों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Project Manager
SRHP, Sikidiri

PR 346609 Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd(24-25)#D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–64 / 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 22.02.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 24.02.2025 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 24.02.2025 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) अधीक्षण उअभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान :– अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | E/R to C-Type Quarter No.-15/24 at Sachiwalay Colony at Hinoo, Ranchi | 2,50,300.00 | 750.00 | 5500.00 | 10 Days |
| 2 | E/R to Room No.-110 (Deputy Director, Department of School Education & Literacy) at First Floor of MDI Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 2,41,300.00 | 500.00 | 5000.00 | 10 Days |
| 3 | E/R to A.E. & J.E. Office at Camp Office of Executive Engineer Building Division No.-2, Ranchi in the Campus of New High Court of Jharkhand at HEC,Dhurwa, Ranchi | 2,47,200.00 | 500.00 | 5000.00 | 10 Days |
| 4 | E/R to Room No.-109 (Home Secretary Chamber) at 1st Floor of Project Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 2,48,600.00 | 500.00 | 5000.00 | 10 Days |
| 5 | E/R to Room No.-308 (Director Chamber, Directorate Culture Jharkhand, Ranchi) at 3rd Floor of MDI Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 2,43,200.00 | 500.00 | 5000.00 | 10 Days |
| 6 | E/R to Door Panelling and Vinyl Flooring Work at Camp Office of Executive Engineer, Building Division No.-2, Ranchi in the Campus of MDI Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 2,97,300.00 | 750.00 | 6000.00 | 10 Days |
| 7 | E/R to Side Unit/Cabinet work at Camp Office of Executive Engineer, Building Division No.-2, Ranchi in the Campus of MDI Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 2,35,600.00 | 500.00 | 5000.00 | 10 Days |

नोट :– निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR.NO.346536 Building(24-25):D



**कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 11 / 2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र निर्गत हेतु आवेदन प्राप्त करने की तिथि एवं समयः–:–दिनांक 24/02/2024 एवं 25/02/2024 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 24/02/2024 एवं 25/02/2024 (अपराह्न 3.00 बजे से कार्यालय अवधि तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 27/02/2024. को (अपराह्न 3.00 बजे तक)
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 27/02/2024 को अपराह्न 3.30 बजे।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी मदवार :– DMFT मद

कार्य की विवरणी

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बसिया प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत कुरूम में राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विधालय, कुरूम में 02 अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण। | बसिया | 2054400.00 | 5000.00 | 41100.00 | 3 माह |
| 2 | भरनो प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत अमलिया में राजकीयकृत मध्य विधालय, अमलिया में 02 अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण। | भरनो | 2054400.00 | 5000.00 | 41100.00 | 3 माह |
| 3 | Construction 3.05M Wide P.C.C. Road, Form- Atwa Asur House to Gautam Jayshwal House, At -Jalka Road Adarsh Nagar, Ghaghra | घाघरा | 833000.00 | 1250.00 | 17000.00 | 3 माह |

1. भवन निर्माण विभाग एवं जिला परिशद, गुमला झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे
2. निविदा की अन्य शर्त्ते कार्यालय जिला परिषद ,गुमला के सूचना पट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अकिंत राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा), परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से बैंक ड्राफ्ट ही बना हुआ ही मान्य होगा एंव बैंक ड्राफ्ट निविदा के प्रकाशन की तिथि के बाद का होना अनिवार्य है।
4. प्राक्कलन की राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।
5. सरकार के सचिव पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड सरकार, रॉंची के अधिसूचना संख्या 2146(S) दिनांक 29.09.2020 के कंडिका 2(i) के आलोक में निविदा मे 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर अतिरिक्त जमानत की राशि का डाकघर पासबुक या बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट एकरारनामा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न है:–
   (1) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20% तथा
   (2) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि पर 30% अतिरिक्त जमानत की राशि देय होगा

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, गुमला।

PR 346598 Rural Development (24-25)D

62
साल से लगातार...
। जनपथ पत्रकारिता।

देसी अंदाज
नया मिजाज

1963 से लगातार आपकी सेवा में

# रांची एक्सप्रेस

epaper.ranchiexpress.com

वर्ष -62, अंक 182, रांची, मंगलवार, 18 फरवरी 2025, संवत् 2081, पृष्ठ-12

मूल्य 4 रु

# राज्य की जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 37 कैदी होंगे रिहा

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 33वीं बैठक आयोजित

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 37 कैदियों को रिहा किए जाने पर सहमति बनी। बैठक में रिहाई से संबंधित नए मामलों के साथ-साथ वैसे कैदियों के मामलों पर भी पुनर्विचार किया गया जिन्हें झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की पिछली बैठकों में अस्वीकृत किए गए थे। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्र अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग श्रीमती वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, कारा महानिरीक्षक झारखंड सुदर्शन प्रसाद मंडल, अपर विधि परामर्शी विधि विभाग नीरज कुमार, प्रोवेशन पदाधिकारी चंद्रमौली, एआईजी तुषार रंजन गुप्ता, जेलर मो० नसीम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 103 कैदियों को कारामुक्त किए जाने के प्रस्ताव पर अधिकारियों के साथ बिंदुवार गहन विचार-विमर्श किया। राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद द्वारा रिहाई हेतु अनुशंसित एक-एक कैदियों की फाइल पर गंभीरता से विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति तथा न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों, जेल अधीक्षक एवं प्रोबेशन अधिकारियों द्वारा दिए गए मंतव्य की पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं अधिकारियों के बीच रिहाई हेतु प्रस्तावित सभी मामलों पर विचारोपरान्त कुल 37 कैदियों को रिहा किए जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दी।

### रिहा हुए कैदियों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा हुए कैदियों का सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि का सत्यापन जरूर करें। मुख्यमंत्री ने कारा महानिरीक्षक झारखंड को निर्देश दिया कि रिहा हुए कैदियों का ट्रैक रिकॉर्ड अवश्य रखें। जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों द्वारा रिहा हुए कैदियों का ट्रैक रिकॉर्ड रखने के साथ-साथ सभी गतिविधियों की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा हुए कैदियों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा हुए कैदियों का जीवन यापन सुचारू रूप से चले इस निमित्त उनके लिए आय सृजन की व्यवस्था करें। रिहा हुए कैदियों को मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें सकारात्मक दिशा देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# मुख्यमंत्री 289 युवाओं को आज सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी ) की ओर से 289 पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन में आयोजित किया जाएगा।नगर सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत मुख्यमंत्री जिन पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटेंगे, उन पदों में गार्डेन अधीक्षक, वेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक और विधि सहायक का पद शामिल है। राज्य सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों में खाली पदों को भरने के लिए प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके तहत कुल 289 पदों पर नियुक्ति की जायेगी।

# पांच देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति मुर्मु को अपने परिचय पत्र सौंपे




एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में कंबोडिया, मालदीव, सोमालिया, क्यूबा और नेपाल के राजदूतों व उच्चायुक्तों से परिचय पत्र स्वीकार किए।

राष्ट्रपति भवन के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मु को जिन लोगों ने अपने परिचय-पत्र प्रस्तुत किए, उनमें कंबोडिया की राजदूत राथ मेनी, मालदीव की उच्चायुक्त ऐशाथ अजीमा, सोमालिया के राजदूत डॉ. अब्दुल्लाही मोहम्मद ओडोवा, क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सन एगुइलेरा और नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा शामिल हैं।

# दिल्ली- एनसीआर में भूकंप के तेज झटके किये गये महसूस

एजेंसी




**नई दिल्ली :** दिल्ली, एनसीआर में सोमवार सुबह 05.36 बजे भूकंप के तेज तेज झटके महसूस किए गए। लोग घबराकर घरों से बाहर निकल गए। फिलहाल किसी नुकसान की सूचना नहीं है।

नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4 मापी गई। इसका केंद्र 28.59 उत्तरी अक्षांश और 77.16 पूर्वी देशांतर पर था, जो जमीन के करीब पांच किलोमीटर नीचे था।

इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर लिखा, 'दिल्ली और आसपास के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। सभी से शांत रहने और सुरक्षा सावधानियों का पालन करने की अपील की जाती है। संभावित झटकों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। अधिकारी स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

# नए मुख्य चुनाव आयुक्त को लेकर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम पर विचार के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई। नॉर्थ ब्लॉक में हुई इस बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल हुए। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल कल समाप्त हो रहा है। पुरानी व्यवस्था के तहत तीन सदस्यी चुनाव आयोग में सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त को मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया जाता रहा है। हालांकि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून के तहत अब समिति के माध्यम से नए मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तों और कार्यालय की शर्तें) अधिनियम, 2023 के तहत नए मुख्य चुनाव आयुक्त वर्तमान में आयोग में शामिल चुनाव आयुक्त भी हो सकते हैं या फिर कोई नया नाम तय किया जा सकता है। अधिनियम के तहत केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री की अध्यक्षता में एक खोज समिति पांच उम्मीदवारों की एक सूची तैयार करती है। वर्तमान में अर्जुन राम मेघवाल विधि एवं न्याय मंत्री हैं।

### मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार आज होंगे सेवानिवृत्त

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने कल मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पद से सेवानिवृत्त होने जा रहे राजीव कुमार को आज विदाई दी। राजीव कुमार 01 सितंबर 2020 को चुनाव आयुक्त बने थे और 15 मई, 2022 को देश के 25वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

### झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक आज

**रांची :** झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक मंगलवार को शाम चार बजे से होगी। मंत्रिपरिषद् की बैठक धुर्वा स्थित झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन ) के मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी है।

# ग्रामीण विकास मंत्रालय के नाम पर राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं मनोरंजन मिशन का फर्जी भर्ती अभियान

एजेंसी




**नई दिल्ली :** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने आम जनता का ध्यान एक संगठन द्वारा कथित तौर पर मंत्रालय के नाम पर भर्ती करने वाले धोखाधड़ी वाले विज्ञापनों की ओर दिलाया है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इन विज्ञापनों में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं मनोरंजन मिशन (एनआरडीआरएम) का दावा है कि उसका कार्यालय डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली, 110001 में है और उसकी वेबसाइटें www.»»frdrm.com( http://www.»»frdrm.com) और www.»»frdr-mvÔcÔ»»fcy.com (http://www.»»frdrmvÔcÔ»»fcy.com) हैं लेकिन वह ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र के तहत काम नहीं करता है, जैसा कि दावा किया गया है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने उपरोक्त संदर्भ में आम जनता को यह चेतावनी दी है कि राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं मनोरंजन मिशन (एनआरडीआरएम) द्वारा इस मंत्रालय या इसके अधिकारियों के नाम पर की गई किसी भी भर्ती गतिविधि को धोखाधड़ी माना जा सकता है और इसका कोई समर्थन नहीं है। ग्रामीण विकास मंत्रालय अपनी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई शुल्क या अन्य शुल्क नहीं लेता है या आवेदकों के बैंक खातों की जानकारी नहीं मांगता है। साथ ही, इस विभाग में भर्ती की जानकारी इसकी आधिकारिक वेबसाइट यानी rurÔl.gov.i»»f पर उपयुक्त रूप से पोस्ट की जाती है।

# मैरी कॉम, अवनि लेखरा और सुहास यथिराज ने परीक्षा पे चर्चा में लिया भाग

एजेंसी





**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सोमवार को सातवें एपिसोड में प्रतिष्ठित खिलाड़ी एमसी मैरी कॉम, अवनी लेखरा और सुहास यतिराज शामिल हुए। उन्होंने एक स्वर में इस बात पर जोर दिया कि कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है और शॉर्टकट से कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता।

उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन के माध्यम से लक्ष्य निर्धारण, लचीलापन और तनाव प्रबंधन के बारे में बात की। उन्होंने अपने जीवन से व्यक्तिगत किस्से भी साझा किए और बताया कि उन्होंने अपने जीवन में खेलों से क्या सीखा है।

मैरी कॉम ने बताया कि कैसे उन्होंने इस लोकप्रिय धारणा को चुनौती दी कि मुक्केबाजी महिलाओं का खेल नहीं है। उन्होंने न केवल अपने लिए बल्कि पूरे देश की महिलाओं के लिए सामाजिक धारणाओं को चुनौती दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह का हवाला देते हुए कहा कि खुद को आगे बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने एक बेटी, पत्नी और मां के रूप में अपने 20 साल के सफर को साझा किया। उन्होंने कड़ी मेहनत के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि समर्पण और दृढ़ता ही सफलता के सच्चे चालक हैं। सुहास यतिराज ने छात्रों को डर जैसी नकारात्मक भावनाओं पर काबू पाने के लिए मन की शक्ति का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने डर को सफलता के लिए एक बड़ी बाधा बताया।

अवनी लेखरा ने कौशल विकास के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि कैसे सही कौशल हासिल करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और डर कम होता है। खेलों से समानताएं बताते हुए उन्होंने पढ़ाई में आराम और रिकवरी के महत्व पर जोर दिया और परीक्षाओं से पहले पर्याप्त नींद लेने की वकालत की ताकि बेहतरीन प्रदर्शन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए एक गतिविधि के माध्यम से छात्रों का मार्गदर्शन भी किया। सत्र के दौरान छात्रों ने माता-पिता को करियर विकल्पों के बारे में समझाने, चुनौतियों का सामना करने का साहस विकसित करने और ध्यान केंद्रित रखने जैसे विषयों पर सवाल पूछे।



# खूंटी जिला कांग्रेस वर्किंग प्रेसिडेंट से रामगढ़ प्रशासन ने खाली करवाया सर्किट हाउस

## रामगढ़ सर्किट हाउस में 17 दिनों से रुके हुए थे अरुण सांगा




**झारखंड।** में कांग्रेस अभी सत्ता में है और सत्ता का नशा पार्टी नेताओं पर चढ़ा हुआ है। इसका उदाहरण रामगढ़ सर्किट हाउस में देखने को मिला। कांग्रेसी नेताओं के द्वारा शराब के नशे में कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। नशे में धुत नेताओं ने गाली गलौज तक कर डाली। इसके बाद सर्किट हाउस में रुके हुए खूंटी जिला कांग्रेस के वर्किंग प्रेसिडेंट अरुण सांगा से सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने जबरन रूम खाली करवा दिया। यह पूरा वाक्य चंद पलों में ही समाहरणालय परिसर में अधिकारियों के बीच और रामगढ़ जिले में चर्चा का विषय बन गया।

### 17 दिनों से रूम नंबर 8 में रुके हुए थे अरुण सांगा

जानकारी के अनुसार यूथ कांग्रेस के खूंटी जिला वर्किंग प्रेसिडेंट 1 फरवरी को रामगढ़ पहुंचे थे यहां उन्होंने पहले दो दिनों के लिए सर्किट हाउस का कमरा बुक करवाया। इसके लिए बाकायदा एक वरीय नेता से फोन भी करवाया था। लेकिन वे 17 दिनों तक रूम नंबर 8 में रुके रहे। इस दौरान उनसे मिलने कई लोग कमरे में पहुंचे। कुछ लोग तो रात 2ः00 बजे तक भी सर्किट हाउस में घुसे थे। इस दौरान नशे में धुत नेताओं ने कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार भी किया।

### नेता की हरकत से परेशान अधिकारी डीसी से मिले

कांग्रेसी नेताओं के इस हरकत से नजारत उप समाहर्ता भी परेशान हो गए। सोमवार को एनडीसी अन्य अधिकारियों के साथ डीसी से मिले और पूरे वाकए को सामने रखा। इसके बाद कई अधिकारी सर्किट हाउस पहुंचे और अरुण सांगा को रूम खाली करने को कहा।

रांची जाने के दौरान अधिकारियों का आया फोनः अरुण सांगा

कांग्रेसी नेता अरुण सांगा ने बताया कि सोमवार को वह अपने एक पार्टी कार्यकर्ता के साथ उन्हीं की गाड़ी में रांची कल्याण मंत्रालय के लिए निकले थे। कोठार ओवर ब्रिज के पास ही जब अधिकारियों का फोन आया, तो वह दोबारा सर्किट हाउस पहुंचे। वहां उनसे कमरा खाली करने का आग्रह किया गया। साथ ही उस व्यक्ति के बारे में भी पूछताछ की गई, जिसके द्वारा कर्मचारियों के साथ नशे की हालत में अभद्र व्यवहार किया गया था। उन्होंने बताया कि प्रदेश महासचिव धीरेंद्र सिंह के साथ सर्किट हाउस के कर्मचारियों ने गलत व्यवहार किया था जिसको लेकर तू-तू-मैं-मैं हुई थी। इसके बाद उन्होंने तत्काल सर्किट हाउस के रूम को खाली कर दिया और किराए का भुगतान भी कर दिया।

### पार्टी के अंदरूनी सर्वे के लिए रामगढ़ पहुंचे थे अरुण

कांग्रेसी नेता अरुण सांगा ने बताया कि पार्टी ने उन्हें जिम्मेदारी सौंपी थी, उसी के तहत वे रामगढ़ पहुंचे थे। निकट भविष्य में आयोजित होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। इसकी वजह से वे 17 दिनों तक रामगढ़ में रुक गए।

# श्री रानी सती दादी मंदिर में अष्टम श्री श्याम फागुन महोत्सव का आयोजन

**रामगढ़।** शहर के बिजुलिया तालाब रोड स्थित रानी सती दादी मंदिर परिसर में रविवार की देर शाम श्री श्याम अरदास कीर्तन के तत्वाधान में अष्टम श्री श्याम फागुन महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव को लेकर भव्य दरबार सजाया गया। जिसमें, कृष्ण जी की तस्वीर को चंदन छापा का सिंगार कर कृष्ण जी के माथे पर फूलों की पगड़ी लगाई गई। अन्य राज्यों से मंगाए गए खुशबूदार फूलों से बाबा का सिंगार किया गया था। बाबा श्याम को 56 भोग का प्रसाद लगाया गया।



### महोत्सव में बासुकिनाथ मंदिर के ऋषिकेश बाबा हुए शामिल

महोत्सव में बासुकिनाथ मंदिर के ऋषिकेश बाबा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। संध्या 7ः00 से भजन संकीर्तन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसमें श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार हजारीबाग एवं विशेष आमंत्रित श्री श्याम परिवार तुलसी धाम कोलकाता के सभी सदस्यों ने बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई एवं बाबा का गुणगान किया।

### मीठे-मीठे भजनों से श्याम भक्त झूमे

राजस्थान के सूरजगढ़ आये रवि शर्मा एवं आदर्श दाधीच, कटिहार ने अपने मीठे-मीठे भजनों से सभी श्याम भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वही, श्याम जगत के सबसे प्रसिद्ध भजन गायक कोलकाता के संजय मित्तल ने अपने भजनों से सभी भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इनके द्वारा गाए गए सभी भजनों कि श्याम प्रेमियों ने बहुत सराहना की। देर रात्रि महा आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ अष्टम श्री श्याम फागुन महोत्सव का सफल समापन किया गया।

# दूधमुंहे बच्चे को गोद में लेकर दिन दहाड़े चोरी करने घर में घुसी महिला

**रामगढ़।** थाना क्षेत्र के रांची रोड मरार में दूधमुंहे बच्चे को गोद में लेकर दिन दहाड़े एक महिला चोरी करने के लिए घर में घुस गई। सोमवार को ही इस वारदात में पूरे मोहल्ले वालों को ही सकते में डाल दिया। जिस घर में महिला चोरी करने घुसी थी, उसके पड़ोसी ने ही उसे पकड़ा और तत्काल पुलिस को खबर की। शोर मचाने पर घर वाले भी वहां जुटे और महिला चोर को देख अचंभित हो गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस उस महिला को थाने ले आई और पूछताछ की जा रही है।



### महिला ने चुरा लिए थे लाखों के जेवर और नगद

इस मामले में रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि स्टेशन पर रहने वाली बंजारन महिला कजरी पति अभियान पासी के गोद में दूधमुंहा बच्चा था। दिन के 10ः00 बजे ही वह रांची रोड, मरार, पलामू कॉलोनी निवासी जयप्रकाश के घर में घुस गई। वह सीधे कमरे में घुसी और अलमारी खोलकर लाखों रुपए का जेवर और नगद चुरा लिया। घर से निकलते वक्त ही जयप्रकाश के पड़ोसी ने उसे देखा और शक होते ही बाहर का दरवाजा बंद कर दिया। शोर मचाने पर वहां लोग जुटे और महिला को पकड़ कर बांध दिया।

### मोहल्ले में दिखे संदेहास्पद चेहरा, तो पुलिस को दें सूचना

रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि शहर में चोरी की वारदातों के पीछे संदिग्ध चेहरे होते हैं। वर्तमान समय में घर वालों के साथ-साथ मोहल्ले वालों को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने एक अपील जारी करते हुए कहा कि मोहल्ले में संदेहास्पद चेहरा दिखता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने बताया कि महिलाएं गोद में बच्चा लेकर गली-गली घूमती हैं। दिन में काम के वक्त महिलाएं घर में व्यस्त रहती हैं और इसी का फायदा इस तरह की महिलाएं उठाती हैं। जब पकड़ी जाती हैं तो गोद में बच्चा होने का बहाना बनाकर बचने का प्रयास करती हैं। ऐसे लोगों पर भरोसा ना करें।

# साहू भवन प्रबंधन समिति के सत्र 2025-27 का अधिसूचना जारी, 26 मार्च को चुनाव



**रामगढ़।** साहू भवन प्रबंधन समिति के सत्र 2025-27 के 15 सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव 26 मार्च को होगा। जिसे लेकर सोमवार को शहर के गोला रोड स्थित साहू भवन के सभागार में चुनाव समिति के अध्यक्ष दीनदयाल कुमार के अलावे सहयोगी रमेश कुमार आर्य, चंदेश्वर प्रसाद, मनोज कुमार साह, नरेश प्रसाद साहू, विनोद कुमार साह और प्रीतम कुमार ने संयुक्त रूप से चुनाव की अधिसूचना जारी की।चुनाव पदाधिकारी द्वारा जारी किये गये अधिसूचना के अनुसार नया सदस्य बनने की तिथि 25 फरवरी तक निर्धारित की गई है। नोमिनी सुधार 26 फरवरी, मतदाता सूची जारी करने की तिथि तीन मार्च, नामांकन पत्र जमा करने की तिथि पांच से आठ मार्च ( शाम पांच से सात बजे तक ), नामवापसी की तिथि नौ मार्च, नामांकन पत्रों की जांच दस मार्च के बाद मतदान 26 मार्च को सुबह 8.10 से लेकर शाम चार बजे तक होगा। इसके बाद मतगणना के साथ ही चुनाव परिणाम की घोषणा की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्याशी नामांकन पत्र साहू भवन कार्यालय से पांच रुपये शुल्क का भुगतान कर पांच से आठ मार्च तक प्राप्त कर सकते हैं।

## चितरपुर महाविद्यालय की नवनियुक्त विश्वविद्यालय प्रतिनिधि से प्राचार्य एवं शिक्षकों ने की मुलाकात, दी बधाई



**रजरप्पा।** चितरपुर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संज्ञा एवं महाविद्यालय के शिक्षकों ने महाविद्यालय की नवनियुक्त विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में रामगढ़ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रत्ना पांडेय से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। इस दौरान प्राचार्य डॉ. संज्ञा ने पौधा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। डॉ. रत्ना पांडेय ने कहा कि मैं चितरपुर महाविद्यालय की विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में हर तरह से चितरपुर महाविद्यालय के साथ हूं और महाविद्यालय के विकास में हरसंभव सहयोग करूंगी। इस अवसर पर चितरपुर महाविद्यालय के प्रो. ज्योति कुमारी, प्रो. रेवालाल पटेल, प्रो. ताराशंकर अग्रवाल, प्रो. उत्तम कुमार उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार षड्यंत्र करके एनपीएफएएम के माध्यम से निजी कंपनियों को घुसाने की साजिश कर रही है : हीरा गोप

**बरकाकाना।** अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हीरा गोप ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि एएलकेएम झारखंड राज्य परिषद की बैठक में कृषि,किसान,सिंचाई,पर्यावण, जल जंगल जमीन वन अधिकार कानून 2006 विस्थापन सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। और इसे लेकर मुखर होने का निर्णय लिया गया है उन्होंने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर हुए हादसे पर दुखः व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना रेलवे की नाकामी सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए, वहीं हादसे में मारे गए श्रद्धालुओं को केंद्र सरकार 50-50 लाख रुपया मुआवजा दे। केंद्र सरकार की न्यू पॉलिसी फ्रेमवर्क आफ एग्रीकल्चर मार्केटिंग एनपी एफएएम यह स्कीम पूर्व के तीन कृषि कानून की तरह है। यह पूरी तरह से किसान और कृषि के विरोध में है सारे प्रावधान तीन कृषि कानून की तरह ही है केंद्र सरकार षड्यंत्र करके एनपीएफएएम के माध्यम से एग्रीकल्चर मार्केटिंग में निजी कंपनियों को घुसाने की साजिश कर रही है खेती को कांटेक्ट फार्मिंग में बदलने की साजिश की जा रही है इस स्कीम के तहत कंपनी जो कहेगी वही फसल उगाना होगा। तीन कृषि कानून की तरह इसका भी विरोध किया जाएगा।



## स्वामी श्रद्धानंद डीएवी स्कूल में शोकसभा का आयोजन

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड अंतर्गत सुकरीगढ़ा लारी स्थित स्वामी श्रद्धानंद डीएवी स्कूल के कक्षा आठवीं के छात्र सूरज कुमार की रविवार की सुबह कुएं में अचानक गिरने से मौत हो गई। छात्र की मौत पर सोमवार को विद्यालय परिसर में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने सूरज की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। विद्यालय प्रबंधन समिति ने छात्र की मौत पर विद्यालय में एक दिन का अवकाश घोषित किया। शोक व्यक्त करने वालों में विद्यालय के निदेशक सुधीर कुमार सोनी एवं प्राचार्य केपी सिंह के अलावे रीना देवी, सत्येंद्र, अभिषेक, परवेज, कुलेश्वर, दीपक राणा, उषा किरण, अनामिका, आरजू, सुनीता, अनिता, रेखा, रक्षा, तनीषा, तौहीद, संध्या, प्रिंस, पप्पू, स्वाति, संगीता, मनीता, पूनम, शारदा, अंजू, निर्मला, दीपक पांडेय, दयानंद आदि शामिल थे।



## पं शिवनरेश पांडेय के निधन पर कोयलांचल में शोक की लहर

**भुरकुंडा।** पूर्व सीसीएलकर्मी सह समाजसेवी पं शिवनरेश पांडेय 90 वर्षीय का उनके आवास हुरुमगढ़ा में निधन हो गया। जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि पं शिवनरेश पांडेय की हृदयाघात के कारण निधन हो गया। वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थें। उनके निधन से कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर है। पं स्व. शिवनरेश पांडेय भाजपा जनसंघ के वयोवृद्ध स्थापना काल के संस्थापक के साथ-साथ शिक्षाविद, ज्योतिषाचार्य, कर्मकाण्डी और समाजसेवी भी थें। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार गिद्दी दामोदर नदी तट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र बबन पांडेय ने दी। स्व. शिवनरेश पांडेय अपने पीछे बबन पांडेय, प्रहलाद पांडेय, विक्रमादित्य पांडेय, कृष्ण कन्हैया पांडेय, धर्मराज पांडेय, अमन पांडेय, आकाश पांडेय सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गये। बताया जाता है कि पं शिवनरेश पांडेय ने अपने जीवनकाल में कई धार्मिक कार्यों का सफल आयोजन किया। मिलनसार व्यक्तित्व, मृदुभाषी, सहज और सरल स्वभाव उनका उनकी पहचान रही। अंतिम यात्रा में क्षेत्रवासियों की भारी भीड़ उमड़ी। इधर ए ला एंगलाइज स्कूल में विद्यालय समिति के सदस्य पं शिवनरेश पांडेय के निधन पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक संवेदना प्रकट करने वालो में विधायक रोशनलाल चौधरी, स्कूल के प्राचार्य वियजंत कुमार, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, विनय सिंह चौहान, राजकिशोर पांडेय, डब्लू पांडेय, रॉबीन मुखर्जी, मुन्ना ओझा, उदय सिंह सहित दर्जनों लोग शामिल थें।



# उसरा स्थित पंचायत सचिवालय में प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

**रजरप्पा**। दुलमी प्रखंड के उसरा स्थित पंचायत सचिवालय में प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता दुलमी बीडीओ अमित कुमार मिश्रा ने की। बैठक में दुलमी प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख धर्मधीर महतो, जिला परिषद सदस्य प्रीति दीवान सहित सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे। बैठक में सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और विकास कार्यों में आ रही विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही पंचायती राज व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने एवं ग्रामीण विकास योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन पर बल दिया गया। बीडीओ ने उपस्थित सदस्यों को निर्देश दिया कि योजनाओं को समयबद्ध रूप से लागू किया जाए और सभी विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव एवं समस्याएं रखी, जिनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बीससूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। ग्रामीण विकास की दिशा में हर योजना को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने अधिकारियों से अपील किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तत्परता सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को अधिकतम लाभ मिल सके। अंत में बीडीओ ने सभी को उनके सक्रिय सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में इसी तरह समन्वय बनाकर विकास कार्यों को गति देने की अपेक्षा जताई।



# अंबा प्रसाद ने भविष्य निधि आयुक्त से की मुलाकात

### कहा- ग्लास फैक्ट्री के कर्मियों का जल्द होगा पीएफ एवं पेंशन भुगतान

**भुरकुंडा।** भदानीनगर बंद ग्लास फैक्ट्री के कर्मियों के लिए राहत की खबर है। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के पहल पर रांची स्थित भविष्य निधि कार्यालय में सोमवार को ग्लास फैक्ट्री कर्मियों के लिए पीएफ एवं पेंशन सुनिश्चित करने हेतु कार्य किया जाएगा। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कई महीने पहले क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अजितेश कुमार से मुलाकात कर कर्मियों की समस्याओं से अवगत कराया था। जिसके बाद कुछ कर्मियों को उनका पीएफ का लाभ मिला। वहीं कुछ कर्मियों को अभी तक नहीं मिल पाया। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने सभी कर्मियों से अपील किया कि ससमय पीएफ एवं पेंशन से संबंधित प्रक्रिया को पूर्ण कर ले। वार्ता के पश्चात कर्मियों ने अम्बा प्रसाद के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान रामशरण गिरी, ब्रजमोहन गिरी, नीलेश सिंह, शिवकुमार शर्मा, अशोक प्रसाद, मो शहाबुद्दीन, संतोष ओझा, लालबाबू चौबे, मो काजिन, दिनेश सिंह, मिथिलेश दांगी, बसंत लाल, संजय लाल, अशोक पाठक आदि मौजूद थे।



# झारखंड में झामुमो बनाएगा 50 लाख नए सदस्य

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में सोमवार को रांची महानगर अंतर्गत रामलखन सिंह यादव कॉलेज के पास कोकर में शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। झामुमो केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर जिला संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम की अध्यक्षता में चलाए गए सदस्यता अभियान में जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, सोनू मुंडा, झब्बूलाल महतो समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

सदस्यता अभियान को सफल बनाने में संजय ठाकुर के साथ विक्की समेत अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा। सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिसमें मुख्य रूप से युवा एवं महिलाएं शामिल हैं। वहीं पार्टी से जुड़ने वाले सभी नए सदस्यों को जिला संयोजक प्रमुख, संयोजक मंडली के सदस्यों ने सदस्यता रसीद देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई।




मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह झारखंड की जनता ने भरपूर समर्थन देकर हमारी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री बनाया है। पार्टी से विशेष रूप से महिलाएं सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि पार्टी ने 50 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है और रांची जिला को 5 लाख का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें से अबतक लगभग 3 लाख नए सदस्य बन चुके हैं।

# गोवा के छात्रों ने देखी रांची विवि की गतिविधियां

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** अकादमिक एवं कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत गोवा युनिवर्सिटी से छात्रों शिक्षकों की टीम 17-19 फरवरी तक रांची विश्वविद्यालय पहुंची। गोवा से छात्रों के साथ समन्वयक डॉ. वाल्टसर मेनेजेस भी आये हैं, जो दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर हैं।

सोमवार को गोवा युनिवर्सिटी से आये छात्रों और शिक्षकों की टीम का बेसिक साइंस परिसर में झारखंड की परंपरा के अनुसार गीत संगीत और नृत्य से भव्य स्वागत किया गया, जिसके बाद रांची युनिवर्सिटी के आइक्यूएसी कांफ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में रांची युनिवर्सिटी के कुलपति, प्रो.अजीत कुमार सिन्हा ने उन्हें यहां आने के लिये आभार जताया और कहा कि वह झारखंड की संस्कृति और रांची युनिवर्सिटी के शैक्षणिक माहौल को करीब से देखें।


# पूजा सिंघल से जुड़े मामले में सुनवाई अब 21 को होगी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** आईएएस पूजा सिंघल से जुडे. मामले में ईडी की ओर से रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में दाखिल याचिका पर अब 21 फरवरी को सुनवाई होगी। इस मामले में ईडी ने कोर्ट से यह आग्रह किया है कि पूजा सिंघल को कोई विभाग नहीं दिया जाए।

वहीं सोमवार को अदालत में ईडी और पूजा सिंघल की ओर से बहस पूरी कर ली गई। इसके बाद कोर्ट ने अग्रिम सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तिथि निर्धारित की है।

ईडी ने अदालत में याचिका दाखिल कर कहा है कि यदि पूजा सिंघल को राज्य सरकार किसी विभाग की जिम्मेदारी देती है तो वे अपने पद का दुरुपयोग कर केस को प्रभावित कर सकती हैं।



उल्लेखनीय है कि मनरेगा घोटाला की अभियुक्त आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने 11 मई 2022 में गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी।

ईडी की छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये कैश बरामद हुई थी।

पूजा सिंघल को सात दिसंबर को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा किया गया है। हालांकि वह अब भी मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभियुक्त हैं, जबकि कानूनी प्रावधानों के अनुसार जेल से बाहर रहने के दौरान उनका सस्पेंशन खत्म किया जा चुका है।

## के राजू के कांग्रेस प्रभारी बनने पर तनवीर ने दी बधाई

**रांची :** के राजू को झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी बनाए जाने पर कांग्रेस नेता सह समाजसेवी और भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के बिहार झारखंड के प्रभारी तनवीर खान ने बहुत बहुत बधाई दी है। उन्होंने कहा कि के राजू को झारखंड की कमान मिली है इससे हम लोगों को काफी खुशी हुई। वो काफी अनुभवी हैं। कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में इनका काफी अहम रोल होगा। तनवीर खान ने कहा कि संगठन को मजबूत करने में के राजू का खास योगदान होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे मजबूत लोगों को झारखंड की जिम्मेदारी मिली है। आने वाला लोकसभा और विधानसभा का रिजल्ट काफी बेहतरीन होगा। आखिर में तनवीर खान ने बताया कि के राजू का झारखंड से काफी लगाव रहा है। उनके संघटनात्मक अनुभव कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच से पार्टी को लाभ मिलेगा।

# डीएवी शिक्षा दीप स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित, छात्रों ने किये मॉडल प्रस्तुत

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची:** डीएवी शिक्षा दीप स्कूल कमड़े में आज विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन प्राचार्य ए.के.राय के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्यअतिथि के रूप में वरीय अधिवक्ता डॉक्टर प्रणव कुमार बब्बू एवं विशिष्ठ अतिथि महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष अनिल यादव, छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, साहित्यकार संतोष दीपक, कलावती स्कूल आफ नर्सिंग के प्रशासनिक पदाधिकारी विश्वदीपक पांडे, देशबंधु आई.टी.आई.के प्राचार्य सतीश कुमार, विद्यालय की संस्थापिका नीलम देवी, निदेशक मंडली के शिवनंदन पाठक, प्रभास गौरव, प्रशासनिक पदाधिकारी लालमोहन पाठक आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर हुआ। बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में निम्नलिखित जीवंत मॉडल प्रस्तुत किए,वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, शुद्ध शहद के गुण एवं पहचान, ट्रैफिक (यातायात ) प्रणाली,संतुलित भोजन सारिणी, पॉल्यूशन कंट्रोल प्रणाली,ग्रीन हाउस प्रोजेक्ट,वॉटर प्यूरीफायर,स्मार्ट सिटी मॉडल, चुंबकत्व प्रणाली,स्ट्रीट लाइट, पर्यावरण मॉडल,वर्षा फॉमूर्ला के पानी का संचयन विधि,गणित एवं



अन्य 25 मॉडल प्रस्तुतकर अतिथियों एवं अभिभावकों को अचंभित कर दिया।

मौके पर मुख्यअतिथि डॉक्टर प्रणव कुमार बब्बू ने कहा शिक्षा के प्रचार प्रसार से ही देश का विकास संभव है। ये सभी बच्चे देश के भविष्य हैं ये हुनर वाज बच्चे एक दिन जरूर वैज्ञानिक बनेंगे। शिवनंदन पाठक ने कहा बच्चों के अंदर सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय मे विज्ञान प्रदर्शनी का होना अति आवश्यक है ज्ञान के बगैर विज्ञान अधूरी है मानी जाती है।

शिवकिशोर शर्मा ने सभी बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना की। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से वंदना गुप्ता, रीमा सिंह, गीता रानी, शंभू कुमार, स्वाति कुमारी, आरती सिंह, अंजुला पाठक, कीर्ति कुमारी, मनीषा कुमारी शाह एवं प्रवक्ता कुणाल कौशल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। धन्यवाद ज्ञापन वरीय शिक्षिका संगीता कुमारी ने किया।

## अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने की 21 सूत्री मांगों पर विचार करने की मांग

**रांची :** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से लंबित 21 सूत्री मांगो को अविलंब लागू करने की मांग की है। वर्तमान में राज्य के कर्मचारियों की लंबित मांगों एवं उत्पन्न समस्याओं के लेकर राज्यकर्मियों द्वारा चिंता जाहिर की गई। राज्यकर्मियों की स्वास्थ्य बीमा को अविलंब लागू करने की मांग की है। राज्य सरकार द्वाराआज तक केंद्र के अनुरूप कई संवर्गो का वेतनमान, ग्रेड पे,कई भत्ते पर कोई कारवाई नहीं की गई। ग्रामीण विकास विभाग खरछ्ढर जे एस एल पी एस,में कार्यरत ऑफिस बॉय/ ऑफिस अटेंडेंट, हाउस कीपर को भारत सरकार द्वारा संशोधित दर से मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है, इन्हें एल 8 में नहीं जोड़ा गया इस संवर्ग को मात्र प्रतिदिन 377 रुपए मानदेय दी जा रही है,कोई अवकाश नहीं दी जा रही है। ,डाटा एंट्री ऑपरेटर को एल 7 में नही जोड़ा गया ,राज्य के कई विभागों में कंप्यूटर आपरेटर को 43000 रु प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है,इन्हें मात्र 22050 ही दी जा रही है। खरछ्ढर में टडव पर कार्यरत ल्त्रक्ष्ट प्रखंड कर्मियो को आज तक ठफ्छट में स्थाई समायोजन नहीं किया गया, अविलंब ठफ्छट में स्थाई समायोजन की जाय।सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संवर्ग सहित सभी निरीक्षक संवर्ग को आज तक केंद्रीय वेतनमान की अनुशंसा 6500 वेतनमान, ग्रेड पे 4600 आज तक नहीं दी गई। सुरेश हाजरा ,झारखंड ,राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष को उपायुक्त जामताड़ा द्वारा स्थानांतरण अवधि का वेतन न देकर वर्षो से प्रताड़ित किया जा रहा है। इस संबंध में प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल, मुख्यमंत्री सचिवालय वरीय आप्त सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव एवं कार्मिक विभाग, झारखंड सरकार द्वारा कई पत्र उपायुक्त, जामताड़ा को भेजी गई कोई कारवाई नहीं हुई।

# बिरसा मुंडा फन पार्क में एक दिवसीय योगा ध्यान शिविर का आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** जेल मोड़ स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में सोमवार को बिरसा मुंडा फन पार्क, स्कूल ऑफ योगा डिपार्टमेंट रांची यूनिवर्सिटी और रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय योगा ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई विद्यार्थियों ने इस शिविर में भाग लिया। विद्यार्थियों ने योग क्रिया कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, गोमुखासन, ताड़ासन और ध्यान समेत कई आसन किये और गहराई से समझा।

मौके पर विद्यार्थियों ने योग के माध्यम से स्वस्थ शरीर और



तनाव रहित रहने का भी संकल्प लिया। उल्लेरखनीय है कि आधुनिक समय में हमलोग अपने खानपान को संतुलित रखकर और व्यायाम तथा योग कर के अनेक बीमारियों से बच सकते हैं। योग के नियमित अभ्यास से हम अपने जीवन को स्वस्थ और रोगमुक्त बना सकते हैं। इस कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय रांची के डीएसडब्ल्यू सुदेश कुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।वहीं विशिष्ठ अतिथि के तौर पर डॉ. मधुलिका वर्मा निदेशक, स्कूल ऑफ योगा रांची यूनिवर्सिटी, प्रो. आनंद कुमार ठाकुर पूर्व कॉर्डिनेटर स्कूल ऑफ योगा विभाग रांची यूनिवर्सिटी, जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी और रांची नगर निगम के धीरज कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से सभी योग प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर योग शिक्षिका संतोषी कुमारी, विकास कुमार गोप, डॉ. सुभाष साहू, शिवली अख़्तर, मोसरत परवीन, आइसा फातिमा, आकांशा सिंह, अभिषेक कुमार, इम्तियाज शेख समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## झारखंड ऊर्जा विकास निगम में चहेतों को प्रोन्नति देने का प्रयास : अजय राय

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड में बड़े पैमाने पर उच्च पदों का सृजन किया जा रहा है, जिससे निगम के चहेतों को उच्च पदों पर प्रोन्नति प्रदान की जा सके। इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। उक्त आरोप झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने लगाया है।

उन्होंने कहा कि निगम में नीचे के स्तर के पदों पर कर्मियों की भारी से भारी कमी है, लेकिन इसके बावजूद उच्च पदों का सृजन किया जा रहा है जिस पर निगम का करोड़ करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार बढ़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सारा खेल प्रोन्नति देने के लिए किया जा रहा है।

श्री अजय राय ने कहा कि निगम के हितों को पैरों तले रौंदते हुए स्वहित में उच्च पदों पर प्रोन्नति प्रदान करने के उद्देश्य से निगम में कार्यकारी निदेशक, महाप्रबंधक उप महाप्रबंधक के पदों का सृजन



कराया गया है। उन्होंने कहा कि यह सारा खेल निगम के उच्च अधिकारियों और पदाधिकारियों के बीच मिलीभगत से किया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि निगम में उच्च पदों पर प्रोन्नति प्रदान करने के लिए लेन-देन खेल भी जारी है। उन्होंने कहा कि यह सारा खेल निगम के उच्च अधिकारियों और पदाधिकारियों के बीच मिलीभगत से किया जा रहा है।

श्री अजय राय ने मांग की है कि इस मामले की समुचित जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि निगम के उच्च अधिकारियों और पदाधिकारियों के बीच मिलीभगत का खुलासा करने के लिए सीबीआई जांच आवश्यक है।

# एचईसी की जमीन पर बढ़ता अतिक्रमण, प्रशासन बेखबर

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** रांची के हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी) की जमीन पर अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन प्रबंधन बेबस नजर आ रहा है। धुर्वा इलाके में लोग खाली जमीन पर लोहे की गुमटी, प्लास्टिक के तिरपाल और बांस की बाड़ लगाकर कब्जा कर रहे हैं।



अवैध निर्माण का यह खेल रात के अंधेरे में तेजी से हो रहा है। पिछले डेढ़ साल में जगन्नाथ मैदान, एचईसी अस्पताल के आसपास, सेक्टर-2 मार्केट, सेक्टर-3, पंचमुखी मंदिर, धुर्वा बस स्टैंड, जेपी मार्केट, डैम साइड और एचईसी के आवासीय परिसर की खाली जमीन पर अवैध निर्माण में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।हालांकि एचइसी आवासीय क्षेत्र में अवैध निर्माण की शिकायतें प्रबंधन के पास लगातार मिलती रहती हैं, लेकिन मैन पावर की कमी और निगम खराब आर्थिक स्थिति के चलते प्रबंधन कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

## इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड में नेतृत्व और आत्म दक्षता पर छात्र विकास कार्यक्रम का उद्घाटन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड में नेतृत्व और आत्म दक्षता विषय पर छात्र विकास कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) दीपक कुमार श्रीवास्तव, निदेशक, भारतीय प्रबंधन संस्थान, रांची ने किया। उन्होंने छात्रों को 3 आर- प्रासंगिकता, कठोरता और जवाबदेही पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया। उन्होंने सीआई- सह-बुद्धिमत्ता के महत्व पर प्रकाश डाला।

विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रोफेसर (डॉ.) रमन कुमार झा ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें नकारात्मकता को दूर करने और सकारात्मक विचारों को आत्मसात करने का मार्गदर्शन दिया।



उद्घाटन सत्र की शुरूआत रजिस्ट्रार, प्रोफेसर (डॉ.) जे.बी पटनायक के स्वागत भाषण से हुई। डॉ. एस. चौधरी, डीएसडब्ल्यू ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों में नेतृत्व की बारीकियों को विकसित करने और उन्हें आत्म-दक्षता के महत्व को समझाने के लिए आयोजित किया गया है।

5 समृद्ध सत्रों वाले एसडीपी का संयोजन डॉ. ऋषि कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। छात्र विकास कार्यक्रम के अन्य अतिथि वक्ताओं में शामिल हैं- प्रोफेसर गौरव एम. मराठे, आईआईएम रांची, डॉ. सिंधुजा मिश्रा, संस्थापक- साइकोलॉजिक्स.कॉम और सुश्री कनिका मल्होत्रा- संस्थापक- आईलीड एचआर। विश्वविद्यालय के छात्रों ने सत्र में भाग लिया और यह उनके लिए बहुत उपयोगी रहा।

HDFC BANK
हम आपकी दुनिया को समझते हैं

**पंजीकृत कार्यालयः** एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई-400 013 और इसका एक कार्यालय रिटेल पोर्टफोलियो मैनेजमेंट के रूप में एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, आई-थिंक टेक्नो कैम्पस, कांजुरमार्ग (पूर्व), मुंबई - 400042 में है।

**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना और सार्वजनिक सूचना।**

चडीएफसी बैंक लिमिटेड ("बैंक") के नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को प्रतिभूतियों के खिलाफ ऋण / ओवरड्राफ्ट की प्रकृति में ऋण सुविधाएं प्राप्त करने के लिए बैंक को गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के संबंध में अधिसूचित किया जाता है।

ऋण शर्तों के अनुसार बकाया राशि का भुगतान करने में उधारकर्ताओं द्वारा लगातार चूक के कारण, नीचे दिए गए ऋण खाते अपराधी स्थिति में हैं। बैंक ने इन उधारकर्ताओं को कई नोटिस जारी किए हैं, जिसमें नीचे उल्लिखित तिथि पर अंतिम बिक्री नोटिस भी शामिल है, जिसके तहत बैंक ने गिरवी रखी गई राशि को वापस ले लिया था और उधारकर्ता को नीचे दिए गए खातों में संपूर्ण बकाया राशि चुकाने के लिए 7 दिनों का समय दिया था, जिसके विफल होने पर, बैंक इस संबंध में आगे कोई नोटिस जारी किए बिना गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों को बेचने के लिए स्वतंत्र होगा।

उधारकर्ताओं ने उचित भुगतान करने में लापरवाही की है और असफल रहे हैं, इसलिए बैंक ने ऋण समझौते के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए एक गिरवीदार के रूप में उधारकर्ताओं द्वारा बैंक को देय बकाया राशि वसूलने के लिए 25 फरवरी, 2025 को या उसके बाद प्रतिभूतियों को बेचने / निपटाने का फैसला किया है। उधारकर्ताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी समय, शेयर बाजार में अस्थिरता के कारण गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों का मूल्य और गिर जाता है, जिससे मार्जिन आवश्यकता में और कमी आती है, तो बैंक अपने विवेक से इस संबंध में किसी भी अतिरिक्त सूचना के बिना एक (1) कैलेंडर दिन के भीतर गिरवी रखी गई प्रतिभूति को बेच देगा। गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री से प्राप्त आय के समायोजन के बाद, उधारकर्ता किसी भी शेष बकाया राशि के पुनर्भुगतान के लिए बैंक के प्रति उत्तरदायी रहेगा।

| Sr. No. | ऋण खाता संख्या | उधारकर्ता का नाम | 15 फरवरी, 2025 तक बकाया राशि | बिक्री सूचना की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | XXXX9509 | रेखा देवी मोदी | 1,08,162.36 | 15-02-2025 |
| 2 | XXXX8780 | बिशाल कुमार | 3,28,264.82 | 15-02-2025 |
| 3 | XXXX0118 | एस एस एंटरप्राइजेज | 35,11,548.64 | 15-02-2025 |
| 4 | XXXX0980 | आशा मिश्रा | 1,65,313.58 | 15-02-2025 |
| 5 | XXXX6267 | जानकी कुमारी | 5,48,526.07 | 15-02-2025 |
| 6 | XXXX5530 | मुकेश कुमार चौरसिया | 7,01,860.82 | 15-02-2025 |
| 7 | XXXX3396 | रमेश कुमार | 1,42,365.00 | 15-02-2025 |
| 8 | XXXX6077 | तपस कुमार पलेई | 1,78,402.95 | 15-02-2025 |
| 9 | XXXX1230 | पूनम कुमारी | 27,14,533.00 | 15-02-2025 |
| 10 | XXXX3206 | विजय कुमार अग्रवाल | 7,11,305.00 | 15-02-2025 |
| 11 | XXXX8497 | पंकज रंजन तामवार | 5,84,211.00 | 15-02-2025 |
| 12 | XXXX6912 | रजत कुमार | 7,51,849.97 | 15-02-2025 |
| 13 | XXXX3489 | बिनय कुमार | 52,320.82 | 15-02-2025 |
| 14 | XXXX9318 | सुनील जोसेफ मिंज | 5,85,523.82 | 15-02-2025 |
| 15 | XXXX5708 | करीश अक्षर | 77,320.27 | 15-02-2025 |
| 16 | XXXX9673 | बिद्युत कुमार डे | 1,65,507.00 | 15-02-2025 |
| 17 | XXXX5522 | लक्ष्मीकांत साहू | 1,39,284.82 | 15-02-2025 |
| 18 | XXXX7765 | कमला कौर | 3,50,358.82 | 15-02-2025 |
| 19 | XXXX0229 | रिफ्फात जहाँ | 1,46,164.82 | 15-02-2025 |
| 20 | XXXX4070 | आरती सिन्हा | 1,06,742.52 | 15-02-2025 |

दिनांकः 18.02.2025
स्थानः झारखंड

एसडी/-
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

# श्री श्याम मित्र मंडल के 101 सदस्यों का दल खाटूधाम पहुंचा

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल का 101 सदस्यों का दल 16 फरवरी को खाटू पहुंचने के बाद रात्रि विश्राम श्री श्याम मित्र मंडल के विश्राम भवन में करके आज 17 फरवरी को पुनः सभी श्याम भक्तों ने रिंग्स स्थित परशुराम निशान भवन में निशान पूजन किया।

मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मंजू ढानढनिया ने अखंड ज्योति प्रज्वलित कर बाबा श्याम को पेड़ा फल मेवा अर्पित कर अपनी मनोकामना अर्जी लगाई। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में 101 सदस्य दल ने प्रातः सभी विश्राम भवन से तैयार होकर बसों द्वारा रिंग्स स्थित परशुराम निशान भवन पहुंचा। रिंग्स में निशान पूजन के प्रभारी श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, अनिल नारनौली, श्रवण अग्रवाल, बालकृष्ण अग्रवाल, राजीव केडिया, वेद भूषण जैन पप्पू, अमित झुनझुनवाला, निखिल नारनौली, अमित सरावगी ने पूजन कार्य एवं निशान ध्वज बंधवाने भेंट बांधना आदि कार्यों में सहयोग कर निशान कीर्तन प्रारंभ करवाया। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने श्रवण ढानढनिया मंजू ढानढनिया से प्रथम ज्योत दिलवाकर निशान पूजन कार्य प्रारंभ किया।

गणेश जी की वंदना के साथ भजनों का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। चढ़वा दे बाबा श्याम निशान म्हारो चढ़वा दे, डोरी खींच के राखी जे यो है बाबा को निशान के भजनों का गायन कर भक्तगण भाव विभोर हो रहे थे। दोपहर 2:00 बजे मंडल के 101 सदस्य दल ने 71 निशान को पूजन कर रिंग्स से पदयात्रा प्रारंभ की। श्याम भक्तों की टोली निशान यात्रा प्रारंभ कर हाथों में लहराते हुए निशान और मुख से श्याम नाम गाते हुए बाबा के धाम की और बढ़ी। सभी के मन में अपने इष्ट देव के प्रति भाव देखते ही बना रहे थे। यह पावन महीना श्याम भक्तों के लिए बड़ा ही शुभ रहता है। पूरे 12 महीना श्याम जगत में इस महीने का इंतजार रहता है। 4:30 बजे निशान यात्रा करनी माता मंदिर पहुंचा। करणी माता मंदिर में मंडल की ओर से अल्पाहार फलाहार की व्यवस्था रहती है। पुनः वहां से निशान यात्रा प्रारंभ हुई जो 7:30 बजे खाटू स्थित तोरण द्वार पहुंची। सभी श्याम भक्त तोरण द्वार में पहुंच कर भाव विभोर हो रहे थे। हारे के सहारे की जय, खाटूनरेश की जय की जय जयकारों से पूरा खाटू धाम गूंज रहा था।

निशान शोभा यात्रा में अध्यक्ष सुरेश सरावगी, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मंजू ढानढनिया, मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, यात्रा उपसंयोजक राजीव रंजन मित्तल, स्नेहा पोद्दार, उपमंत्री अनिल नारनौली, बालकृष्ण अग्रवाल, राजीव केडिया, अमित झुनझुनवाला, भारती चितलांगिया, अन्नपूर्णा सरावगी, विजयश्री साबू, रमा सरावगी, वेद भूषण जैन पप्पू, नेहा सरावगी, शोभा सिंघानिया, स्नेहा पोद्दार, सरिता अग्रवाल, सुनीता मित्तल, आयुषी कटारूका, राजकुमार सिंघानिया, जयप्रकाश मित्तल, अमन बंसल, उमेश कामदार, रतन शर्मा, उत्कर्ष लोहिया, संकेत गाड़ोदिया, राजेश सिंह, शशि सिंह सनाया, चंदन चौधरी तथा अनेक श्याम भक्त शामिल हुए।

# भारत-अमेरिका मैत्री से विकास के नये रास्ते खुलेंगे



ललित गर्ग

**भारतीय प्रधानमंत्री की अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात पर देश ही नहीं, दुनिया की भी निगाहें थीं। एक तो इसलिए कि मोदी उन चुनिंदा शासनाध्यक्षों में से एक हैं, जिनसे डोनाल्ड ट्रंप ने प्रारंभिक दौर में ही मुलाकात करना बेहतर समझा और दूसरे इसलिए कि भारत अब एक बड़ी ताकत बन चुका है और वैश्विक मामलों में उसका रुख-रवैया एवं नीतियां मायने रखती है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल में सम्पन्न हुई अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं मील का पत्थर बनकर प्रस्तुत हुई है। यह निश्चित है कि मोदी के नेतृत्व में एक नई सभ्यता और एक नई संस्कृति गढ़ी जा रही है। व्हाइट हाउस में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बातचीत कई मायनों में सकारात्मक एवं परिणामकारी रही। उसमें किसी तरह की तल्खी नजर नहीं आई, बल्कि मोदी-ट्रंप की दोस्ती ही नये विश्वास एवं संकल्प के साथ उभर कर सामने आयी है। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। इस मुलाकात में यही नजर आया कि ट्रंप दोनों देशों के व्यापार संतुलन का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में करने को कटिबद्ध है। लेकिन मोदी ट्रंप की चतुराई को भी अपनी सादगी एवं सरलता से मात देते हुए भारत के हित में अनेक समझौते कर लिये हैं। यह तथ्य सर्वविदित है कि अमेरिका की नीतियां 'अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका' पर ही समाप्त हो जाती हैं। दूसरी बार सत्ता में आए ट्रंप ने जिस आक्रामक तरीके से कनाडा, मैक्सिको व चीन आदि पर टैरिफ लगाए हैं, वैसी आक्रामकता उन्होंने भारत के प्रति नहीं दिखायी। यह अमेरिका की भारत के प्रति एक विशेष दृष्टि मोदी के प्रभाव का ही परिणाम है।

ट्रंप ने मोदी को अपनी तुलना में बेहतर सख्त वाताकार बताया। दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दुगुना करने तथा लाभप्रद व्यापार समझौते के लिये बातचीत करने का संकल्प भी जताया। भविष्य में व्यापार समझौता अमेरिका के पक्ष में न झुके, इसके लिये प्रधानमंत्री मोदी ने कूटनीतिक कौशल का इस्तेमाल किया। भारत को नया बनने के लिए, स्वर्णिम बनाने के लिए, अनूठा बनाने के लिए और उसे विश्व की एक बड़ी ताकत के रूप में उभारने के लिये मोदी के प्रयास अनूठे भी हैं और विलक्षण भी हैं। यहां उल्लेखनीय है कि मोदी-ट्रंप मुलाकात में रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बातचीत सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एक दस वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिसमें प्रमुख हथियारों और प्लेटफार्मों के सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना का मार्ग प्रशस्त किया गया। वहीं दूसरी ओर यदि भारत को अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की प्रस्तावित आपूर्ति परवान चढ़ती है तो पड़ोसी देशों की बेचैनी और बढ़ जाएगी और भारत की ओर देखने की उनकी हिम्मत नहीं होगी। मोदीजी का जादू एक बार फिर सिर चढ़कर बोला है। मोदी की इस यात्रा के पीछे इरादा केवल भावनात्मक रिश्तों की बुनियाद को मजबूत करना नहीं रहा है, बल्कि भारत के हक में अमेरिकी नीतियों को प्रभावित करने के लिए उनका सहयोग पाने की मंशा भी रहा है, जो सफल हुआ। संभव है इससे भारत और अमेरिका दोनों ही देशों में विकास के नये रास्तें खुलेंगे।

इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा यह भी रही है कि 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी गई है। यह पाकिस्तान को चेतावनी भी है कि वह अपनी जमीन से आतंकवादियों को सीमापार आतंकी हमलों को अंजाम देने में मदद बंद करे। अब इस्लामाबाद पर मुंबई और पठानकोट के आतंक हमलों के साजिशकर्ताओं को सजा देने का दबाव भी बढ़ जाएगा। निस्संदेह, ट्रंप का 'टैरिफ आतंकवाद' निगलने वाली कड़वी गोली हो सकती है, लेकिन भारत की रक्षा तैयारियों में अमेरिका की बड़ी भूमिका एक आकर्षक प्रस्ताव होगा, जिससे भारत सैन्य मोर्चे पर सशक्त होकर उभरेगा। ट्रंप के साथ मुलाकात में भारत ने अवैध रूप से आए भारतीयों को वापस लेने की बात भी कही। पत्रकार वार्ता में मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर हमारे विचार एक जैसे हैं। यदि अमेरिका में अवैध भारतीय प्रवासियों की पुष्टि होती है तो हम उन्हें वापस लेने के लिये तैयार हैं। उन्होंने इसे मानव तस्करों की करतूत बताया।

मोदी की यह यात्रा दो बहुत अच्छे दोस्तों की बहुत ही नाजूक समझौतेवादी भूमिका को देखने का एक दिलचस्प एवं रोमांचक मौका बनी, प्रतिकूल लगते हालात को अनुकूल नतीजों की ओर मोड़ने का कौशल भी इस यात्रा में बेहतरीन अंदाज में नजर आया। दोनों नेता न केवल पहले से एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते रहे हैं बल्कि उनके बीच की व्यक्तिगत मित्रता एवं आत्मीयता भी चर्चित रही है। यह सुखद संयोग है कि दोनों नेता दुनिया के सबसे बड़े पुराने और सबसे विशाल लोकतंत्र के राष्ट्राध्यक्ष हैं। अमेरिका को पहले से ही दुनिया ग्लोबल लीडर मानती रही है। अब भारत नया और उभरता हुआ विश्वनेता बना है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की जोड़ी से दुनिया पर नये तरीके से आधिपत्य बदलता दिख रहा है। दोनों देशों के लगातार बेहतर होते रिश्तों की पृष्ठभूमि इस तथ्य को और महत्वपूर्ण बना रही थी। फिर भी यात्रा से पहले के घटनाक्रम ने इसकी कामयाबी पर भले ही संदेह की परतें चढ़ा रखी थी, लेकिन मोदी की कुशलता एवं कूटनीति से सभी वाताएं सौहार्दपूर्ण होकर सकारात्मक बनी। जिससे भारत एक बार फिर दुनिया के सामने सशक्त एवं ताकतवर बनकर ही प्रस्तुत हुआ है।

ट्रंप के कतिपय सख्ती से बने तनाव को मोदी ने हावी नहीं होने दिया। प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह से अपने अजेंडे पर केंद्रित रहे। उन्होंने न केवल ट्रंप की तारीफ की बल्कि राष्ट्रपति ट्रंप के प्रिय नारे 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (एमएजीए) की तर्ज पर अपना नारा पेश किया- 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (एमआईजीए), और यह भी कहा कि जब एमएजीए और एमआईजीए साथ आते हैं तो बन जाता है एमईजीए जो दोनों देशों की शानदार साझेदारी की कहानी कहता है। इस तरह दोनों देश ने दुनिया के बॉस होते हुए अपने वर्चस्वी होने को व्यक्त किया। अमेरिका तो इस भूमिका में रहा है, लेकिन अमेरिका भारत को भी इस भूमिका में मानता है तो निश्चित ही यह भारत की दुनिया में मजबूत होती स्थिति को ही बयां कर रहा है। अब दुनिया के हर विवादों को सुलझाने में भारत-अमेरिका की संयुक्त एवं भूमिका महत्वपूर्ण होने से भारत की ताकत को समझा जा सकता है। निश्चित रूप से दोनों देशों के बीच के कई समीकरण आने वाले दिनों में नया आकार लेंगे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने इस उम्मीद को ठोस आधार दे दिया है कि सहयोग के स्वरूप में जो भी बदलाव हो, रिश्ता बेहतर ही होता जाएगा। मोदी की इस अमेरिका यात्रा की अहमियत जाहिर है और इसे संभावनाभरा भी माना जा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद यह अमेरिका का उनका पहला सफर है। ट्रंप के साथ वाइट हाउस में मोदी की मुलाकात ने यही जताया कि दोनों नेताओं एवं देशों के संबंधों को और प्रगाढ़ करने की ललक दोनों तरफ है।

भारतीय प्रधानमंत्री की अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात पर देश ही नहीं, दुनिया की भी निगाहें थीं। एक तो इसलिए कि मोदी उन चुनिंदा शासनाध्यक्षों में से एक हैं, जिनसे डोनाल्ड ट्रंप ने प्रारंभिक दौर में ही मुलाकात करना बेहतर समझा और दूसरे इसलिए कि भारत अब एक बड़ी ताकत बन चुका है और वैश्विक मामलों में उसका रुख-रवैया एवं नीतियां मायने रखती है। इस मुलाकात को लेकर जिज्ञासा का एक कारण यह भी था कि बाइडन प्रशासन के समय अमेरिका और भारत के संबंधों में एक खिंचाव आ गया था। एक अर्से से यह महसूस किया जा रहा था कि बाइडन प्रशासन भारतीय हितों की वैसी चिंता नहीं कर रहा है, जैसी करनी चाहिए। मोदी और ट्रंप की मुलाकात ने यह तो रेखांकित किया कि दोनों देशों के संबंधों में गर्मजोशी लौट आई है, लेकिन अभी यह नहीं कहा जा सकता कि अमेरिका भारत की समस्त चिंताओं का समाधान करने जा रहा है, लेकिन इसे नकारा भी नहीं जा रहा है। ट्रंप ने बांग्लादेश के मामले में भारत के मन मुताबिक बात कहकर, सीमा पार यानी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से मिलकर लड़ने का वादा किया। कुल मिलाकर विकसित भारत के लक्ष्य में सहायक बनने वाले विभिन्न क्षेत्रों में अमेरिका से सहयोग की राह प्रशस्त होना भारत के लिये एक नये सूरज का उदय ही कहा जायेगा।

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)



## संपादकीय

### नाकामी का नतीजा

दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़. में अठारह लोगों की मौत हो गई जबकि अनेक घायल हुए हैं। प्रयागराज और मगध एक्सप्रेस के अतिरिक्त विशेष ट्रेनों से महाकुंभ जाने वालों की भीड़.स्टेशन पर बढ़ती जा रही थी। रेलवे प्रशासन अत्यधिक भीड़.बढ़ने की वजह से यह घटना घटी बता रहा है। चश्मदीदों और यात्रियों का कहना कि पैदल पुल पर बेतहाशा बढक्स्ली भीड़.के कारण भगदड़.हुई। रेलवे पर कुछ ट्रेनों के अचानक रद्द करने का आरोप है। हैरत की बात है, रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर कोई ऐसी व्यवस्था नहीं की गई जिससे भीड़.को बाहर ही रोका जा सके। लोगों ने ज्यादा टिकट बुक कराई तब भी रेल-प्रशासन नहीं चेता। कुचल कर मरने की ऐसी घटनाएं प्रशासनिक/व्यवस्थागत असफलता हैं। इनकी लगातार पुनरावृत्ति बताती है, हम अभी भी उन्नीसवीं सदी में जी रहे हैं। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दंभ भरने वालों को इस भीषण भगदड़.में मारे जाने वालों के प्रति तनिक क्षोभ नहीं होता। महाकुंभ में डुब्रकी लगाने वाले श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा अयोध्या और वाराणसी में भी प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन करने के दौरान भी हो रहा है। मगर वहां की अव्यवस्था को लेकर भी खबरें न के बराबर आ रही हैं। निःसंदेह इतनी भारी भीड़.को संभालने में मुट्ठी भर पुलिसकर्मी कभी सफल नहीं हो सकते। कुंभ के दरम्यान मची भगदड़.के बाद की तरह इस बार भी विपक्ष द्वारा सरकार पर मृतकों और घायलों की संख्या छिपाने का आरोप लगाया जा रहा है। अपनी नाकामी छिपाने तथा सच्चाई पर परदा ड़ालने की बजाय सरकार को इन मौतों से सबक लेने के प्रयास करने चाहिए। भीड़. को नियंत्रित करने और सटीक अंदाजा लगाने वालों को प्रथम पंक्ति में लाना होगा। अक्षम अधिकारियों पर सख्ती करनी होगी, उन्हें सिर्फ घुड़की देने की रवायत के बाद हाथ झाड़.कर नहीं बैठना चाहिए। इस तरह के किसी भी बड़े.आयोजन के लिए विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों को स्पष्ट दायित्व दिए जाने चाहिए। जनता की जान की कीमत कम कर आंकने की आदत पर सरकार को पश्चाताप करना चाहिए। श्रद्धालुओं को आमंत्रित करने और जबरदस्त प्रचार करने वालों को भारी संख्या में आने वालों को संभालने का तरीका भी खोजना होगा। अपनी पीठ खुद थपथपाने वालों को संवेदनशीलता से विचार करना ही होगा ताकि इस तरह की किसी भी दुर्घटना की पुनरावृत्ति से बचा जा सके। खासकर पर्व आयोजन जैसे अवसरों पर पूरी तैयारी जरूरी है।

## चिंतन-मनन

### प्रभु भक्ति में बीते समय

यह भौतिक जगत प्रकृति के गुणों के चमत्कार के अन्तर्गत कार्य कर रहा है। मनुष्य को चाहिए कि वह अपनी चेतना कृष्ण कार्य में लगाए। कृष्णकार्य भक्तियोग के नाम से विख्यात हैं। इसमें न केवल कृष्ण अपितु उनके विभिन्न पूर्णांश भी सम्मिलित हैं- यथा राम तथा नारायण। कृष्ण के असंख्य अंश हैं, जो उनके किसी भी रूप या पूर्णांश की सेवा में प्रवृत्त होता है, उसे दिव्य पद पर स्थित समझना चाहिए। कृष्ण के सारे रूप पूर्णतया दिव्य और सच्चिदानन्द स्वरूप हैं। ईश्वर के ऐसे रूप सर्वशक्तिमान तथा सर्वज्ञ होते हैं और उनमें समस्त दिव्यगुण पाये जाते हैं। अतः यदि कोई कृष्ण या उनके पूणाशों की सेवा में दृढ़संकल्प के साथ प्रवृत्त हो तो (यद्यपि प्रकृति के गुण जीत पाना कठिन है) वह उन्हें सरलता से जीत सकता है।

कृष्ण की शरण ग्रहण करने पर प्रकृति के गुणों का प्रभाव लांघा जा सकता है। कृष्णभावनामृत या कृष्ण-भक्ति में होने का अर्थ है, कृष्ण के साथ समानता प्राप्त करना। भगवान कहते हैं कि उनकी प्रकृति सच्चिदानन्द स्वरूप है और सारे जीव परम के अंश हैं। जीव अपनी आध्यात्मिक स्थिति में स्वर्ण के समान या कृष्ण के समान गुण वाला होता है। किन्तु व्यष्टित्व का अन्तर बना रहता है अन्यथा भक्तियोग का प्रश्न ही नहीं उठता।

भक्तियोग का अर्थ है कि भगवान और भक्त के बीच प्रेम का आदान-प्रदान चलता रहता है। अतएव भगवान में और भक्त में दो व्यक्तियों का व्यष्टित्व वर्तमान रहता है, अन्यथा भक्तियोग का कोई अर्थ नहीं है। यदि कोई भगवान जैसे दिव्य स्तर पर स्थित नहीं है, तो वह भगवान की सेवा नहीं कर सकता है। उदाहरणार्थ, राजा का निजी सहायक बनने के लिए कुछ योग्यताएं आवश्यक हैं। इस तरह भगवत्सेवा के लिए योग्यता है कि ब्रह्म बन भौतिक कल्मष से मुक्त हुआ जाय। कहा गया है ब्रह्मैव सन्ब्रह्माप्येति। अर्थात मनुष्य को ब्रह्म से एकाकार हो जाना चाहिए। लेकिन ब्रह्मत्व पाने पर मनुष्य व्यष्टि आत्मा के रूप में अपने शात ब्रह्म-स्वरूप को खोता नहीं है।

## फिल्म संगीत से गायब होती मधुरता


भारतीय फिल्में सारी दुनिया में उत्साह और उमंग के साथ देखी जाती हैं। एक दौर ऐसा भी था जब फिल्मों से ज्यादा उनका संगीत पसंद किया जाता था। भारतीय फिल्मों की पहचान ही उनका कर्णप्रिय और सुमधुर संगीत हुआ करता था लेकिन समय के साथ अब यह पहचान धूमिल होती जा रही है। फिल्मी संगीत अब अपनी मधुरता खोता जा रहा है। कहा जाता है कि जीवन का प्रत्येक क्षण संगीत से जुड़ा होता है। हमारी सांसे भी संगीत की ताल और लय के अनुसार चलती हैं। मधुर संगीत मनुष्य को तनावमुक्त करता है। शास्त्रीय संगीत के हर राग का अपना विशेष महत्व है। अब तो यहां तक कहा जाने लगा है कि मनुष्य के रोगोपचार में भी शास्त्रीय संगीत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे समय में जब विज्ञान एवं चिकित्सा जगत शास्त्रीय संगीत की महत्ता को स्वीकार कर रहे हैं, तब फिल्मों से गायब होता शास्त्रीय संगीत सबको चौंका देता है। आधुनिक समय में क्षणिक आनंद के लिए फिल्मों में हुल्लड़बाजी और शोर-शराबे से भरे गीत डाल दिए जाते हैं जो कुछ ही समय बाद गुमनामी की गर्त में समा जाते हैं। इसके विपरीत शास्त्रीय संगीत पर आधारित गीत लोग वर्षों बाद भी याद रखते हैं। वैसे गीत-संगीत भारतीय फिल्मों की आत्मा है और यहां वही गीत अमर हो पाते हैं जो शास्त्रीय संगीत पर आधारित होते हैं। भारत की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' में कुल ग्यारह गीत थे, जो इस बात के प्रमाण हैं फिल्मों में आरंभ से ही गीत-संगीत को आवश्यक तत्व माना जाता रहा है। इस फिल्म के सभी गीत शास्त्रीय रागों पर आधारित थे। आरंभिक दौर की फिल्मों में अधिकांश गीत शास्त्रीय रागों पर ही आधारित हुआ करते थे। उसी समय बनी एक फिल्म इन्द्रसभा में तो 71 गाने थे। राग आधारित गीत चाहे वे सुख के हों या दुःख के, मिलन के गीत हों या विरह के या फिर नृत्य गीत ही क्यों न हों सभी को सुनने का एक अलौकिक आनंद होता था। इस तरह के सैकड़ों गीत वर्षों बीत जाने के बाद आज भी लोगों की जुबान पर हैं। सुप्रसिद्ध फिल्म 'बैजूबावरा' का गीत-मोहे भूल गये सांवरिया, तू गंगा की मौज में जमना का धारा, 'संत ज्ञानेश्वर' फिल्म का गीत 'जोत से जोत जलाते चलो'या फिर मनोज कुमार की सुपरहिट फिल्म ''उपकार₹ का गीत 'मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे-मोती' क्या कोई कभी भी भुला सकता है? ये सभी गीत राग भैरवी पर आधारित हैं। झूमती चली हवा (फिल्म-तानसेन, राग सोहनी) मधुबन में राधिका नाचेगी (फिल्म-कोहिनूर, राह हमीर) नैनों में बदरा छाए (मेरा साया, राग हमीर) के अलावा राग हमीर के ही गीत ऐ री मैं तो प्रेम दीवानी, मेघा छाए आधी रात गीत आज भी अविस्मरणीय हैं। राग मियां मल्हार के गीत बोले रे पपीहरा (गुड्डी), राग वागेश्वरी के राधा न बोले (आजाद) बसंत बहार के जा जा रे बालमा, राग कल्याण का मन रे तू काहे न धीरे धरे (चित्रलेखा), यमन कल्याण के मितवा (परिचय), तुम गगन के चंद्रमा में धरा की धूल हूं (सावित्री), लगता नहीं है मेरा दिल (लाल पत्थर), अहिर भैरव का पूछो न कैसे मैंने रैन बिताई, राग तिलंग का पिया तोसे नैना लागे (गाइड), राग जयजयवंती का मनमोहना बड़े झूठे, राग देशकार का ज्योति कलश छलके, राग केदार का दरशन दो घनश्याम, पल दो पल का साथ हमारा (द बर्निंग ट्रेन), राग तोड़ी का रैना बीती जाए (अमर प्रेम), राग शिवरंजनी का जरा सामने तो आओ छलिये जैसे गीत आज वर्षों बीत जाने के बाद भी लोकप्रिय बने हुए हैं। आज के इस दौर में जहां केवल तेज संगीत को ही सफलता का सूत्र माना जाता है, वहां आजकल के संगीतकार भूल जाते हैं कि तेज संगीत में भी यदि कलात्मकता हो तो उसे सर्वकालीन और सर्वप्रिय बनने से कोई नहीं रोक सकता। फूहड़ और शोर-शराबे से भरपूर गीतों को क्षणिक लोकप्रियता भले ही मिल जाए लेकिन सदाबहार गीत वही हुआ करते हैं जो सरल, मधुर और कर्णप्रिय होते हैं। क्या आज के दौर के संगीतकार शंकर-जयकिशन, कल्याणजी आनंदजी, लक्ष्मीकांत प्यारेलाल, फिरोज शाह, पंकज मलिक, गुलाम हैदर, खेमचंद, नौशाद, सचिन देव बर्मन, सी. रामचंद्र, रोशन, सलिल चौधरी, ओ.पी. नैय्यर, चित्रगुप्त या फिर आर.डी. बर्मन जैसे संगीत निर्देशकों की तरह सुरीले गीत दे पाएंगे? रीमिक्स को सफलता का पैमाने मानने वाले शायद यह भूल जाते हैं कि आजकल के गाने पानी में उठे उस बुलबुले के समान हैं जो क्षण भर का मेहमान होता है जबकि पुराने संगीतकारों के शास्त्रीय संगीत युक्त गीत गगन में चमकते उस सूरज के समान हैं, जिसकी आभा कभी मद्धिम नहीं होती। इस दौर में भी प्रतिभाशाली संगीतकारों की कमी नहीं है। अब अच्छे संगीतकारों की प्रतिभा भी अपना करिश्मा नहीं दिखा पा रही है। संगीत किसी भी राष्ट्र की सभ्यता संस्कृति व संस्कारों का दर्पण होता है। हमारे देश में संगीत को इतना सम्मान दिया जाता है कि देवी सरस्वती (जिन्हें संगीत की देवी भी कहते हैं) घर-घर में पूजी जाती हैं। आज भी सारी दुनिया में लता मंगेशकर और जगजीत सिंह के गीत बड़े ध्यान से सुने जाते हैं। भारतीय संगीत से सारे विश्व को गुंजायमान करने के लिए फिल्मकारों को आगे आना होगा और एक बार फिर से शास्त्रीय संगीत पर आधारित सुरीले गीतों की रचना करनी होगी तभी वे 'ज्योति कलश छलके' जैसी कालजयी रचनाओं का निर्माण कर सकेंगे।

**-अंजनी सक्सेना**

## जीवन की श्रेष्ठता में देवत्व की तलाश



डॉ मयंक मुरारी



भारतीय चिंतन में मनुष्य की प्रतिष्ठा देवता से ऊपर है। मनुष्य अपने कर्म, ज्ञान, विचार और धर्म से देवत्व को प्राप्त कर मुक्ति का आरोहण कर सकता है। यह सौभाग्य देवता को भी प्राप्त नहीं है। इस भाव के कारण ही हरेक स्थल, तट, किनारा, संगम और शिखर पर जीवन और जगत को जोड़नेवाली आध्यात्मिक चेतना का अलख जगाया। हमने अपने श्रेष्ठतम ज्ञान से अपने ह्वदेवताह्व को पहचाना है, उसे देखा है और उसका विस्तार किया है। भारतीय इतिहास और पुराणों की परंपरा में ही नहीं, बल्कि ऋग्वेद की प्राचीनतम दस्तावेज में भी ऋषि देव है, ज्ञान देव है और प्रश्न उठना भी देवत्व की श्रेणी में आता है।

यही कारण है कि जहां सृजन, शक्ति और साधना का केंद्र मिला, उसे देवस्थान बना दिया। हिमालय देवभूमि है, वहां कैलाश पर शिव अखंड समाधि में अवस्थित है, तो बदरी विशाल में श्रीकृष्ण तपरत रहे। गंधमाधन पर्वत की चोटी पर नर-नारायण साधनरत है। धरती के हरेक स्थान को देवत्व से जोड़ने के लिए शिव-शक्ति से स्थलों को जोड़ दिया गया। विष्णु को विराट पुरुष के रूप में परिकल्पना कर समूचा भारतवर्ष को उनका ही प्रतिबिंब बना दिया गया। अंगुत्तर निकाय नामक ग्रंथ में महात्मा बुद्ध ज्ञान प्राप्त करने के पूर्व उन्हें स्वप्न में इसका पूवार्भास हो गया था। सपने में बुद्ध भारत देश पर लेटे हुए हैं, मानो वह कोई बड़ा बिस्तर हो। उनका सर हिमालय पर टिका है। बांया हाथ पूर्वी समुद्र महोदधि में तथा दाहिना हाथ पश्चिमी समुद्र रत्नाकर में तथा दोनों पैर हिंदमहासागर में दिखाया गया है। यह भारत के भूगोल का चित्रण है। यही नहीं हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को शक्तिपीठ के रूप में मान्यता दी गयी है। यह सब हमारी अमरता का केंद्रबिंदू होता गया।

इतना ही नहीं, हमने नक्षत्र, ऋतु, मास और दिवस को भी देवत्व एवं सुजनधर्म से जोड़ा है। चैत मास में इस सृष्टि की रचना हुई। यह भगवान नारायण का मास है। वैशाख और फाल्गुन मास राधा मास है, तो मार्गशीर्ष या अग्रहन मास श्रीकृष्ण को प्रिय है। वैशाख को माधव मास कहा जाता है। सावन शैव की अर्चना का मास है तो माता पार्वती को भादो अतीव प्रिय है। कार्तिक और चैत माह तो उत्सव का ही मास है। मार्गशीर्ष साधना का तो आषाढ़ माह गुरुपर्व का है। इस प्रकार एकादशी का दिन विष्णु को प्रिय है, तो त्रयोदशी का दिन शिव का प्रिय दिवस है। अमावस व्रत का, मौन का और साधना का अवसर है, तो पूर्णिमा का दिन उत्सव का, विष्णु स्मरण का और आनंद का समय होता है। सप्ताह का हरेक दिन किसी देव या देवी से जुड़ा है।

हमारे हृदयों, विचारों, ऋचाओं और मंत्रों में जितने में वेदरूपों का वर्णन आता है, उनका निवास इसी लोक में है। हमारी प्रकृति ही देवों का निवासस्थल है। देवताओं का लोक प्रकृति के अवयवों से जुड़ा है। जो प्रकाश बाहर है, वहीं हमारे अंदर भी है। जो प्राण बाहर प्रवाहित है, वही हमारे भीतर है। जो रस शून्य गगन में प्रवाहित है। वहीं रस हमारे हर भी झरता है। हम निराकर को आकार देकर शिवलिंग और शालीग्राम बना देते हैं। पत्थर का एक टुकड़ा मंदिर में रखा जाता है तो शिवत्व (महादेव), तो वही पत्थर का टुकड़ा तुलसी चैरा में शालिग्राम (भगवान विष्णु) बन जाता है। इन पदार्थो को आकार देकर देवत्व से जोड़ देते है और उनमें प्राणों की प्रतिष्ठाकर विराट बना देते हैं। प्रकृति हरेक अनाम पत्थर पर पहाड़ के शिखर से सदैव जलाभिषेक करती है। मनुष्य का शिवलिंग पर जलार्पण उसका ही विस्तारित स्वरूप है। पहाड़ की चोटी पर जब बर्फ पिघलता है, तो पहला अर्पण इन पत्थरों पर ही होता है। प्रकृति जलाभिषेक ही नहीं करती है, बल्कि साथ में संगीत के अक्षय कोष का मुंख खोल देती है। पंक्षियों के हल्के कलरव की प्रार्थना, दिशाओं से वनस्पतियों के सामूहिक गान के स्वर और पेड़ के तनों से अंजुलि भर धूप के अर्पण के साथ हवाओं की प्राकृतिक सुगंध मानवजाति को अहर्निश ही अस्तित्व की साधना में तल्लीन रहने का आमंत्रण देती है।

हिमालय के गहवरों में खड़े देवदार को देखकर शिव और शक्ति को पुत्र की कामना उठी। इसी कारण वृक्ष का देवत्व स्वरूप बना। बेल और बरगद में भगवान शिव, आंवला, तुलसी ओर केला में विष्णु और लक्ष्मी का निवास हो गया।। यहां तक की दुर्बा में भगवान गणेश का वास बताया गया। हमारे मन में वृक्ष, लताओं, पुष्पों, जलों और वायु का भी बड़ा स्थान है। यह प्राणी का प्रकृति के प्रति एक आदर भाव बनाते हैं। ऐसे ही उदात भावों के कारण यह भावना बनी कि पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र है। यदि जन का यह भाव और आगे बढ़ता जाए तो उसकी चेतना के प्राणवायु में देवत्व का संचार होता जायेगा और व्यक्ति पृथ्वी से आकाश में छा जायेगा। जहां भी दिव्यता दिखी, वहां देवत्व को प्रतिस्थापित कर दिया। पृथ्वी पर पैर पड़े, इसके पूर्व उनकी आराधना जरूरी है। हम माता धरती से इसके लिए क्षमा प्रार्थना करते हैं। इसी प्रकार हमारे संबंधों की अटूटता प्रदान करने के लिए नदी देवता, ग्राम देवता, अरण्य देवी, लोक देवता का उदभव होता गया।

प्रकृति के प्रति समादर के भाव ऐसे की आधी रात में नदी में पैर नहीं रखा जाता क्योंकि नदी सोई होती है। विराट को अपने में भरने का ही ढंग है कि रात में पेड़ से फूल और फल कौन कहे, पी भी नहीं तोड़ते है कि पेड़ सोया है। विख्यात लेखक स्वेट मार्डन ने लिखा है कि भारत में गाय और जानवरों को गले में घंटियां या घुंघरू को बाधा जाता है, जिसके पीछे एक मनोवैज्ञानिक कारण होता है। इन घंटियों एवं घुंघरूओं की आवाज संगीत की तरह गूंजती है। पशुओं को यह आवाज मनमोहक लगता है। इससे उनको संतुष्टि और प्रसन्नता मिलती है। इसके प्रभाव में गायों से अधिक दूध निकलता है। घोड़े और बैल अधिक काम करते हैं। भारतीय जीवन सदैव ही प्राकृतिक सौंदर्य और साझा मानवीय अनुभवों के बीच समन्वय खोजता है, उसके उदात्त भावों को प्रकट करता है।

# रमेश प्रसाद यादव बीएड कॉलेज में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दिनांक 17 फरवरी 2025 को महाविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास समिति एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वाशन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वधान में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में सत्रः 2024-26 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस मौके पर रिसोर्स पर्सन के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य व सहायक प्राध्यापकों द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने प्रशिक्षुओं को सेमिनार और आर्टिकल पेपर तैयार करने व उसके महत्व को बताया। वहीं सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय ने प्रशिक्षुओं को सेमिनार पेपर या आर्टिकल को लिखने का तरीके को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने बताया कि, आर्टिकल लेखन की शुरुआत सरल और आसान भाषा से होनी चाहिए। आर्टिकल के अंदर कही जाने वाली बातों का उल्लेख करना चाहिए। सीधे-सीधे बातों को




पेश न करके उसे रोचक वाले शब्दों से शुरू करना चाहिए। जबकि सेमिनार पेपर में कवर पेज, विषय-सूची, तालिकाओं की सूची, आंकड़े, संक्षिप्ताक्षर, मुख्य पाठ, संदर्भों की सूची, और परिशिष्ट शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार, मो. सेराज, रविभूषण सिंह, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, खोमा रानी महतो, जयंती कुमारी व शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, सुजीत कुमार, शाहिद खान, गौरव कुमार, सेंटु कुमार, कुंदन कुमार, चंदन कुमार सहित प्रशिक्षुगण मौजूद रहे।

# जमीन की रजिस्ट्री के लिए कहा तो दे दी जान से मारने की धमकी

**रामगढ़।** शहर के आलू-प्याज व्यवसायी प्रदीप गुप्ता से होटल न्यू राजस्थान कलेवालय के मालिक मनोज शर्मा और उसकी पत्नी मधु शर्मा ने 22 लाख रुपए ठग लिए हैं। यह आरोप लगाते हुए प्रदीप गुप्ता ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी 52/25 दर्ज कराई है। प्रदीप गुप्ता ने कहा है कि यह रकम जमीन रजिस्ट्री करने के एवज में ठगी गई है। जब जमीन की रजिस्ट्री के लिए वह मनोज शर्मा और मधु शर्मा के पास पहुंचे, तो उन्हें जान से मारने की धमकी दे दी गई। पहली बार जब उन्हें धमकी मिली थी, तो वे मामले को थाने तक घसीटना नहीं चाहते थे। लेकिन उन्हें जब दोबारा धमकी मिली तो उनके अंदर डर समा गया है।

## टूट गया दोस्ती में किया गया भरोसा, रजिस्ट्री से किया इनकार

प्रदीप शर्मा ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज करा कर यह भी स्पष्ट किया है कि दोस्ती में किया गया भरोसा ज्यादा दिन तक नहीं चलता है। उन्होंने पूरी कहानी पुलिस के समक्ष रखी है। उन्होंने बताया कि मनोज शर्मा और उसके बड़े भाई गोपाल शर्मा से उसके घनिष्ठ और पारिवारिक संबंध थे। इसी वजह से वह अक्सर गोपाल शर्मा को आर्थिक सहयोग भी करता था। पारिवारिक बंटवारे के बाद न्यू राजस्थान कालेवालय होटल खोलने, नेहरू रोड में राजस्थान रसोई नमक भोजनालय खोलने और यहां तक की गोला प्रखंड में होटल खोलने के लिए उन्होंने आर्थिक सहयोग किया। लेकिन जब रजिस्ट्री की बात आई तो मनोज शर्मा और उसकी पत्नी पूरी तरीके से मुकर गए।

## 80 डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री का हुआ था सौदा

मनोज शर्मा ने अपनी पत्नी मधु शर्मा के नाम पर छत्तरमांडू मौज में स्थित साढे 80 डिसमिल जमीन की बिक्री करने का प्रस्ताव रखा प्रदीप गुप्ता के समक्ष रखा। 24 लाख 15000 रुपए में तय हुए सौदे को दोस्ती के कारण उन्होंने इकरारनामा में नहीं बदला। बाद में गोपाल शर्मा के कहने पर ही मनोज शर्मा ने बाकायदा एग्रीमेंट तैयार कर उनसे रुपए लिए। 15 अक्टूबर 2022 से लेकर 17 दिसंबर 2023 तक किस्तों में 22 लाख रुपए मनोज शर्मा ने लिए। हर बार रुपए लेने के बाद वह एग्रीमेंट पेपर घर ले जाता और उसपर अपनी पत्नी मधु शर्मा का हस्ताक्षर करवा कर उन्हें दे जाता था। दोस्ती और पारिवारिक संबंध के कारण उन्होंने कभी भी हस्ताक्षर पर संदेह नहीं किया।

## गोपाल शर्मा के निधन के बाद बदल गया माहौल

प्रदीप गुप्ता ने पुलिस को बताया कि 20 दिसंबर 2023 को उनके मित्र गोपाल शर्मा का निधन हो गया। इसके 6 महीने पश्चात जून 2024 में वे बकाया रकम लेकर जमीन की रजिस्ट्री करने की बात करने लगे तो पूरा माहौल ही बदल गया। मनोज शर्मा ने 15 जनवरी 2025 को अपराधियों के साथ मिलकर प्रदीप गुप्ता को घेरा और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान उन लोगों ने उनसे 50000 भी छीन लिए। दूसरी घटना 15 फरवरी की रात घटी और उस दौरान भी उन्हें धमकी दी गई।

# कोडरमा पुलिस ने अवैध रूप से तस्करी करने वाले तीन अभियुक्त के साथ 14 भैंसे का बच्चा को किया जप्त

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

कोडरमा पुलिस अधीक्षक, को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप में अवैध रूप से मवेशियों को बिहार की ओर से कोडरमा होते हुए परिवहन कर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन हेतु पुलिस अधीक्षक , कोडरमा के द्वारा टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कोडरमा थाना गेट के पास वाहन चेकिंग की जाने लगी। वाहन जाँच के क्रम में एक पिकअप वाहन संख्या-क्क्र01त्नक्क2770 को रोककर जाँच किया जाने लगा तो उक्त वाहन में कुल 14 भैंस के बच्चे (पाड़ा) बरामद किए गए। साथ ही पशुओं की अवैध तस्करी को लेकर कुल तीन (03) अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में कोडरमा थाना कांड संख्या 24/25 दिनांक 17.02.2025, धारा- 317 (2) बी0एन0एस0 एवं 11 (1) (स्र) (द्र) दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त ज़् पिन्टु कुमार, उम्र 19 वर्ष, पिता कौशलेन्द्र



प्रसाद, सा0- पकरीबिगहा, थाना- कराय पेसराय, जिला-नालंदा (बिहार)

ज़् सोनु प्रसाद, उम्र 22 वर्ष, पिता इन्द्र प्रसाद, सा0 पकरीबिगहा, थाना कराय पेसराय, जिला-नालंदा (बिहार) ज़् रंजीत कुमार, उम्र 21 वर्ष, पिता रामचन्द्र यादव, सा0- परवलपुर, थाना- हिलसा जिला- नालंदा बिहार। बरामद/जप्ती ड्ढ्रएक बोलेरो पिकअप वाहन संख्या क्क्र01त्नक्क 2770 पाबाखंड, कुल- 14 भैसा का बच्चा। छापामारी दल पु0नि0-सह-प्रभारी अरिवंद कुमार, कोडरमा थाना, स0 उ0नि0 लालसाहय उराँव, कोडरमा थाना, सशस्त्र बल, कोडरमा थाना

# मकतब मस्जिद-ए-उमर में जलसा सालाना तालीमी मुजाहिरा व इनामी प्रोग्राम का आयोजन

**बालूमाथ** ।बालूमाथ शहर स्थित ग़ालिब कॉलोनी के मकतब मस्जिद-ए-उमर में जलसा सालाना तालीमी मुजाहिरा व इनामी प्रोग्राम का आयोजन किया गया ।मगरिब की नमाज के बाद आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत तिलावत-ए-कुरान-पाक से की गई. तालीमी मुजाहिरा में मकतब के बच्चों ने कुरान, हदीस, तकरीर, इस्लामिक क्विज, नात-ए-रसूल, मुक़ालमा के माध्यम से बेहतरीन प्रस्तुति दी. प्रदर्शन के आधार पर बच्चों एवं बच्चियों को इनाम से भी नवाजा गया. विशिष्ठ अतिथि के रूप में जलसे को संबोधित करते हुए जमीयत उलेमा लातेहार के नाजिम मौलाना अब्दुल वाजिद चतुर्वेदी ने कहा कि कुरान पाक की पहली सूरत में ही अल्लाह ने अल्लाह के लिए पढ़ने का हुक्म फरमाया है ।पढ़ाई ऐसी दौलत जिसे कोई छीन नहीं सकता. वर्तमान दौर में भी पढ़ाई के बदौलत पूरी दुनिया का कार्य संभव है. उन्होंने कहा कि मक़तब के बच्चे जिस मकसद से मकतब कायम किया गया था उसपर सौ फीसद खरे साबित हुए हैं. जलसे को सरपरस्त मौलाना जियाउल्लाह, मौलाना माज व अन्य वक्ताओं ने संबोधित करते हुए बच्चों की हौसला अफजाई की. लोहरदगा के नातखां शायर कारी नेसार दानिश ने नात ए रसूल के माध्यम से माहौल को खुशनुमा बना दिया. उनके द्वारा प्रस्तुत अलग अलग नात ने खूब



वाहवाही बटोरी. जलसे की सदारत हाजी मुजाहिद आलम ने की जबकि बेहतरीन संचालन गुमला के मौलाना नेशात अख्तर ने की. मौलाना माज के द्वारा सामुदायिक दुआ कराई गई. जिसमें पुरी दुनिया में अमन और शांति के साथ देश की तरक्की की दुआ मांगी गई. मौके पर मौलाना तौफीक़, तौकीर अफ़न्दी, मौलाना वसीम नदवी, हाफिज अबू तलहा, हाफिज अंजर , हाफिज आदिल, कमरुल आरफी, गुलाम तय्यब, मो0 मजहर, अरशद शाहनवाज, मो0 शाहनवाज, फखरु सालेहीन, अहमद, मो एहसान, मो शफीक, मो शकील समेत मकतब के बच्चे मायरा अली, तलबिया, इफत अख्तर, नौशीन, हसनैन अली, अहसन समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# पीएचडी विभाग के जेई ने किया ब्लू पानी का निरीक्षण



**बालूमाथ** । बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक परिसर में करोड़ों रुपए की लागत से बने जलमीनर वर्षों से बेकार पड़ा हुआ है ।जिससे लोगों को साफ पानी नहीं मिल पा रहा है । कुछ वर्ष पूर्व तक बालूमाथ के रामघाट नदी से पानी लाकर जल मीनार में पानी चढ़ाया जाता था और वहां से घरों में पानी की सप्लाई की जाती थी ।लेकिन रामघाट नदी का जलस्तर गर्मी के दिनों में सूख जाने के कारण पानी की सप्लाई बाधित हो जाती है ।वही पीएचडी विभाग जेई मंगल मिंज, बालूमाथ मुखिया नरेश लोहार ने बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र से सटे ब्लू पानी का निरीक्षण किया और वहां से वाटर सप्लाई करने की बात कही ।जेई मंगल मिंज ने बताया कि ब्लू डैम का पानी गर्मी के दिनों में भी नहीं सूखता है जिस कारण अब यहां से वाटर सप्लाई करने की योजना बनाई जा रही है। लोगों को जल्द ही पानी सप्लाई मिलने लगेगा।

# चैनपुर प्रखंड के कंकारी पंचायत में 21 फरवरी से 5 मार्च तक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के कंकारी पंचायत में क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में 21 फरवरी से 5 मार्च तक नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए क्रिकेट टूर्नामेंट के अध्यक्ष शिवकुमार चौधरी और मुख्य संरक्षक पूर्व जिला परिषद शैलेंद्र कुमार शैलू ने बताया कि चैनपुर प्रखंड के कंकारी पंचायत में डिस्ट्रिक्ट लेवल पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराया जा रहा है। इसमें एंट्री लेने वाले खिलाड़ियों को 4100 रुपए देकर एंट्री लेना अनिवार्य होगा ।विजेता को 31 हजार रुपए और उप विजेता को 21हजार रुपए और इनाम में सील्ड दिए जाएंगे।वही मौके पर उपस्थित शैलेंद्र कुमार शैलू ने कहा की कंकारी पंचायत के सभी बुद्धिजीवी ग्रामीण जनता इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। यहां के सभी हिंदू मुस्लिम भाई एक साथ में मिलकर त्यौहार के रूप में इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए हैं।वही क्रिकेट टूर्नामेंट के अध्यक्ष शिवकुमार चौधरी ने सभी क्रिकेट प्रेमियों से आग्रह किया है कि इस क्रिकेट टूर्नामेंट कार्यक्रम में भारी से भारी संख्या में लोग यहां आकर क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का लाभ उठाएं।मौके पर सचिव सरवन प्रसाद गुप्ता, संरक्षक अरुण पांडे,महेंद्र राम,अख्तर,बच्चन सिंह,छोटू कश्यप, कलाम,सीताराम उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग के लिए उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा 17 विशेषज्ञ चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

कोडरमा समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की ओर से नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा 17 विशेषज्ञ चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। जिसमें से 1 यूरोलॉजिस्ट से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक, 1 जनरल सर्जरी से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक, 2 ऑर्थोपेडिक सर्जन से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक, 1 शिशु रोग से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक, 3 स्त्री रोग से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक और 9 चिकित्सक शामिल हैं। आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के संकल्प के आधार पर चिकित्सकों की नियुक्ति की गयी है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी चिकित्सकों को बधाई दीं और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ऋ्रतुराज, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ रंजीत कुमार, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार, डीपीएम महेश कुमार, डीपीसी आयुष्मान भारत सुमित कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

कोडरमा उपयुक्त मेघा भारद्वाज ने नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ पूरे जिले का भ्रमण करेगा। मौके पर डीसी ने रथ रवाना करते हुए कहा कि यह रथ हर गांव मोहल्ले में जाकर नशा मुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करेगा।




उन्होंने कहा कि नशा करने से अपने स्वास्थ्य के साथ अपना परिवार भी बर्बाद होता है। साथ ही परिवार में हमेशा कलह बना रहता है। उन्होंने कहा कि जिले के हर क्षेत्र, हर गांव और हर गली में इस नशा मुक्त रथ से लोगों को जागरूक किया जाएगा। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर आदि उपस्थित थे।

## जमुआ में सक्षम लोगों को दे दिया अबुआ व पीएम आवास

# मनरेगा योजनाओं में भी पकड़ी गई गड़बड़ियां

**गिरिडीह, एजेंसी।** जमुआ प्रखंड की पोबी पंचायत में मनरेगा व अबुआ आवास योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां उजागर हुई हैं। कई सक्षम लोगों को अबुआ व पीएम आवास का लाभ दिया गया है। प्रखंड प्रमुख के प्रतिनिधि संजीत यादव के नेतृत्व में उप प्रमुख रब्बुल हसन रब्बानी व बीस सूत्री अध्यक्ष जुनैद आलम ने पंचायत की विभिन्न योजनाओं का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया, तो कई चौंकाने वाले तथ्य उजागर हुए। गड़बड़ियां को देख प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव मनरेगा कर्मियों पर बिफर पड़े। उन्होंने कहा कि मनरेगा में लूट अब नहीं चलने दी जाएगी। कहा कि अबुआ आवास और पीएम आवास सक्षक लोगें को भी स्वीकृत किया गया है। मनरेगा योजनाओं की जांच में भारी गड़बड़ियां मिली हैं। कहीं मज़दूर नहीं, तो कहीं दूसरे प्रखंड का मज़दूर मिला, कहीं गड्ढे को डोभा का आकार दे दिया गया।



कहीं काम से ज्यादा भुगतान करा दिया गया। बिना एई के स्थल सत्यापन के ही राशि का भुगतान कर दिया गया है। खंड प्रमुख के प्रतिनिधि संजीत यादव ने योजनाओं की सघन जांच कराने व दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग की है।स्थल जांच के क्रम में तुलो अंसारी की जमीन पर बन रहे डोभा को रोजगार सेवक, जेई व एई ने पूर्ण बता दिया, जबकि डोभा की गहराई मात्र 3 फीट पाई गई। इस योजना में 3 लाख 40 हजार रुपए का भुगतान भी कर दिया गया है। वहीं, कमलेश कुमार के नाम डोभा निर्माण योजना में मनरेगा संबंधित कर्मी ने योजना को पूर्ण बताया परंतु स्थल सत्यापन पर पहले बने गड्ढे को ही डोभा का आकार दिया गया है। सिर्फ घास हटाकर और सीढ़ी बनाकर इसे डोभा का आकार दिया गया है। इसी प्रकार शीला देवी की जमीन पर बने डोभा में भी गड़बड़ी मिली।

# मिशन होस्पिटल में आयोजित दो दिवसीय निशुल्क जननी स्वास्थ्य मेला का प्रथम दिवस हुआ संपन्न

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**हजारीबाग** - हज़ारीबाग़ मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में आयोजित महिलाओं के विशेष निशुल्क %जननी स्वास्थ्य मेला% का प्रथम दिवस दिन सोमवार को संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद सहित कई गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शिविर का शुभारंभ किया। इससे पूर्व मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत व अभिनंदन कर अतिथि वंदन किया। शिविर में महिलाओं को निशुल्क चिकित्सा परामर्श, मुफ्त दवा, बी.पी जांच, अल्ट्रासाउंड, कैंसर स्क्रीनिंग, नेत्र जांच, एक समय का भोजन, दंत जांच एवं शुगर व हीमोग्लोबिन का जांच एवं इलाज मुफ्त किया गया। जिसमें 873 महिलाएं सहित कई पुरूषों ने प्रथम दिवस का शिविर का लाभ उठाया। मुफ्त उपचार करवाकर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ प्राप्त किया।



शिविर में चिकित्सक डॉ जे के आर्य, डॉ एएन सिंह, डॉ पूजा बैरवा, डॉ फोरम कटारा, डॉ रणजीत, डॉ रिंकू यादव, डॉ मिताली सोरेन, डॉ प्रिंस कुमार एवं डॉ मधु झा सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

मौके पर मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शिविर उपस्थित महिलाओं को संबोधित कर कहा कि महिलाओं के लिए विशेष निशुल्क शिविर का आयोजन मिशन होस्पिटल का काफी अनूठी एवं सकारात्मक पहल है। किसी भी परिवार का महिला रीढ़ होती है। घर का व्यस्तम कार्यों को लेकर चाह कर भी इलाज करवाने में असमर्थ होना पडता है। जिससे आर्थिक खर्च एवं कार्य की व्यस्ता के कारण गंभीर बिमारियों का शिकार हो जाती है। उन्होंने मिशन होस्पिटल की सरहाना करते हुए कहा कि महिला विशेष निशुल्क शिविर का आयोजन कर महिलाओं के उत्तम स्वास्थ्य के लिए काफी सराहनीय कार्य किया गया है। उन्होंने मिशन होस्पिटल परिवार को बहुत- बहुत धन्यवाद एवं आभार जताया। मौके पर मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को घर की व्यस्ततम कार्य को लेकर कई बार ऐसा देखा जाता है कि नियमित समय पर स्वास्थ्य की देखभाल नहीं करने से गंभीर एवं जटिल बिमारी पकड़ लेता है। जिससे महिलाओं को आर्थिक खर्च एवं कई परेशानियों को सामना करना पडता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सही समय पर स्वास्थ्य की देखभाल एवं उपचार के लिए अस्पताल परिवार द्वारा निशुल्क दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। ताकि शिविर से अधिक से अधिक महिलाएं लाभ लेकर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ ले।

मौके पर मुख्य रूप से संत कोलम्बस छोटानागपुर आदिवासी ट्रस्ट के सचिव डॉ अमित अमर सोरेन, कोषाध्यक्ष निपम खलखो, सीएनआई चर्च फादर दीपक अनिल जोजो, सीएनआई चर्च सदस्य एमानुएल खलखो, डेंटल कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव, स्टेटिक्स डॉ रंजीत कुमार, डॉ रिंकी यादव, संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के प्रशासक पूजा उपाध्याय, कार्यलय एचआर मेघा सिंह, पीआरओ प्रिया केशरी, सहेली नस्कर, अंजू रानी, सचिन श्रीवास्तव, आशीष रॉय, पवन पासवान, मुस्कान मिश्रा, अनिंदिता मंडल, एकरामुल हक, अंकित कुमार, मुस्कान कुमारी, चंचला कुमारी, करण कुमार दास, नीलेश रक्षित, राम कुमत, सोनाली, पिंकू सीआर, राकेश कुमार, मंतोष तिवारी, सुनंदी, दीपक कुमार, सैफ, आशीष कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस ने फांसी के फंदे पर लटका हुआ अलग-अलग मामले में दो लोगों का लाश बरामद किया

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता बड़कागांव** – बड़कागांव पुलिस ने सोमवार को बड़कागांव प्रखंड में दो अलग-अलग स्थान पर फंदे से झूलता हुआ 2 लाश बरामद किया। पुलिस ने पहला लाश महुदी पहाड़ स्थित चरका नदी जंगल के समीप पेड़ पर फांसी के फंदे पर झूलता हुआ अज्ञात युवक की लाश बरामद किया है। उम्र लगभग 20 से 25 साल बताई जा रही है। मामले को लेकर अवर पुलिस निरीक्षक आशीष भगत ने बताया कि लाश की पहचान परिजन के लिए मुर्दा घर में 72 घंटे के लिए रखा गया है। अन्यथा 72 घंटा के पश्चात ,लाश को अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। मृतक युवक पीला टी-शर्ट एवं ब्लू जींस पहने हुए है, घटनास्थल पर जूता बिखरा पड़ा है। बताते चले की घटना जंगल में जानवर चरा रहे चरवाहों ने पेड़ से झूलता हुआ लाश देखा। जिसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीणों को दिया। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंची। वहीं दूसरे घटनाक्रम में लंगातु गांव में कंपनी में काम कर रहे 36 वर्षीय रंजीत कुमार पांडे उर्फ बबली की लाश को पुलिस ने फांसी के फंदे पर लटका हुआ बरामद किया। रंजीत अपने रिश्तेदार के यहां रह रहा था। बबली बोकारो जिला के तारानरी ग्राम का रहने वाला था। पुलिस ने दोनों लाशों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों की गहराई से जांच पड़ताल की जा रही है।

## टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय में सोना-सोबरन धोती, साड़ी और लूंगी वितरण योजना का शुभारंभ



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता टाटीझरिया** - झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी सोना-सोबरन धोती, साड़ी व लूंगी वितरण योजना का शुभारंभ सोमवार को प्रखंड कार्यालय टाटीझरिया में किया गया। प्रमुख संतोष मंडल, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, टाटीझरिया पंचायत के मुखिया सुरेश यादव,महेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से लाभुकों को धोती, साड़ी व लूंगी देकर वितरण योजना की शुरुआत किया। एम?ओ राजेश कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत टाटीझरिया प्रखंड में 11076 यूनिट का आंवटन हुआ है। प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानदार जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लाभुकों के बीच इसका वितरण करना सुनिश्चित करेंगे। प्रमुख एवं बीडीओ ने कहा कि सोना सोबरन योजना गरीबों के लिए सरकार का उपहार है। सरकार अपनी इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के साथ-साथ अनुदानित दर पर धोती, साड़ी व लूंगी योजना के तहत वस्त्र उपलब्ध करा रही है। जिसका लाभ कार्डधारियों को मिल रहा है। मात्र 10-10 रुपए में धोती, साड़ी व लूंगी प्रदान किया जा रहा है। मौके पर अशोक गुप्ता, काशीनाथ चौधरी, अरूण राम, जगदेव प्रसाद, दीपक कुमार, झुनझुन गुप्ता, डोमन भुईयां, बलदेव प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## प्रजापति समाज की बैठक में रोजगार से जोडने के लिए प्रशिक्षण देने का निर्णय



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता टाटीझरिया** – प्रखंड के बाबा बालक नाथ मंदिर प्रांगण में प्रजापति समाज की बैठक रामेश्वर प्रजापति की अध्यक्षता में की गई। बैठक में समाज के ग्राम संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। इस दौरान समाज के बेरोजगार लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मिट्टी से बने दीये, गमला, घड़ा यदि बनाने के लिए चाक का प्रशिक्षण देने पर सहमति बनी। समाज के 10 से 18 वर्ष के बच्चे, जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नही रहने के कारण स्कूल नहीं जा पा रहे हैं वैसे बच्चों की शिक्षा देने के लिए सहयोग प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया। डहरभंगा में संगठन को मजबूत बनाने के लिए 23 फरवरी को बैठक रखी गई है। बैठक में परमेश्वर प्रजापति, बबलू प्रजापति, पप्पू कुमार, सुरेश प्रजापति, छोटी प्रजापति, इंद्रदेव प्रजापति, प्रेम प्रजापति, नागेश्वर प्रजापति, महादेव प्रजापति, चोलो प्रजापति, प्रकाश प्रजापति,शिवदयाल प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का सर्वोच्च बलिदान बेकार नहीं होगा - संजय सेठ




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता हज़ारीबाग़** – केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद रांची संजय सेठ शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के परिवारजनों से गुरु गोविंद सिंह स्थित गुरुद्वारा में मुलाकात कर जताई संवेदना और परिजनों को ढांढ़स दिया। उन्होंने कहा कि शहीद कैप्टन करमजीत सिंह का बलिदान बेकार नहीं जाएगा । वही मौके पर उपस्थित सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि शहिद का बलिदान हर युवाओं के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा। भगवान हर मां को शाहिद कैप्टन जैसा बेटा दे, जिससे हर मां का सर गौरवान्वित हो । भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि शहीद कैप्टन करमजीत सिंह सर्वोच्च सम्मान के हकदार हैं । शहिद आत्मा की शांति के लिए चल रहे सुखमणि साहिब के पाठ में शामिल हुए एवं शहिद की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके माता-पिता, बहन एवं अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें संतावनान दिया और कहा कि उनका शहादत हमेशा याद किया जाएगा । मौके पर भैया अभिमन्यु प्रसाद ,आनंद देव, जय नारायण प्रसाद, कुणाल किशोर ,इंद्र नारायण कुशवाहा साक्षी राणा, श्वेता सिंहा, विवेक बैरियर ,विजय वर्मा, मीरा मेहता , सुबोध सिंहा विनोद ओझा, गुड़िया देवी, उपस्थित थे।

## महाकुंभ से लौट रहा श्रद्धालुओं से भरा बस और स्कार्पियो दुर्घटनाग्रस्त, 11 घायल

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता चौपारण** – प्रखण्ड के जीटी रोड में बीते कुछ दिनों से लगातार जाम लग रहा है, जिससे राहगीरों को परेशानी तो ही रहा है, कई गाड़ियां दुर्घटना ग्रस्त भी हो रही है। रविवार की रात दो बजे के करीब जहां महाकुंभ से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी एक स्कार्पियो ट्रक के टक्कर से पलट गया। जिसमें सवार 8 में से दो श्रद्धालु गम्भीर रूप से घायल हो गए जिसे एनएचएआई के एम्बुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल बरही पहुंचाया गया। घायलों का पहचान संजना सिंह उम्र 27 वर्ष और लालबहादुर सिंह उम्र 53 वर्ष चतरा बेस्ट बंगाल के रूप में हुई है। वहीं अगले दिन सोमवार दोपहर 2 बजे भी पाण्डेयबारा के समीप भी दुर्घटना हुई। जिसमें महाकुंभ से लौट रही 65 श्रद्धालुओ से भरी राजनंदनी बस जो कि गोड्डा जा रही थी पांडेयवारा पेट्रोल पंप के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में चालक सहित 9 श्रद्धालु घायल हो गए। जिसे प्राथमिक उपचार बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। चिकित्सक ने बताया कि फिलहाल सभी सुरक्षित हैं। घायलों में गोंडा के 50 वर्षीय उर्मिला देवी, 50 वर्षीय कांति देवी, 55 वर्षीय मंजुला देवी, 50 वर्षीय जयंती देवी, 55 वर्षीय तुलसी पंडित, 55 वर्षीय भगवती देवी, 60 वर्षीय रुपमणी देवी, पश्चिमी बंगाल के राजनंदनी बस चालक 52 वर्षीय नरेश मौरी शामिल हैं। उक्त बस चालक ने बताया कि हमारी बस आगे हाइवा वाहन के समानांतर चल रही थी, मेरी बस के आगे हाइवा वाहन एकाएक ब्रेक लगा दिया, जिससे अनियंत्रित होकर बस हाइवा वाहन के पीछे ज़ोरदार टक्कर मार दी।




## स्वाति इलेक्ट्रॉनिक्स ने किया एक्साइड बैटरी को लेकर सेमिनार का आयोजन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता बड़कागांव** – बड़कागांव नटराज नगर में संचालित स्वाति इलेक्ट्रॉनिक्स के द्वारा एक्साइड बैट्री को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का आयोजन बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित मां रेस्टोरेंट होटल में किया गया। मौके पर एक्साइड कंपनी के उपस्थित पदाधिकारी के द्वारा कारीगरों को बैटरी से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। अधिक से अधिक बैटरी की बिक्री करने तथा बैटरी की वारंटी पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। स्वाति इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोपराइटर धर्मेंद्र कुमार ने उपस्थित लोगों से कहा कि बैटरी की निर्धारित वारंटी की समय पर विशेष ध्यान दें। ताकि बैटरी की अच्छी तरह से पहचान और वापसी करने में समस्या समाधान नहीं हो।

## झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच ने शहीद करमजीत सिंह को दी श्रद्धांजलि




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**हजारीबाग** – हजारीबाग शहर के सर्किट हाउस के नजदीक स्थित शहीद स्मारक पर सोमवार को झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच ने शहीद करमजीत सिंह बक्शी को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विचार मंच के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता उपस्थित हुए। सबसे पहले उपस्थित लोगों ने शहीद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि आज हजारीबाग के साथ पूरा देश दुखी है, कि एक होनहार बेटा अब हम सबों के बीच नहीं है। शहीद करमजीत सिंह बक्शी की कमी सदा हम सबों को खेलेगी। साथ ही श्री मेहता ने हजारीबाग शहर के पैगोडा चौक का नामकरण शहीद करमजीत सिंह बक्शी के नाम पर करने की मांग की । कहा कि इसको लेकर उपायुक्त से मुलाकात भी की जाएगी। वही मंच के अध्यक्ष और कार्यक्रम के आयोजक बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि शहीद कभी मरते नहीं वे अमर रहते हैं। सदियों तक उनका नाम अमर रहेगा। साथ ही कहा कि मैं जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि शहीद स्मारक में ही करमजीत सिंह बक्शी का आदमकद प्रतिमा लगाया जाय। पुर्व सैनिक वेल्फेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा की मौत तो सबों का आता है लेकिन सरहद पर शहीद होना वो भी देश के लिए गर्व की बात है। मौके पर भैया अभिमन्यु प्रसाद, पुर्व सैनिक वेल्फेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा, सचिव अवध कुमार भारती, महामंत्री अजीत सिंह, शंकर सिंह, सदस्य रंजीत यादव, खतियानी परिवार के महासचिव मो हाकिम, सुनीता कश्यप, मो आशिक, अनिल हक, विजय मिश्रा, बीरबल प्रसाद मेहता, प्रमोद कुमार सिंह, डॉक्टर ए के मेहता, मो तस्लीम समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## प्रखंड के दस गांवों में 20 से अधीक बेटियों को हजारीबाग लोकसभा सांसद ने उपहार स्वरूप भेंट किया लहंगा

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**हज़ारीबाग़/कटकमसांडी** – लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल पूर्व की भांति इस बार भी उनके द्वारा निरंतर भाई यानी लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल के तरफ से बहनों को उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया गया। पूर्व विधायक प्रतिनिधि स्वयं बहनों के बीच जा जा कर कर के लहंगा भेंट किया। कटकमसांडी के विभिन्न गांवों में 20 से अधिक बेटियों को उनके विवाह के लिए उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया। सांसद मनीष जायसवाल की ओर से कटकमसांडी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने लोगों को लहंगा अपने हाथों सौंपा। लहंगा पाने वालों में पंचायत ,रेबर, आराभुसाई, लुपुंग, शाहपुर, गदोखर ,कृष्णानगर, आदि गांवों के मिलाकर के कुल 20 से अधिक लड़की को उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया गया।

परिजनों ने लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल के प्रति खूब आभार प्रकट किया है। पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सांसद हमेशा के लिए कटिबद्ध हैं। पिछले वर्ष कि भांति इस बार भी लहंगा वितरण का कार्यकर्म किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा , पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता, युवा मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष दीपक मेहता,पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रवि,पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद,मुखिया नारायण साव,निर्मल साव,बिरेंद्र कुमार बीरू,मनोज पांडेय,अनुराग मित्तल उर्फ सीकू,लेखराज यादव, एवं अन्य लोग उपस्थित थे।




## गोल्डन ग्लो सैलून का हुआ भव्य उद्घाटन




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता हजारीबाग** – हज़ारीबाग़ शहर के पेलावल गदोखर मोड़ में सोमवार को सैम एंड जैस के ट्रेनर नवीन कुमार द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। सलून संचालक समरीन खान ने बताया कि यहां महिलाओं के लिए विशेष सुविधा का ध्यान रखा गया है। साथ ही बाजार से 50 प्रतिशत कम लागत में ब्यूटीशियन का सुविधा महिलाएं ले सकती हैं। इस अवसर पर मो इजहार अख्तर, आमरीन, अक्सा, खुशबू, पूजा साह, सहित कई मौजूद थे।

# झारखंड अलग राज्य चिन्हित आंदोलनकारी समिति की बैठक संपन्न

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**हज़ारीबाग़** - झारखंड अलग राज्य चिन्हित आंदोलनकारी समिति की एक आवश्यक बैठक प्रिंस होटल हजारीबाग में संपन्न हुई। इस बैठक के मुख्य अतिथि समिति के केंद्रीय अध्यक्ष रमेश प्रसाद साहू तथा विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सचिव महावीर विश्वकर्मा उपस्थित हुए। इस बैठक की अध्यक्षता हजारीबाग जिला समिति के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने की तथा संचालन जिला सचिव राकेश कुमार मिश्रा ने किया। केंद्रीय अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद साहू ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड अलग राज्य चिन्हित आयोग का समय तक ही रहेगा, जिन आंदोलनकारी का नाम चिन्हित नहीं हो सका वैसे साथी को समय रहते आयोग के द्वारा चिन्हित करवाया जाएगा । बैठक में निम्नलिखित एजेंडा पर विचार विमर्श किया गया। वहीं अलग राज्य चिन्हित आंदोलन कार्यों को पहचान पत्र दिया जाए । आंदोलनकारी की जेल जाने की बाध्यता को खत्म करते हुए सम्मान पेंशन एवं अन्य सुविधा देने की मांग किया गया । साथ ही साथ जिला समिति प्रखंड समिति और नगर समिति को मजबूत करने पर बल दिया गया और सर्व समिति से झारखंड अलग राज्य चिन्हित आंदोलनकारी कल्याण समिति के नगर अध्यक्ष मोहम्मद खलील अंसारी को बनाया गया। साथ ही साथ बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष विश्वेश्वर राम को कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष, सरजू मेहता को पदमा प्रखंड अध्यक्ष, दिनेश महतो को कटकमदाग, प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद कौसर को बनाया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी झमन महतो, संजय गुप्ता ,राकेश मिश्रा, मोहम्मद सलीम, दीपक राय, निसार अहमद , नौशाद खान, उमेश गुप्ता, संजय पासवान ,नजीर अहमद, विनोद विश्वकर्मा, कुलदीप मेहता, राजकिशोर मेहता, प्रवीन मेहता, प्रकाश मेहता सहित सैकड़ो आंदोलनकारी उपस्थित रहे।



# फोग्सी स्व राय बहादुर डॉ एस एन मल्होत्रा अप्प्रेसिएशन अवार्ड 2025 से सम्मानित हुई डॉ नेहा

**कतरास**। डॉ नेहा को फोग्सी स्व राय बहादुर डॉ एस एन मल्होत्रा अप्प्रेसिएशन अवार्ड 2025 और आईएसएआर- स्पेशल अप्रेसिएशन अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया।

ऑल इंडिया कांग्रेस ऑफ ऑब्स्ट्रैटिक एंड गायनोकोलॉजी सोसाइटी के द्वारा इस वर्ष मुंबई में 8 से 12 जनवरी तक ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। जिसमें देश भर के करीब 15,000 से अधिक चिकित्सक उपस्थित हुए थे। उसी सम्मलेन में देश भर के चिकित्सकों के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में वर्ष भर विशिष्ट सेवा देने के लिए एवार्ड प्रदान की जाती है। यह एवार्ड खासकर ऐसे चिकित्सक को प्रदान की जाती है जो देश के सुदूर क्षेत्रो में महिलाओं में खून की कमी, किशोरी बच्चियों में जागरूकता एवं महिलाओं में कैंसर के प्रति जागरूकता



अभियान चलाती हैं।

यह एवार्ड फोग्सी स्व राय बहादुर डॉ एस एन मल्होत्रा अप्प्रेसिएशन अवार्ड के नाम से दिया जाता है, 2025 का यह एवार्ड डॉ नेहा प्रियदर्शिनी, सात्विक आई.भी.एफ. धनबाद (झारखण्ड) की संचालिका को प्रदान की गई।

साथ ही वर्ष 2025, आईएसएआर के द्वारा भी डॉ नेहा प्रियदर्शिनी, धनबाद ( झारखण्ड) को प्रदान की गई। ज्ञात रहे कि यह एवार्ड प्रत्येक राज्य में सिर्फ एक चिकित्सक को दिया जाता है, जिसमें झारखण्ड से डॉ नेहा प्रियदर्शिनी का चयन किया गया है.

विगत वर्ष 2024 में भी डॉ नेहा प्रियदर्शिनी को इंडियन कॉलेज ऑफ़ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी की फ़ेलोशिप से सम्मानित किया गया था। ज्ञात हो कि फोगसी की शैक्षणिक शाखा है। इसके पूर्व 2011 में भी एआईसीओजी का आयोजन हैदराबाद में हुआ था जिसमे डॉ नेहा को सी एल जावेरी अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

इस उपलब्धि पर डॉ विश्वनाथ चौधरी, डॉ शिवानी झा, श्रीमति उषा चौधरी, डॉ साधना, डॉ नीतू सहाय, डॉ रश्मि सिन्हा, डॉ आनंद कुमार, डॉ सुनील नायक, बिजय कुमार झा, डॉ धीरज चौधरी, डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ टी आर राय, डॉ प्रभात कुमार, अनंत श्रीकृष्णा, मनीषा मीनू, उदय कुमार सिंह, शंकर चौहान, गौतम मंडल, सुशिल चौधरी, अनुज सिन्हा पल्टू, धीरज सिंह, मुन्ना झा, अमित पासवान, अभिनाश कुमार, जीतेन्द्र कुमार, ललित अग्रवाल, साधना मिश्रा, बी के मिश्रा, मधु कुमारी, अन्नू कुमारी, देवराज कुमार, अनिता सिंह, रतन कुमार, नौशाद हसन, मुन्ना सिंह, विक्रम कुमार साव आदि ने खुशी जाहिर की एवं बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यावरण संतुलन में पंछियों का अहम योगदान-संजय




**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा जैविक उद्यान में पेड़ों पर पंछियों के संरक्षण एवं उन्हें आश्रय प्रदान करने के लिए उद्देश्य से बने-बनाए घोंसले लगाए गए।रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा की पंछी भी सृष्टि का महत्वपूर्ण अंग है,हमें पंछियों के संरक्षण एवं वन संरक्षण का समर्थन करना चाहिए। विनोद चोपड़ा ने अपील की कि पंछियों की सुरक्षा के लिए जागरूकता फैलाएं।कार्यक्रम के संयोजक संजय बैद ने कहा की पंछी हमारे पर्यावरण का अभिन्न अंग है और उनकी देखरेख एवं सुरक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। संजय बैद ने कहा की पूर्व निर्मित घोंसले लगाने से पंछियों को सुरक्षा एवं संरक्षण मिलेगा। इस अवसर पर उपस्थित नगर सेवा (बागवानी) के उप महा प्रबंधक पी एस सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की परंपरागत गतिविधियों को व्यवहार में लाने की आवश्यकता है।रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि ऐसे कार्यों में समाजसेवियों एवं सामाजिक।संगठनों को आगे आकर अपने घरों एवं आसपास पंछियों के संरक्षण की व्यवस्था करनी चाहिए। चयनित सचिव श्वेता रस्तोगी ने कहा की प्राकृतिक पर्यावरण में रहे इसके लिए पंछियों के अधिकारों का संरक्षण होना चाहिए। श्वेता रस्तोगी ने कहा कि रोटरी क्लब चास द्वारा पंछियों के संरक्षण की दिशा में आज एक अभिनव प्रयोग किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमार अमरदीप, धनेश बंका,ललिता चोपड़ा, गौरव सिंह, प्रेम कुमार, गणेश महतो, जैविक उद्यान के मोहम्मद मुर्तुजा बेग, साहिल शिवम, रुस्तम आलम का सराहनीय योगदान रहा।

### स्व0 कपुरी ठाकुर की मनी पुण्यतिथि

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**धनबाद।** शहर के रणधीर वर्मा चौक पर सोमवार को भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की पुण्य तिथि नाई समाज संघ के तत्वावधान में मनाई गई , जिसकी अध्यक्षता दीनानाथ ठाकुर ने कीं। इस अवसर पर स्वर्गीय ठाकुर कई तस्वीर पर उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीनानाथ ने कहा कि कपुरी जी जेसा नेता आजतक बिहार में नही हुआ।सभी ने उनके विचारों को रखा। मौक़े पर पूर्व मयार चंद्रशेखर अग्रवाल , भाजपा नेता योगेन्द्र यादव . इंद्रदेव शर्मा , राजकुमार ठाकुर , राजेश शर्मा दिनेश ठाकुर ,अजय ठाकुर , चंद्रमा ठाकुर, मनोज ठाकुर , दीपक ठाकुर , शम्भु ठाकुर , मनोज ठाकुर व अन्य शामिल थे ।

### कोयला नगर आध्या काली मन्दिर में 107 वी जयंती के तैयारी

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता धनबाद।** मातृ जन कल्याण सेवाश्रम संघ के तत्वावधान में मंगलवार को कोयलानगर के आध्या काली मंदिर प्रांगण में संघ के संस्थापक सुदिन कुमार मित्रा की 107 वीं जयंती मनायी जायेगी। इसको लेकर सुबह में आरती के बाद प्रभातफेरी निकाली जाएगी। तत्पशात राधा कृष्ण मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। मौक़े पर हुगली के एकतारपुर से पधारे स्वामी संयमानंद जी महाराज प्रेरणादायी सम्बोधन व्यक्त करेंगे।

### स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गयी

**धनबाद**/जिला प्रशासन स्थापना समिति की बैठक के दौरान सेवा संपुष्टि हेतु प्राप्त प्रस्ताव पर समिति द्वारा समीक्षा कर कुल 12 कलर्क, 16 राजस्व उप निरीक्षक, 07 अमीन, 10 अनुसेवक एवं 01 चालक का सेवा संपुष्टि समिति द्वारा किया गया। वही एलडीसी से यू डीसी में 10, यू डीसी से हेड कलर्क में 06 एवं हेड कलर्क से ओएस में कुल 03 लोगों को पदोन्नति समिति द्वारा किया गया।जिला प्रशासन स्थापना समिति के बैठक में एडीएम लॉ एंड आर्डर, निदेशक डीआरडीए श्री राजीव रंजन, अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार, एडीएम सप्लाई श्री जियाउल अंसारी, एसडीएम श्री राजेश कुमार, स्थापना उप समाहर्ता श्री दिलीप महतो समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों ने चलाया श्रमिको के द्वार कार्यक्रम

**कथारा।**

श्रमिक संगठन राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन कथारा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्रमिकों के द्वार कार्यक्रम चलाया गया। राकोमयू के प्रतिनिधिगण जारंगडीह कोलियरी परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले बाबू क्वार्टर पहुंचे। यहां श्रमिकों के आवासीय कॉलोनी का मुआयना किया। यहां निवास करने वाले श्रमिकों से बातचीत करते हुए इस बात की जानकारी प्राप्त करने का कार्य किया कि प्रवधान द्वारा प्रदत मूलभूत सुविधा मिल पा रही हैं कि नही। कई श्रमिकों ने अपने आवास की परिस्थिति, कॉलोनी में ब्याप्त कूड़े करकट और नाली की सफाई से संबंधित समस्याओ को रखने का कार्य किया। श्रमिक नेताओं ने असैनिक विभाग के अधिकारियो को इन समस्याओ का समाधान करने की बात कही। इसके बाद श्रमिक प्रतिनिधि जारंगडीह अस्पताल पहुंचे। यहां चिकित्सक और नर्स के नही होने की जानकारी मिली। श्रमिक प्रतिनिधियों ने लोगो को अश्वस्त किया कि इस मामले को लेकर क्षेत्र के महाप्रबंधक सहित सीसीएल के सीएमड़ी और डीपी से बात करके इसके लिए पहल की जाएगी। वही जारंगडीह के 16 नंबर इलाका में पेयजल की समस्या से अवगत हुए। असैनिक विभाग के अधिकारियो ने बताया



कि टेंडर का कार्य पूर्ण हो चूका हैं। जल्द ही काम का एवार्ड करके इस इलाका में पेयजल समुचित रूप से मिल सके इसके लिए कार्य शुरू कर दिया जाएगा। यहां संगठन के क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी संस्थान और श्रमिक संगठन के लिए मेहनतकस मजदूर जमात रीढ़ की हड्डी होते हैं। उन्हें प्रवधान के अनुरूप सुविधा और कार्य के दौरान मानसिक शांति रहे इसके लिए उनकी समस्या का समाधान होना ही चाहिए। राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के प्रतिनिधि श्रमिको तक पहुंचने का यह अभियान और उनको माकूल रूप से सुविधा मिले इसके लिए प्रयास जारी रखने का काम करते रहेंगे। इस दौरान स्टॉफ अफसर असैनिक संजय कुमार सिंह, परियोजना अभियंता असैनिक मो फ़िरदौस, ओवरसियर सुजीत कुमार ने पूरी वस्तुस्थिति को श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों के साथ देखने का कार्य करते हुए समस्याओ को जल्द समाप्त कर देने की बात कही। इस अवसर पर जारंगडीह शाखा के सचिव खगेश्वर रजक, भीम चौहान उर्फ़ छोटू, ओमप्रकाश रजक, जेजे सांगा, रफीक आलम, दिनेश कुमार के साथ कथारा कोलियरी के सेफ्टी बोर्ड के सदस्य सतीश वर्णवाल, सुधीर सिंह, कृष्ण दयाल सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### बालीडीह ओपी के कुंडोरी में उत्पाद विभाग ने अवैध शराब फैक्ट्री का किया उद्भेदन



**बोकारो।**उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सोमवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने बालीडीह ओपी क्षेत्र के कुंडोरी के कुलींग पोंड के समीप अवैध शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया। मौके से टीम ने भारी मात्रा में तैयार अवैध शराब, शराब बनाने की सामग्री जैसे विभिन्न ब्रांड के स्टीकर, खाली बोतल, विभिन्न ब्रांड के ढक्कन जब्त किये।वहीं, मामले में संलिप्त अभियुक्त राजा बाबू उर्फ़ सहदेव साहू पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है।छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद विजय कुमार पाल,अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास आदि उपस्थित थे।

## विस्थापित संगठनों ने बेरमो एसडीओ को सौंपा तेरह सूत्री मांगपत्र



गोमिया। अनुमंडल कार्यालय तेनुघाट में सोमवार को बेरमो अनुमंडल विस्थापित संघर्ष समन्वय समिति के बैनर तले विभिन्न विस्थापित संगठनों के लोगो ने बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ को तेनुघाट-कोनार डेम बांध परियोजना तथा तेनुघाट, बोकारो थर्मल और सीटीपीएस थर्मल पॉवर प्लांट के विस्थापितों से संबंधित तेरह सूत्री मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र सौंपने वालों में विस्थापित नेता भुवनेश्वर केवट, उमाचरण रजवार, बालेश्वर यादव, छत्रधारी ठाकुर, रुस्तम अंसारी पवन ठाकुर छोटेलाल बेसरा, राजेश नायक सहित कई विस्थापित नेता शामिल थे।

विस्थापितों के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी से मांग करते हुए कहा गया है कि सरकार के द्वारा विस्थापन आयोग का अभिलंब गठन किया जाए। विस्थापित परिवारों को जमीन अधिग्रहण के एवज में नौकरी दिया जाए एवं राज्य के सभी बहालियों में विस्थापित परिवारों के लिए 75 प्रतिशत पद आरक्षित किया जाए। इसके अलावा पुनर्वास क्षेत्र में बसाए गए विस्थापित परिवारों को दिए वासगीत पर्चा के आधार पर जमीन का मालगुजारी रसीद निर्गत किया जाए एवं पुनर्वास से वंचित विस्थापित परिवारों को पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए। जमीन अधिग्रहण के एवज में बकाया मुआवजा का वर्तमान बाजार दर से अविलंब भुगतान किया जाए। साथ ही सभी विस्थापित परिवारों को विस्थापित प्रमाण पत्र जारी किया जाए। तेनुघाट और कोनार डेम बांध के पानी से चलने वाले बोकारो स्टील प्लांट और बीटीपीएस की बहालियों में स्थानीय विस्थापितों को नियोजन की गारंटी किया जाए।उन्होंने कहा है कि इन परियोजनाओं के लिए जिस उद्देश्य से भूमि अधिग्रहित की गई है, इसका उपयोग भी इसी काम के लिए किया जाय। साथ ही ग्रामसभा की अनुमति के बिना निजी या अन्य कार्यों में भूमि का उपयोग नहीं किया जाय सहित कई मांग शामिल है। वहीं इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी ने विस्थापितों से कहा है कि वे इस संबंध में अग्रतर कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों के पास पत्राचार करेंगे।

# भाजपा का संगठनात्मक चुनाव कार्यशाला का आयोजन

### अवैध कोयला का तस्करी पर सरकार मौन पर उठाया सवाल

**बेरमो**

भाजपा ऊपरघाट मंडल उपाध्यक्ष मनोज महतो के आवास में रविवार को भाजपा संगठनात्मक चुनाव कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता ऊपरघाट भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार महतो ने किया,मौके पर ऊपरघाट मंडल प्रभारी निर्मल महतो ने कहा कि जिसको भी जो दायित्व मिला हैं। उसे हर हाल में अपना कर्तव्य ईमानदारी पूर्वक निभानी की संकल्प लें और अपनी कार्य को पुर्ण का निर्देश दिया, साथ ही कहा जो डमी चेहरे हैं उसे जांच कर एक्टिव सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी दिया जाय। जिससे भाजपा का संगठन मजबूत हो सके। श्री महतो ने कहा कि भाजपा सदस्यता अभियान निरंतर चल रहा हैं। और इसमें सभी भाजपा के पदाधिकारियों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेनी चाहिए। भाजपा ऊपरघाट मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार महतो ने कहा कि जिस तरह से भाजपा ने संगठनात्मक तरीके से दिल्ली में प्रचंड जीत हासिल किया हैं। आने वाले समय में झारखंड के साथ पूरे देश में भाजपा की सरकार बनना तय हैं। केवल भाजपा कार्यकर्ताओं को सक्रिय होने की जरूरत हैं। साथ ही की बोकारो



थर्मल डीवीसी में कार्यरत टेक्नो कंपनी में स्थानीय विस्थापित लोगों को नहीं लगाकर बाहरी मज़दूरों को काम रखा जा रहा हैं। वहीं डीवीसी नूरी नगर ऐश पौंड में छाई ढुलाई में कार्यरत कंपनिया जहां तहां बीच सड़क सहित वन क्षेत्र में छाई को गिराकर अपना खाना पूर्ति कर रहा हैं। जिससे ऊपरघाट सहित अन्य लोगों को उड़ती छाई का प्रदूषण झेल रही हैं। अगर डीवीसी प्रबंधक इस बातों को अमल नहीं करती हैं तो बहुत जल्द डीवीसी प्रबंधक के विरोध आंदोलन किया जाएगा। वहीं ऊपरघाट के पूर्व मंडल अध्यक्ष सह सदस्यता सह प्रभारी रामचंद्र महतो ने कहा कि ऊपरघाट में अवैध कोयले की तस्करी खुलेआम चल रही हैं। इस पर स्थानीय प्रशासन से लेकर प्रदेश की निकम्मी सरकार भी मौन हैं। इस पर बहुत जल्द पर बहुत जल्द ऊपरघाट भाजपा इकाई अवैध कोयले की तस्करी पर रोक लगाने का काम करेंगी। मौके भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार महतो, मंडल उपाध्यक्ष मनोज महतो, टेकलाल सिंह, युवा मोर्चा के महामंत्री धनंजय कुमार महतो, भागीरथ महतो, चोलेश्वर महतो, एसटी मोर्च के गोविन्द किस्कू, सुजीत सिंह, बलराम साव, रतन ठाकुर, अजय नायक आदि लोग उपस्थित थें।

## ग़रगा नदी के प्रति केंद्रीय राज्यमंत्री वन, पर्यावरण और जलवायु मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया

**कसमार बोकारो**

स्वच्छ भारत अभियान झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रदेश संयोजक सह स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के महासचिव पर्यावरणविद शशि भूषण ओझा %मुकुल% ने सोमवार को बोकारो परिसदन में केंद्रीय राज्यमंत्री वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन कीर्ति वर्धन सिंह से मुलाकात कर उनका ध्यान गरगा नदी के प्रदूषण और अतिक्रमण तथा सतनपुर पहाड़ी के संरक्षण सहित इसके पास स्थित तेतुलिया मौज की लगभग 104 एकड़ वन भूमि पर गलत कागज बनाकर भू माफिया द्वारा जबरन कब्जा किए जाने की तरफ आकृष्ट कराया गया ।

वार्ता के क्रम में बताया कि चास नगर निगम क्षेत्र और बोकारो इस्पात संयंत्र के कॉलोनियों का प्रदूषित जल लगातार गरगा नदी में प्रवाहित किया




जारहा है जिससे यह नदी अत्यंत प्रदूषित होकर मर रही जबकि नदी प्रदूषण एक संज्ञेय अपराध भी है । साथही यह भी कहा कि इस नदी की उत्पति बोकारो जिला के कसमार प्रखंड के कलौंदी जलकुंड से है जो गौरवान्वित करने वाली एक पौराणिक कथा से जुड़ा हुआ है क्योंकि यह भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से संबंधित यहां आयोजित की गई यज्ञ से संबंधित है जिसमें पानी की कमी को दूर करने के लिए ऋषिश्रेष्ठ गर्ग ने इस नदी की धारा को अपने तपोबल से भूगर्भ से उत्पन्न किया था जो गर्ग गंगा के नाम से विख्यात हुई और तदंतर में इसी का अपभ्रंश नाम गरगा होगया है । इस नदी का उद्गम स्थल भी पूरी तरह गाद से भरा है और अतिक्रमित भी है । इसके साथ यह भी बताया गया कि सतनपुर पहाड़ी के पास की लगभग 104 एकड़ वन भूमि भूमाफियाओं द्वारा गलत कागजात बनाकर अतिक्रमित कर न सिर्फ बेचा जा रहा है बल्कि अवैध तरीके से भवन निर्माण का भी कार्य किया जा रहा है जिससे पहाड़ी की सुंदरता तो समाप्त हो ही रही है साथ ही पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है जिसे तत्काल रोका जाना अत्यंत जरूरी है । मंत्री ने मुकुल की सारी बातों को पूरे ध्यान पूर्वक सुना और दिल्ली आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि सारी बातों की लिखित और पूरी जानकारी मिलकर दें जिन्हें वे इत्मीनान से सुनकर और जानकारी लेकर इस पर निश्चित करवाई करेंगे । गरगा नदी के प्रदूषण को अत्यंत गंभीर मामला बताते हुए इसपर जल्द उचित करवाई करने का भरोसा दिया ।इस अवसर पर गिरिडीह के माननीय सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, बोकारो जिला भाजपा के महामंत्री संजय त्यागी, समाजसेवी किशोर बोराल, भाजपा नेता माथुर मंडल, श्याम मंडल, विकास कुमार और संस्थान के पदाधिकारी अंकित मिश्रा आदि उपस्थित थे

## ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट कार्यक्रम आयोजित

**कथारा।** प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में जंतु शास्त्र विभाग , एन एस एस एवं आई क्यू ए सी के संयुक्त तत्वावधान में ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट कार्यक्रम जंतु शास्त्र सभागार में दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा पक्षी पर्यावरण के महत्वपूर्ण अंग हैं। ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट कार्यक्रम हर वर्ष फरबरी माह में चार दिनों तक मनाया जाता है। इस बार ये 14 से 17 फरवरी तक आयोजित है जिसमें पक्षियों की गिनती करने व पंछी संरक्षण में योगदान करने के लिए सभी स्तरों पर पक्षी प्रेमियों को शामिल किया जाता है।प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति ने बताया ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट के द्वारा एकत्र किए गए डेटा को ऑनलाइन वेब इंटरफ्रेंस इ बर्ड में प्रस्तुत किया जाता है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य कुछ मिनटों के लिए पक्षियों का पर्यवेक्षण करना, उनकी पहचान करना तथा उनकी गिनती करना है। इस अभ्यास को दिन में कई बार दोहराया जा सकता है तथा पक्षियों की सूची, विवरण और तस्वीर ई बर्ड नाम की वेबसाइट पर अपलोड की जाती है। विभागाध्यक्ष जंतुशास्त्र डा अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा झारखंड राज्य मे पक्षी विविधता की जानकारी अति आवश्यक है। समाज मे पक्षियों का महत्वपूर्ण योगदान है। ष्टश्हठ्ठद्गद्य स्ुड्ड श्रद्ब ह्लद्धठ्ठद्बह्लद्धश्चद्यश्चद्ग4 के सदस्य के रुप मे पक्षियों के लिए भलाई का कार्य करनी है। विश्व भर में पक्षियों को बेहतर समझने की दिशा में द ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट अनोखी पहल है।एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा परिसर मे ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे मील का पत्थर साबित होंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन वैज्ञानिकों को दुनिया भर के पक्षियों को बेहतर तरीके से समझने और उनकी रक्षा करने में मदद करने के लिए एक वैज्ञानिक डेटाबेस को बनाए रखने के उद्देश्य से किया जाता है।

# गुमला चेंबर की द्वितीय मासिक बैठक संपन्न, कई एजेंडे पर हुई चर्चा




**गुमला :** बस स्टैंड रोड स्थित गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में गुमला चैंबर की सत्र 2025 की द्वितीय मासिक बैठक चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुई । इस बैठक में कई एजेंडों पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से पारित भी किया गया । सर्वप्रथम सचिव बबलू वर्मा के द्वारा पूर्व बैठक की सम्पुष्टि की गई और इस बैठक तक किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। जैसे उपायुक्त गुमला व नगर परिषद के पदाधिकारी से संपर्क किया गया । अध्यक्ष द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों का अभिनंदन किया गया उसके बाद सहवरण से लिए गए सदस्यों को सर्टिफिकेट दिया गया । अध्यक्ष द्वारा इम्तियाज मिनी को पुनः मीडिया प्रभारी बनाए जाने की घोषणा की गई । फिर कई एजेंडों पर चर्चा हुई जिसमें मुख्य रूप से सबसे महत्वपूर्ण एजेंडा व्यापारी सदस्यों को इस सत्र का सर्टिफिकेट वितरण किए जाने के बारे में था । सर्वसम्मति से पारित हुआ कि कल से ही सर्टिफिकेट वितरण का काम शुरू किया जाए । इसके लिए क्षेत्रवार सदस्यों का सर्टिफिकेट कार्यकारिणी के सदस्यों को बांटने के लिए सौपा गया और सभी सदस्यों को व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ने पर भी सहमति बनी । अध्यक्ष ने जानकारी दी कि15 उप समिति बनाए गए हैं । जिसमें कार्यकारी के सदस्यों के साथ 12 अन्य सदस्यों को भी नामित किया गया है । सभी नए सदस्यों के बारे में जानकारी दी गई और उप समिति का पत्र उप समिति से संबंधित सदस्यों को सौंपा गया। कैसे चेंबर के पदाधिकारी के साथ तालमेल बनाकर अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों का निष्पादन करना है, इसकी जानकारी दी गई, तीसरी एजेंडा में होली मिलन समारोह पर चर्चा हुई और यह तय किया गया कि होली मिलन समारोह का आयोजन चेंबर द्वारा किया जाएगा। तिथि और समय का निर्धारण अगले बैठक में किया जाएगा। इसके बाद उपाध्यक्ष राजेश लोहानी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया और अंत में राष्ट्रीयगान के साथ बैठक समाप्त की गई। बैठक में मुख्य रूप से चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता, मीडिया प्रभारी इम्तियाज मिनी, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा डीके, पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केसरी, दीपक गुप्ता, दिनेश कुमार अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य के मुन्नीलाल साहू, गुरमीत सिंह, दिलीप गुप्ता, राहुल केशरी, नीरज गुप्ता, शंकर लाल साहू, बाबू गुडलक, बृज फोगला, उपसमिति के शिवम जायसवाल, रवि गुप्ता, दीपक अग्रवाल, शेखर अग्रवाल, पंकज सोनी, रूपक कुमार, मो. शाहनवाज, दिनेश कुमार, आदि उपस्थित थे ।

## झुका हुआ बिजली का खंभा दे रहा है दुर्घटना को आमंत्रण

**सिसई ( गुमला) :** सिसई थाना रोड में लगे बिजली खंबा के झुकने व और तार के जर्जर होने से कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। वहां से गुजरने के दौरान लोगों को हमेशा अंदेशा बना रहता है कि बिजली का यह खंबा कभी भी धरायाशी हो सकता है। थाना रोड काफी भीड़-भाड़ वाला रोड है । इस थाना रोड से थाना पोस्ट ऑफिस स्कूल कॉलेज जाने वालों कीभीड़ लगी रहती है। ऐसे में बिजली खंबा दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है । थाना रोड के निवासी और दुकानदार सरफराज अंसारी शाहनवाज अंसारी सरवर अंसारी खुर्शीद अंसारी अमजद अंसारी शंभू कुमार सुधीर साहू आदि का कहना है कि खंभे के झुक जाने से खतरा बढ़ गया है । हमेशा डर रहता है। इन लोगों ने बिजली विभाग से जर्जर बिजली तार और खंबे को हटाकर नए बिजली तार खंबे लगाने की मांग की है।

## द्वितीय गुमला साहित्य महोत्सव का भव्य समापन

**गुमला :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद एवं झारखंड कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वाधान में गुमला प्रशासन द्वारा आयोजिततीन दिवसीय द्वितीय गुमला साहित्य महोत्सव 2025 का भव्य समापन हुआ। यह महोत्सव झारखंड की साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक समृद्धि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। साहित्य, पर्यावरण संरक्षण, सिनेमा, आदिवासी समाज, शिक्षा एवं युवा अभिव्यक्ति जैसे विविध विषयों पर संवाद के इस मंच पर देशभर के प्रख्यात साहित्यकारों, पर्यावरणविदों, गीतकारों, फिल्मकारों एवं समाज सुधारकों ने भाग लिया।

# गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में कमिंस इंडिया लिमिटेड ने किया प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन




**गुमला :** गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज ने 17 फरवरी 2025 को कमिंस इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव की सफलतापूर्वक मेजबानी की, जिसमें विभिन्न पॉलिटेक्निक संस्थानों के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण रोजगार अवसर प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के 16 विभिन्न पॉलिटेक्निक कॉलेजों से 510 छात्रों ने पंजीकरण कराया, जिसमें भारी प्रतिक्रिया देखी गई।प्लेसमेंट ड्राइव की शुरूआत कॉलेज के सेमिनार हॉल में प्री-प्लेसमेंट टॉक के साथ हुई, जहाँ कमिंस इंडिया लिमिटेड की मानव संसाधन टीम ने छात्रों को कंपनी, इसकी कार्य संस्कृति और कैरियर की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कंपनी के प्रतिनिधि ने संभावित भर्ती के लिए उम्मीदवारों का मूल्यांकन करने के लिए तकनीकी और मानव संसाधन साक्षात्कार आयोजित किए। चयन प्रक्रिया के परिणाम 19 फरवरी 2025 तक छात्रों को ईमेल के माध्यम से सूचित किए जाएंगे।प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन कमिंस इंडिया लिमिटेड की टीए टीम के प्रमुख प्रतिनिधि श्री अदनान मोहम्मद द्वारा किया गया। कमिंस इंडिया लिमिटेड तीन प्राथमिक व्यावसायिक इकाइयों - इंजन, पावर सिस्टम और वितरण - में काम करता है, जो ऑटोमोटिव क्षेत्र के लिए डीजल और प्राकृतिक गैस इंजन, साथ ही जनरेटर और पावर सिस्टम का निर्माण करता है। 1962 में स्थापित, कंपनी लगभग 30 बिलियन डॉलर के वार्षिक राजस्व के साथ अपने क्षेत्र में लगातार अग्रणी रही है। गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज अपने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और करियर के अवसर प्रदान करने में बहुत गर्व महसूस करता है। गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज के निदेशक श्री अभिजीत कुमार पूल कैंपस ड्राइव में ऑनलाइन शामिल हुए और छात्रों की सफलता को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय रोजगार सृजन में गुमला जिले की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने आश्वासन दिया कि संस्थान अपने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अग्रणी कंपनियों के साथ मिलकर प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करना जारी रखेगा। छात्रों को संबोधित करते हुए, प्रिंसिपल डॉ. शिबा नारायण साहू ने प्लेसमेंट ड्राइव के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया और छात्रों की लगन और कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा, ₹हम अपने छात्रों को सर्वश्रेष्ठ करियर के अवसर प्रदान करने और पेशेवर दुनिया में उनकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुझे उम्मीद है कि आप में से प्रत्येक अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे और इस अवसर का पूरा लाभ उठाएंगे ।इस कार्यक्रम में प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी ब्रोतीश पालित, विभागाध्यक्ष और संकाय सदस्य उपस्थित थे, जिन्होंने प्लेसमेंट अभियान के सुचारू क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# किसानों के लिए बेहतर आय का साधन सिद्ध हों रही मशरूम की खेती : सुमंत कुमार



**बिशुनपुर (गुमला) :** जिले के किसानों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने को लेकर नाबार्ड वाड़ी परियोजना विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।इसे लेकर जिले के किसानों को धान व गेहूं की खेती के अलावे अन्य खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।इसी के नीमित गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड के विभिन्न गाँव बेंदी, चम्पाटोली, चिंगरी, जेहनगुटवा के किसानों कों एक दिवसीय मशरूम की खेती के लिए प्रशिक्षण दिया गया. यह प्रशिक्षण किसानो को निःशुल्क दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद किसानों को निःशुल्क स्पॉम भी दिया गया, ताकि वे इसकी खेती शुरू कर सकें।विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंन्द्र भगत ने कि मशरूम की खेती एक नार्मल टेंपरेचर में भी हो सकती है, जिसका लगभग तापमान 20 से 25 डिग्री होता है. यदि हम तापमान को मेंटेन कर लेते हैं तो मशरूम की खेती में कोई परेशानी नहीं होगी. एक कमरे के अंदर 200 मशरूम के बैग आसानी से लगाया जा सकते हैं, जिसमें 5000 रुपए तक का खर्चा आता है और हमको 15 हजार से 20000 हजार का मुनाफा आसानी से मिल सकता है । जिला कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर के वैज्ञानिक सुनील कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। किसान प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपने अपने घरों में जाकर ओयस्टर मसरूम और बटर मसरूम की खेती करेंगे। इसकी बाजार में काफी मांग है, जिसकी वजह से किसानों को कही और जाने की जरूरत नहीं होगी। वे अपनी फसल को आस पास के बाजारों में ही बेच सकते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक मजबूती मिलेगी और वे आर्थिक रूप से मजबूत बनेंगे। वही ट्रेनर राजीव कुजूर नें बताया की मशरूम की खेती के दौरान फसल को बाईट मोल्ड, ग्रीन मोल्ड और येलो मोल्ड बीमारी हो सकती है. इन बीमारियों के कारण मशरूम का रंग बदल जाता है. पैदावार कम हो जाती है. इन बीमारियों से खेती को बचाने के लिए शेड में पानी और ऑक्सीजन को बनाए रखना बेहद जरूरी हो जाता है, ताकि इन बीमारियों से खेती को नुकसान से बचाया जा सके.

इस दौरान नाबार्ड परियोजना के नोडल अधिकारी सुमंत जी नें बताया कि गुमला जिले में मशरूम की खेती को बढ़ावा दिए जाने के लिए नाबार्ड परियोजना के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. मशरूम की खेती से वें अधिक मुनाफा कमा सकते हैं. उन्होंने आगे कहा कि यह प्रशिक्षण ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम में विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, केवीके के सुनील कुमार ,ट्रेनर राजीव कुजूर,परियोजना समन्वयक दीपक सहित 50 किसान उपस्थित थे।

## चंचल सिग्नस इंग्लिश मीडियम स्कूल अरमई गुमला मे वर्ग नर्सरी से आठवीं तक में नामांकन जारी

**गुमला :** चंचल सिग्नस इंग्लिश मीडियम स्कूल अरमई गुमला मे वर्ग नर्सरी से आठवीं तक में नामांकन जारी है।वर्ग नर्सरी,एल के जी व यूं के जी में बच्चे बच्चियों का सीधा नामांकन लिया जा रहा है। वहीं स्टैंड वन से आठवीं तक तक में नामांकन हेतु नामांकन फार्म का वितरण किया जा रहा है। स्टैंडर्ड वन से आठवीं तक में नामांकन हेतु स्थान सीमित है। इच्छुक अभिभावक कार्यालय अवधि में सम्पर्क करें।

# ग्रामीण विकास, मनरेगा और पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा की



**लोहरदगा :** दीपिका पाण्डेय सिंह, मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग, ने आज लोहरदगा परिसदन में ग्रामीण विकास विभाग, मनरेगा और पंचायती राज विभाग के योजनाओं की समीक्षा इधर समीक्षा में सर्वप्रथम मनरेगा में जिला परियोजना पदाधिकारी द्वारा विभिन्न योजनाओं के प्रगति की जानकारी दी। इसमें मनरेगा के बजट अंतर्गत व्यय किये गए राशि की जानकारी दी गयी। साथ मानव दिवस सृजन, गांवों में संचालित योजनाओं, मनरेगा अंतर्गत मनरेगा सप्ताह की प्रगति, पोटो हो खेल विकास योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। अबुआ आवास योजना में मजदूरी भुगतान को सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। अबुआ आवास के अयोग्य लाभुकों की छंटनी कर योग्य को इसका लाभ दिया जाय। अगर बिचौलियों द्वारा किश्त की राशि के लिए पैसों की मांग करने की शिकायत आती है तो इसकी जांच करें और कार्रवाई करें। अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना है जिसमें किसी प्रकार की कोताही ना बरती जाए।

सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा टोला चिन्हित करने का निर्देश दिये गया जहां पहुंच पथ नहीं है, ताकि वैसे क्षेत्रों में मिट्टी-मोरम का रास्ता उपलब्ध कराया जा सके। जहाँ अभी भी पोटो हो खेल विकास योजनाएं ली गयी हैं उन्हें जल्दी पूर्ण कराएं।

कार्यक्रम में जेएसएलपीएस की योजनाओं, जल छाजन योजना, पंचायती राज की योजना की समीक्षा की गई।

जिला में विभिन्न निमार्णाधीन सड़कों व पुलों की समीक्षा की गई। अधूरे सड़कों व पुलों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

आज की बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, आवास योजनाओं के जिला समन्वयक, परियोजना पदाधिकारी मनरेगा आदि उपस्थित थे।

# चैनपुर में नॉन बैंकिंग कंपनियों में जमा पैसे का भुगतान की मांग को लेकर झारखंड नवनिर्माण दल के अगुवाई मे जनसभा का आयोजन

**चैनपुर (गुमला) :** चैनपुर में नॉन बैंकिंग कंपनियों में जमा पैसे का भुगतान सरकार से करने की मांग को लेकर झारखंड नवनिर्माण दल के अगुवाई चैनपुर के बारवे मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस आंदोलन में हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हुए और अपने जमा पैसे की मांग को लेकर सरकार को आंदोलन की चेतावनी दी।झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय कुमार सिंह ने कहा कि सहारा इंडिया जैसे कई नन बैंकिंग कंपनियों में क्षेत्र के गरीब लोगों का खून पसीने की कमाई का पैसा जमा है लेकिन केंद्र और राज्य सरकार गरीबों का पैसा दिलवाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन अभी लगातार जारी रहेगा और सरकार जितनी जल्दी हो सके लोगों को पैसा दिलाए। उन्होंने बताया कि लोगों को पैसा दिलवाने के लिए झारखंड नवनिर्माण दल ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच बनाकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आंदोलन से ही लोगो का पैसा दिलाया जाएगा। इस आंदोलन में उपस्थित लोगों ने अपने जमा पैसे की मांग की और सरकार से अपने पैसे को सुध समेत दिलाने की मांग की। चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि साइबर अपराधी इन्ही चीजों का फायदा उठाकर लोगों से ठगी करते हैं। इसलिए लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि पैसा दिलाने के नाम पर अगर कोई पैसा मांगता है तो बिना जांच पड़ताल के कृपया ना दें। जागरूकता से ही साइबर ठगी से बचा जा सकता है। जनसभा के बाद उपस्थित लोग रैली के रूप में अल्बर्टा का चौक होते हुए ब्लॉक पहुंचे और ब्लॉक में प्रखंड विकास पदाधिकारी को झारखंड सरकार के नाम ज्ञापन सोपा। यह आंदोलन एक बड़ा कदम है जो गरीब लोगों के अधिकारों की लड़ाई के लिए उठाया गया है। इस मौके परझारखंड नवनिर्माण दल ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर जल्दी ही जमा पैसे का भुगतान नहीं किया गया, तो वे बड़े आंदोलन के लिए तैयार हैं। आंदोलन के नेताओं ने कहा कि वे सरकार के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं, लेकिन सरकार को जमा पैसे का भुगतान करना होगा।

## अनाथ बच्चों की डालसा ने ली सुध, बच्चों की शिक्षा का होगा प्रबंध

**गुमला :** गुमला करम टोली में अनाथ बच्चों का मामला अखबार में छपने के बाद माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ने मामले का संज्ञान लेते हुए सचिव डालसा को घटना की जानकारी कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिस क्रम में डालसा के सचिव रामकुमार लाल गुप्ता के निर्देश पर पीएलबीयों ने घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनकी स्थिति की जानकारी लिया। गुमला शहरी क्षेत्र के वार्ड संख्या 16 करम टोली बस्ती शनिचरावा महली के घर पीएलवी राजेश सिंह एवं प्रेम कुमार शाह पहुंचे तथा उनके परिजनों से मिलकर उनके घर की स्थिति जाना। मृतक तेतरु महली की पत्नी का निधन पहले हो चुका है। परिवार में मृतक के पिता शनिचरवा महली तथा माता पैरों देवी हैं। स्वर्गीय तेतरु महली के तीन बच्चे हैं जो अभी अपने दादा-दादी शनिचरवा महली व पैरों देवी के साथ रह रहे हैं। शनिचरवा महाली रिक्शा चलाकर अपना जीवन यापन करते हैं। पैरों देवी को वृद्धा पेंशन मिलता है। परिवार का राशन कार्ड है जिसे राशन मिलता है। सचिव श्री गुप्ता ने कहा कि बच्चों को स्पॉन्सरशिप से जोड़ा जाएगा तथा बड़ी बच्ची को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन कराया जाएगा।

## राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत किसानों के बीच किया गया पपीता पौधा का वितरण



**भरनो (गुमला) :** उद्यान विभाग गुमला के द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत सोमवार को किसानों के बीच पपीता पौधा का वितरण किया गया। जिसमे प्रखंड के पोखरा टोली गांव में 2 किसान और पबेया गांव में 18 किसानों के बीच जिला उद्यान पदाधिकारी तमन्ना प्रवीण ने पपीता का पौधा वितरण किया। प्रति किसान 310 पौधा दिया गया। साथ ही किसानों को पौधा लगाने की विधि और देखभाल करने का तरीका बताया गया। इस मौके पर मुखिया सुशील उरांव ने लाभुक किसानों को कहा कि आपलोगो को जो पपीता का पौधा दिया गया है उसका आपलोग अच्छे से लगा कर इसके फल से अच्छा मुनाफा कमा कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार सकते हैं। मौके पर वीरेंद्र कुमार सिंह, विजय प्रसाद, विशु उरांव, आयता उरांव सहित कई किसान उपस्थित थे।

# पहला सत्र : झारखंड- पर्यावरण संरक्षण और वाइल्डलाइफ पर चर्चा

**लोहरदगा :** महोत्सव के प्रथम सत्र में पर्यावरण संरक्षण एवं वाइल्डलाइफ पर गहन चर्चा हुई। इस सत्र में प्रख्यात पक्षी विज्ञानी, लेखक एवं संरक्षणवादी बिक्रम ग्रेवाल और प्रसिद्ध लेखक चंद्रहास चौधरी ने भाग लिया। बिक्रम ग्रेवाल ने बर्ड वॉचिंग को बढ़ावा देने पर बल दिया और इसे ₹प्राकृतिक सौंदर्य को देखने और समझने का अनमोल तरीका₹ बताया। उन्होंने बताया कि यह निःशुल्क गतिविधि है और इसे सभी को अपनाना चाहिए। उन्होंने नागालैंड में पक्षी संरक्षण की दिशा में किए गए प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे वहाँ अक्टूबर के माह में प्रत्येक दिन 10,000 पक्षियों का शिकार किया जाता था, लेकिन जागरूकता अभियान के माध्यम से इसे घटाकर 50-60 तक लाया गया। उन्होंने कहा कि यदि प्रकृति का संतुलन बनाए नहीं रखा गया, तो भविष्य में गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है।उन्होंने ओर्निथोलॉजी (पक्षी विज्ञान) में करियर के अवसरों पर भी चर्चा की और कहा कि ₹प्राकृतिक संतुलन बनाए रखना ही जीवन का आधार है₹। उन्होंने दुर्लभ पक्षियों के बारे में भी जानकारी दी और इस बात पर जोर दिया कि हर जीव का अस्तित्व किसी न किसी रूप में हमारे पर्यावरण को संतुलित करने में सहायक होता है।

### दूसरा सत्र : वरुण ग्रोवर के साथ संवाद

दूसरे सत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता गीतकार, लेखक और स्टैंडअप कॉमेडियन वरुण ग्रोवर ने अपनी साहित्यिक और सिनेमाई यात्रा साझा की। यदुवंश प्रणय ने उनसे विभिन्न सवाल किए और उनके जीवन एवं करियर के अनछुए पहलुओं को उजागर किया।वरुण ग्रोवर ने बताया कि कैसे पढ़ने की आदत ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में किताबों को लेकर उत्सव होना चाहिए, क्योंकि पढ़ने की आदत हमारे व्यक्तित्व को निखारती है। उन्होंने अपनी लेखन यात्रा, शुरूआती संघर्ष, गैंग्स ऑफ वासेपुर, मसान (2015) और अन्य फिल्मों के लिए किए गए कार्यों के बारे में बताया।उन्होंने स्टैंडअप कॉमेडी को अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बताया और कहा कि कॉमेडी में वे उन चीजों को कह सकते हैं, जो अन्य माध्यमों से कहना मुश्किल होता है। उन्होंने अपनी फिल्म ₹ऑल इंडिया रैंक 1₹ पर भी चर्चा की, जो शिक्षा प्रणाली और छात्रों पर पढ़ाई के दबाव को दशार्ती है।

### तीसरा सत्र : आदिवासी साहित्य और समाज : महेश्वर सोरेन और संजीव कुमार मुर्मू के साथ संवाद

इस सत्र में आदिवासी समाज और उसकी समस्याओं पर लेखनी की भूमिका पर गहन विचार-विमर्श हुआ। महेश्वर सोरेन, जो एक फामेर्सी ऑफिसर और प्रसिद्ध साहित्यकार हैं, ने बताया कि उन्होंने पांचवीं कक्षा से ही लेखन की शुरूआत की।उन्होंने कहा कि ₹जहाँ अंधविश्वास हावी है, वहाँ बदलाव लाने के लिए साहित्य की शक्ति अत्यंत आवश्यक है₹। उन्होंने अपने लेखन के माध्यम से आदिवासी समाज की समस्याओं को उजागर करने और उनके समाधान की दिशा में किए गए प्रयासों की जानकारी दी।

### चौथा सत्र : लाइब्रेरी मैन संजय कच्छप के साथ संवाद

संजय कच्छप, जिन्होंने झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में लाइब्रेरी आंदोलन की शुरूआत की, ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि शराब की दुकानें आसानी से गाँवों में पहुँच गईं, लेकिन पुस्तकालय नहीं। इसी सोच के साथ उन्होंने 2008 में सामुदायिक भवनों को पुस्तकालयों में बदलने की पहल की।उन्होंने कहा कि उनकी मुहिम का उद्देश्य हर गाँव और हर समुदाय तक किताबों की पहुँच सुनिश्चित करना है। उन्होंने युवाओं को पढ़ने की आदत विकसित करने और ज्ञान की रोशनी फैलाने की अपील की।

### पाँचवां सत्रः साहित्य और पहचान : उदय प्रकाश और पंकज मित्रा के साथ संवाद

इस सत्र में चर्चित साहित्यकार उदय प्रकाश और पंकज मित्रा ने ₹वल्ल१ंप्ी’ल्लॅ र३ङ्क१ी२ः ळर्थ३ङ्कल्लं’ कील्ल३३८ ल्लॉ ए७स्त्र१ी२२ङ्क्ल्ल₹ विषय पर विचार साझा किए।उदय प्रकाश ने कहा कि ₹हर व्यक्ति अपने आप में एक उपन्यास और एक कहानी है₹। उन्होंने कहा कि ₹साहित्य केवल आधुनिक जीवन के लिए नहीं है, बल्कि प्रकृति और संस्कृति से जुड़कर लिखी गई कहानियाँ अधिक प्रभावशाली होती हैं।

### छठा सत्र : फिल्म मेकिंग ओडिसी जीशान कादरी के साथ चर्चा

इस सत्र में प्रसिद्ध लेखक, अभिनेता एवं निर्देशक जीशान कादरी ने फिल्म निर्माण की प्रक्रिया और अपने संघर्षों पर बात की। उन्होंने कहा कि ₹सिनेमा या तो अच्छा होता है या बोरिंग, जिसे हम आर्ट फिल्म का नाम दे देते हैं। उन्होंने गैंग्स ऑफ वासेपुर के निर्माण की कहानी, फिल्म इंडस्ट्री में अपने संघर्ष और नए लेखकों एवं निर्देशकों के लिए सुझाव साझा किए। उन्होंने कहा कि ₹हर क्षेत्र में संघर्ष होता है, लेकिन मेहनत से सफलता अवश्य मिलती है।

# लोहरदगा में अमर शहीद वीर बुधू भगत की जयंती के अवसर पर जतरा सह विकास मेला में पहुँची मंत्री दीपिका पांडेय सिंह



**लोहरदगा :** मैना बगीचा में अमर शहीद वीर बुधू भगत की जयंती के अवसर पर जतरा सह विकास मेला का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विशिष्ट अतिथि कुमार जयमंगल एवं लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वगत पारंपरिक तरीके से किया गया। जिसके बाद मैना बगीचा चौक में स्थापित शहीद वीर बुधू भगत के प्रतिमा के समीप पूजा-पाठ एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रंद्धाजलि दी गई। इसके पश्चात अतिथियों को मंच तक लाया गया। औ? कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि राज्य में जितने शहीदों की जन्मस्थली है वहां को विशेष पहचाने दिलाने का कार्य राज्य सरकार करेगी। टीको, कुडू में शहीद वीर बुधू भगत, शहीद हलधर, गिरधर, रूनिया एवं झुनिया की शहादत स्थली को पर्यटन स्थल के रूप में राज्य सरकार पहचान दिलाएगी। नई पीढी के युवाओं को भी शहीदों के बारे जानना चाहिए। जहां-जहां शहीदों की याद में कार्यक्रम उनकी जन्मस्थली में आयोजित हो रहे हैं, सरकार ऐसे स्थानों में जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रही है। उन्होंने कहा सरकार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान कर रही है। युवाओं को रोजगार दे रही है। आवास योजना, मईंया सम्मान योजना आदि से अच्छादित किया जा रहा है। युवाओं को कुशल बनाकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जा रहा है। हम उद्योग लगाएंगे ताकि यहां के युवाओं को यहीं रोजगार मिल सके। सुदूरवर्ती गांवों को मुख्य धारा से जोड़ेंगे। वहीं सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि कुडू प्रखंड के ग्राम टीको में वीर बुधू भगत, उनके बेटों व बेटियों के शहादत स्थल को राज्य सरकार के प्रयास से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेंगे। यहां के बच्चों को राज्य के शहीदों के बारे उनके पाठ्य-पुस्तकों में ही जानकारी मिले, इसके लिए राज्य सरकार से बातचीत कर पाठ्य पुस्तक में इस अध्याय को शामिल कराया जाएगा। शहीद वीर-बुधू भगत ने लरका आंदोलन में बड़ी भूमिका निभायी। जल, जंगल और जमीन के लिए उन्होंने ना सिर्फ अपनी शहादत दी बल्कि उनके दो बेटों हलधर और गिरधर, बेटियों रूनिया और झुनिया ने भी अपनी शहादत दी।

# केंद्रीय बजट 2025 पर भाजपा जिला कार्यालय पिंडरा में परिचर्चा आयोजित

रांची एक्सप्रेस संवाददाता




**गढ़वा :** केंद्रीय बजट 2025 को लेकर भाजपा जिला कार्यालय, पिंडरा गढ़वा में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि मोदी सरकार का यह बजट पूरी तरह जनहित में है और इससे सामान्य जन को काफी लाभ मिलेगा।

मुख्य वक्ता श्रीकांत दुबे ने कहा कि यह बजट ऐतिहासिक है, जो युवाओं, महिलाओं और गरीबों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। उन्होंने इसे जनहित में बड़ा कदम बताया।

पूर्व सांसद घुरन राम ने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विश्वगुरु बनाने के लिए दिन-रात कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया और धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता ने दिया।

इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश तिवारी, विनय चौबे, गढ़वा विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी, मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, जितेंद्र चंद्रवंशी, पवन कुमार, ओमप्रकाश दास, कंचन पांडेय, अंसाद बाबू, धनंजय गौड़, विकास तिवारी, विशाल गुप्ता, रविंद्र साव सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रखंड, अंचल और नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध निकाला पैदल मार्च

## 11 सूत्री मांगों को लेकर समर्थकों के साथ आमरण अनशन पर बैठे राजीव रंजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता




**हरिहरगंज/पलामू :** हरिहरगंज प्रखंड सह अंचल तथा नगर पंचायत कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध और क्षेत्र ज्वलंत मुद्दों को लेकर भाजपा नेता समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में 11 सूत्री मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चित कालीन आमरण अनशन शुरू हो गया।

इससे पहले शहरी क्षेत्र के अररूआ खुर्द मिडिल स्कूल के मैदान से सैकड़ों की संख्या में लोगों ने हाथ में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते आमरण अनशन स्थल प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचे । इस दौरान अनशन स्थल पर भाजपा नेता के साथ ही उनके सैकड़ों समर्थक भी मौजूद रहे । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देव कुटुंबा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललन भुइंया ने कहा कि गरीबों के सकारात्मक विकास के प्रति झारखंड सरकार विपरीत कार्य कर रही है। सभी सरकारी कार्यालयों में घूसखोरी, भ्रष्टाचार चरम पर है। अधिकारी बेलगाम हो गए हैं। अलावे अन्य कई वक्ताओं ने प्रखंड सह अंचल और नगर पंचायत कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर जमकर प्रहार किया। कहा कि जन समस्याओं को लेकर अधिकारियों को वर्षों से मौखिक और लिखित रूप से शिकायत किया गया बावजूद इसके अधिकारियों की कान में जूं तक नहीं रेंगी। जब भी क्षेत्र के लोग अपनी समस्या लेकर आते हैं तो उनकी समस्याओं को तत्काल निदान करने के बजाय उन्हें टालमटोल कर टरकाया जाता रहा है। इसे देखते हुए विवश होकर आमरण अनशन को बाध्य होना पड़ा।

उनका कहना है कि समय रहते अगर सभी मांगे पूरी नहीं की गई तो प्रखंड के बाद जिला मुख्यालय और विधानसभा भवन पर भी आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेपी गुप्ता तथा मंच का संचालन विनोद पासवान ने किया। इस अवसर पर खड़गपुर मुखिया काजल कुमारी,अजय सिंह, संजय जायसवाल, अखिलेश मेहता, विश्वदीप कुमार, दिनेश स्वर्णकार,अरुण सिंह, अजय विश्वकर्मा, विनोद पासवान, विजय प्रजापति, ओमप्रकाश सिंह, सुरेश चौधरी, अवधेश मेहता, धनंजय मेहता, मृत्युंजय सिंह, रविरंजन वर्मा, राजीव रंजन मिश्रा, शंभू मेहता सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 240 योजनाओं को मिली मंजूरी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**गढ़वा:** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, धरती आभा जनजातीय उत्कर्ष अभियान और आकांक्षी जिला नीति आयोग से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल 240 योजनाओं को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत जिले में रेसकुर्लेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम (फ्अर), बायोफ्लॉक इकाइयां, आइस बॉक्स के साथ मोटरसाइकिल, मत्स्य हेचरी, और मत्स्य आहार उत्पादन हेतु फीड मिल जैसी योजनाओं पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने इन योजनाओं को शीघ्र पूरा करने और जिले को मत्स्य पालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का निर्देश दिया।

अभियान के तहत आदिम जनजातियों को मत्स्य पालन में शामिल करते हुए ओबरा भदुआ और चिनिया ब्लॉक के चिरका जलाशय में 50 केज मत्स्य पालन इकाइयों को मंजूरी दी गई। इन परियोजनाओं पर लगभग 300 लाख रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।

बैठक में सामुदायिक मत्स्य पालन की 115 इकाइयों को भी मंजूरी दी गई, जिनकी प्रति इकाई लागत 4 लाख रुपये होगी। इन योजनाओं से विस्थापित परिवारों को रोजगार और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

मीठे पानी के महाझींगा पालन को बढ़ावा देने के लिए नीति आयोग की निधि से विशेष परियोजना शुरू करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को इसे सफलतापूर्वक लागू करने के लिए कहा।

बैठक में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, निदेशक ऊछ्अ रविश राज सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, और कई अन्य अधिकारी एवं मत्स्य पालक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## शहीद वीर बुधु भगत की जयंती मनी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के दिवाकर नगर स्थित पडहा भवन में शहीद वीर बुधू भगत की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । मौके पर शहीद वीर बुधु भगत के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया । मौके पर बोलते हुए पड़हा राजा प्रभूदयाल उरांव ने कहा कि वीर बुधू भगत ने अंग्रेजों को भगाने के लिए अपनी जान तक कुर्बान कर दी ।मजदूर नेता प्रदीप गंझू ने कहा कि वीर बुधु भगत ने जल, जंगल और जमीन को बचाने में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया।

# पांकी के राजीव फैंसी मॉल में लगी आग, लगभग 60 लाख से अधिक की संपत्ति जलकर खाक

## घटना के 2 घंटे बाद दमकल कर्मियों की मदद से बुझायी जा सकी आग

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**पांकी :** प्रखंड के मुख्य बाजार रोड स्थित व्यवसाई राजीव गुप्ता के कपड़ा के प्रतिष्ठान राजीव फैंसी मॉल में बिते रात लगभग 11:00 बजे अचानक आग लग गई, जिससे दुकान के सभी सामान जलकर नष्ट हो गए, अगलगी की घटना के बाद मौके पर पहुंचे पांकी प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद समेत चेंबर ऑफ कॉमर्स के कई व्यवसाईयों समेत अन्य ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन भयानक आग लगने से वे इसे बुझाने में असमर्थ रहे, अंततः प्रखंड प्रमुख के पहल पर दमकल को कॉल किया गया व घटना के कई घंटे बाद दमकल की गाड़ी स्थल पर पहुंची एवं दमकल कर्मियों की मदद से घंटो बाद आग बुझाया जा सका व घटनास्थल से सटे अन्य दुकान एवं घर को जलने से बचाया जा सका। आग किस कारण से लगी यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, वहीं पांकी पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के संबंध में भुक्तभोगी राजीव गुप्ता ने बताया कि इस घटना से उन्हें लगभग 60 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है, व आग किसी व्यक्ति के द्वारा जानबूझकर लगाई गई है क्योंकि दुकान बंद करने के पूर्व वे बिजली एवं इनवर्टर का कनेक्शन काट देते थे ऐसे में शॉर्ट सर्किट से आग लग ही नहीं सकती।

आपको बता दें कि बीते कुछ महीनों से प्रखंड क्षेत्र में अगलगी कि कई घटना हो चुकी है ऐसे में प्रखंड क्षेत्र में दमकल की गाड़ियां उपलब्ध नहीं होने के कारण आग पर तुरंत काबू नहीं पाया जा रहा है व लोगों को लाखों का नुकसान हो जा रहा है।

पांकी प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद समाजसेवी मुकेश सिंह चंदेल, उप प्रमुख अमित चौहान राजद प्रखंड अध्यक्ष तौकीर आलम समेत कई जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड क्षेत्र में दमकल की व्यवस्था करवाने हेतु प्रशासन से गुहार लगाई है ताकि इस तरह की घटना पर तत्काल काबू पाया जा सके।

# रणपुरा में घर-घर चला फाइलेरिया की दवा वितरण और जागरूकता अभियान

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**गढ़वा, रंका :** 10 से 25 फरवरी तक चल रहे फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम विभिन्न गांवों में फाइलेरिया की दवा का वितरण कर रही है। रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. असजद अंसारी के नेतृत्व में रणपुरा गांव में ग्रामीणों को दवा दी गई और फाइलेरिया से बचाव के उपाय बताए गए।

डॉ. अंसारी ने ग्रामीणों को बताया कि फाइलेरिया एक परजीवी संक्रमण है, जो मच्छरों के काटने से फैलता है। यह हाथी पांव जैसी गंभीर समस्याएं पैदा कर सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से निःशुल्क दी जा रही दवा भोजन के बाद सेवन करने की अपील की

स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर दवा वितरित कर रही है। उन्होंने बताया कि बच्चे, गर्भवती महिलाएं और गंभीर रोगी दवा न लें, लेकिन बाकी सभी इसका सेवन जरूर करें।

फाइलेरिया से बचाव के सुझाव : घर और आसपास की सफाई रखें। पानी जमा न होने दें। मच्छरदानी का उपयोग करें। पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें। रणपुरा गांव के ग्रामीणों ने अभियान का समर्थन करते हुए दवा सेवन का आश्वासन दिया। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाना है।

# डॉ. अरशद अंसारी को डायबिटीज के क्षेत्र में मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**गढ़वा:** डायबिटीज इंडिया द्वारा 13 से 16 फरवरी आयोजित अहमदाबाद इंटरनेशनल डायबिटीज कॉन्फ्रेंस के दीक्षांत समारोह में गढ़वा के प्रसिद्ध फिजिशियन डॉ. अरशद अंसारी को फैलोशिप इन डायबिटोलॉजी से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि और इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. पीटर सवाज ने गढ़वा जिले में डायबिटीज के क्षेत्र में जागरूकता फैलाने, उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा प्रदान करने और सराहनीय अनुसंधान कार्यों के लिए यह उपाधि प्रदान की।

इस अवसर पर डॉ. सवाज ने प्रतिभागियों को गरीब और जरूरतमंद मरीजों की सेवा करने की शपथ भी दिलाई। समारोह में देश-विदेश के नामी चिकित्सक और शोधकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने डायबिटीज के इलाज और नवीन तकनीकों पर अपने विचार साझा किए।

डॉ. अरशद अंसारी की इस उपलब्धि पर गढ़वा जिले में हर्ष का माहौल है। यह सम्मान न केवल डॉ. अंसारी बल्कि पूरे गढ़वा के लिए गर्व की बात है।

## मिशन समृद्धि का अभियान जारी

**मेदिनीनगर :** मिशन समृद्धि का हर अभियान जो शुरू हुआ वह कभी रुका नहीं,बल्कि और जुड़ता ही गया। समृद्धि की रोटी अभियान कोरोना काल से पहले करीब चालीस घरों से रोटी हर दरवाजे पर लिये जाते थे। अब फिर से रोटी देनेवाले परिवार का आग्रह है कि हमलोगों से रोटी लेना फिर से शुरू कीजिये। यह डिमांड मिशन के कार्यों को देखकर ही किया जा रहा है। उनकी भावनाओं का अवश्य ध्यान रखा जाएेगा। अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों और शनि मंदिर में पूरी सब्जी का पैकेट चालीस व्यक्तियों के बीच वितरण किया गया। यह कार्य हम सबकी सेवा की भावना को सुकून देता है। भोजन देने वाले परिवारों का शुक्रगुजार हैं जिनके सहयोग से यह अभियान चल रहा है। बेबी पाण्डेय ममता आशा शर्मा शिल्पी गोस्वामी बैजन्ती गुप्ता वीणा राज सबों का सहयोग सराहनीय होता है।

# पीएचडी विभाग के जेई ने किया ब्लू पानी का निरीक्षण

रांची एक्सप्रेस संवाददाता




**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक परिसर में करोड़ों रुपए की लागत से बने जलमीनर वर्षों से बेकार पड़ा हुआ है ।जिससे लोगों को साफ पानी नहीं मिल पा रहा है । कुछ वर्ष पूर्व तक बालूमाथ के रामघाट नदी से पानी लाकर जल मीनार में पानी चढ़ाया जाता था और वहां से घरों में पानी की सप्लाई की जाती थी ।लेकिन रामघाट नदी का जलस्तर गर्मी के दिनों में सूख जाने के कारण पानी की सप्लाई बाधित हो जाती है ।वही पीएचडी विभाग जेई मंगल मिंज, बालूमाथ मुखिया नरेश लोहार ने बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र से सटे ब्लू पानी का निरीक्षण किया और वहां से वाटर सप्लाई करने की बात कही ।जेई मंगल मिंज ने बताया कि ब्लू डैम का पानी गर्मी के दिनों में भी नहीं सूखता है जिस कारण अब यहां से वाटर सप्लाई करने की योजना बनाई जा रही है। लोगों को जल्द ही पानी सप्लाई मिलने लगेगा।

# वैज्ञानिक खेती और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए किसान मेला का आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता




**मेदिनीनगर:** संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र के तत्वावधान में अड़ागड़ा मैदान में किसान मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य वैज्ञानिक पद्धति से खेती, प्राकृतिक संसाधनों के समेकित प्रबंधन और भूखमुक्त पंचायत निर्माण की प्रक्रिया के प्रति किसानों को जागरूक करना था। मेला में शाम 6 बजे तक लोग आते रहे और विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के खाद्य सुरक्षा अधिनियम के सलाहकार बलराम जी, भूखमुक्त पंचायत अभियान के विकास कुमार, संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार, प्रधान सौरभ, कुंडपानी की सिस्टर जेसिंता, बांसडीह खुर्द की मुखिया संगीता देवी, रामगढ़ प्रमुख प्रेमनी देवी, उप मुखिया पुष्पा देवी, पूर्व मुखिया सुशीला देवी, किसान मित्र जैनुल (गुड्डू) और सामाजिक कार्यकर्ता बजरंगी प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सुप्रीम कोर्ट के सलाहकार बलराम जी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों के विकास के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है, लेकिन उनका लाभ उठाने के लिए स्वयं किसानों को आगे आना होगा। साथ ही, उन्होंने अपने मौलिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए किसानों को संगठित रहने की अपील की।

वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार ने कहा कि समाज जाति में विभाजित है, जिससे एकता की कमी दिखती है। किसानों को पानी, सिंचाई व्यवस्था, उन्नत बीज और नई तकनीक की जानकारी की सबसे अधिक आवश्यकता है। इसके लिए ग्राम सभाओं को सक्रिय होना होगा, क्योंकि ग्राम सभा की सक्रियता का अर्थ है पूरे गांव के लोगों की जागरूकता।

मेले के समापन पर प्रदर्शनी में भाग लेने वाले किसानों और सांस्कृतिक कलाकारों को सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। किसानों को कीटनाशक स्प्रेयर, कुदाल, हसुआ, चादर, गमछा और धोती प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का संचालन राजदेव प्रसाद वर्मा और गोपीनाथ पात्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सभी अतिथियों ने किसान प्रदर्शनी का अवलोकन कर किसानों की सराहना की।

# उपायुक्त ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण के इंतजाम का लिया जायजा

## रेल यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता: उपायुक्त

रांची एक्सप्रेस संवाददाता




**मेदिनीनगर :** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान रेल परिवहन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं अन्य रेल यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने धनबाद रेल मंडल के डालटनगज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लेटफॉर्म की लंबाई-चौड़ाई, भीड़ नियंत्रण के इंतजाम, यातायात व्यवस्था, पार्किंग सुविधा आदि का बारिकी से जायजा लिया। उन्होंने महाकुंभ मेले के लिए प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं एवं अपने गंतव्य तक यात्रा करने वाले अन्य यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिले, इसके लिए सभी आवश्यक उपाय लागू किए जाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी रेल यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सवोच्च प्राथमिकता है। उपायुक्त ने स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 के पूरे क्षेत्र में भ्रमण किया। यहां से स्टेशन के अन्य प्लेटफॉर्म एवं स्टेशन क्षेत्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने भीड़ नियंत्रण के इंतजामों, सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर बैठने की सुविधा, पेयजल, स्टेशन के बाहरी भाग में पार्किंग सुविधा आदि अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने बताया कि डालटनगंज रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन 10 से 15 हजार रेल यात्रियों का आवगमन होता है। विशेषकर शाम से मध्य रात्रि के बाद तक परिचालित एक्सप्रेस और अन्य ट्रेनों में बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर भीड़ की संभावना के मद्देनजर रेलवे प्रशासन को सहयोग हेतु जिला प्रशासन की ओर से मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति एवं मेडिकल टीम एवं एंबुलेंस तैनात करने का निदेश दिया, ताकि रेल यात्रियों को सुविधा मुहैया हो सके। साथ ही मेदिनीनगर नगर निगम की ओर अन्य आवश्यक कदम उठाने का निदेश दिया।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## कुलगो उत्तरी में लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**डुमरी ( गिरिडीह )** युवा कांग्रेस की ओर से सोमवार को कुलगो सचिवालय सभागार में युवा कांग्रेस जिला महासचिव गुड्डु मलिक के नेतृत्व में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पुरषोत्तम चौधरी अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य कारी बरकत अली मुखिया रूक्मिणी देवी पंसस सुशीला देवी उपमुखिया चिन्ता देवी सामाजिक कार्यकर्ता खिरोधर साव आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।शिविर में क्षितिज हॉस्पिटल रांगामाटी के चिकित्सक डॉ अब्दुल्ला एवं डॉ साजिया आफरीन

ने शिविर में आये हुए मरीजों का इलाज करते हुए निशुल्क दवाई दी।इस दौरान दर्जनों लोगों ने अपना इलाज करा कर निशुल्क दवाई प्राप्त किया।मौके पर

अस्पताल के प्रदीप कुमार युवा कांग्रेस के प्रखंड उपाध्यक्ष सनाउल्लाह अंसारी सचिव युसूफ अन्सारी, मनोज सिंह,दीपक जैन,सादिक अली आदि उपस्थित थे।

## डीएसओ ने राशन डीलरों के संग बैठक कर दिये निर्देश



**गिरिडीह ।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा सोमवार को फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार बंसल की अध्यक्षता में सभी प्रखंड अध्यक्षों की एक बैठक बुलाई । बैठक में सभी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष ने भाग लिया जिला आपूर्ति पदाधिकारी गिरिडीह के द्वारा सभी जन वितरण विक्रेता को निर्देशित किया गया कि वैसे व्यक्ति जो राशन कार्ड की अर्हता नहीं रखते हैं और अपना राशन कार्ड बनवा रखे हैं वैसे व्यक्ति को चिन्हित कर उसकी सूची विभाग को उपलब्ध कराई जाए ताकि वैसे व्यक्तियों का राशन कार्ड डिलीट किया बजा सके और उनकी जगह नए गरीब लाभुकों का राशन कार्ड बनाया जा सके ऐसा नहीं करने पर उन्होंने डीलरों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में गिरिडीह नगर अध्यक्ष अमित कुमार सदर प्रखंड अध्यक्ष राजेश राज सरिया प्रखंड अध्यक्ष राजेश वर्मा डुमरी से पंकज राम जमुआ प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण जी बेंगाबाद से पंकज राम और कई मांसाहारी गांव से धीरज सिंह बिरनी से हरिहर दास और लालमणि साहब बाकी सभी प्रखंड से प्रखंड अध्यक्ष मौजूद थे।

## पुष्कर में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक तेंदुए की मौत

**पुष्कर, एजेंसी।** राजस्थान के अजमेर जिले के पुष्कर अजमेर मार्ग पर शनिवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन वर्षीय नर तेंदुए की मौत हो गई। अजमेर रेंज के उपवन संरक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि पुष्कर के क्षेत्रीय वन विभाग कार्यालय में प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी की व पोस्टमार्टम के बाद नियमों के अनुसार तेंदुए का अंतिम संस्कार किया गया। उन्होंने बताया कि पुष्कर अजमेर मार्ग पर स्थित होटल अनंता के सामने हुई इस घटना में अज्ञात वाहन ने तेंदुए को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला वाहन की टक्कर से मौत का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम के दौरान लेपर्ड की तीन पसलियां टूटी हुई पाई गई। उन्होंने बताया कि विस्तृत जांच के लिए नमूने प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

## दक्षिणी दिल्ली में ट्रक की टक्कर लगने से बाइक टैक्सी चालक की मौत, पीछे बैठा व्यक्ति घायल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण दिल्ली के महरौली इलाके में रविवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे 42 वर्षीय बाइक टैक्सी चालक की मौत हो गई जबकि पीछे बैठा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के संबंध में महरौली थाने को सूचना प्राप्त हुई और मौके पर पहुंचने पर अधिकारियों ने एक ट्रक के नीचे फंसी मोटरसाइकिल तथा सड़क पर एक व्यक्ति को पड़ा हुआ पाया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान दिल्ली के छतरपुर निवासी सुनील कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, वह (सुनील) एक अन्य व्यक्ति के साथ जा रहा था कि तभी महरौली-बदरपुर रोड के निकट उनकी मोटरसाइकिल को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# चांडिल में आयोजित कोल्हान कांग्रेस समागम में शामिल होंगे हजारों कार्यकर्ता



**जमशेदपुर ।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जिला स्तरीय तैयारी समिति की बैठक जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने तैयारी समिति के बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश आह्वान पर अगामी 1 मार्च को चांडिल प्रखण्ड के बाडामटांड, चावलीबासा में *कोल्हान प्रमण्डल स्तरीय कांग्रेस समागम* का वृहत आयोजन किया जा रहा है।जिसमें पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में हजारों कार्यकर्तागण शामिल होंगे। इसके लिए सभी जिला उपाध्यक्ष को एक एक वाहन, जिला महामंत्री को एक एक वाहन, प्रखण्ड अध्यक्षों को दो दो वाहन, मण्डल अध्यक्षों को एक एक वाहन, (सभी अग्रणी संगठन विभाग में सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयुआई, अल्पसंख्यक विभाग, आदिवासी कांग्रेस, ओबीसी विभाग, अजा विभाग, आरटीआई विभाग, एआईपीसी, विधि विभाग, किसान विभाग, इंटक, केकेसी, पंचायती राज) को एक एक वाहन कार्यकर्तागण के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुँचना है। सेवादल के पदाधिकारीगण को ड्रेस कोड में शामिल होना है। जिला कांग्रेस कमिटी का एक प्रतिनिधिमंडल अपने नेता प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, विधायक दल के नेता, सुबोध कांत सहाय का स्वागत प्रोटोकॉल के तहत सम्मान करेगी तथा नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी को कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में आने के लिए आमंत्रित करेगी।

जिला कांग्रेस कमिटी बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने वाले एवं निष्क्रिय पदाधिकारीगण को जल्द ही पदमुक्त किया जागा।

तैयारी समिति के बैठक में अगामी 9 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में आयोजित होगा। जिसमें सभी कांग्रेस नेतागण पदाधिकारीगण शामिल होंगे।

एक मार्च को चांडिल चावलीबासा में कोल्हान प्रमण्डल स्तरीय कांग्रेस समागम में शामिल होने के लिए सभी नेतागण सुबह 10 बजे कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में एकत्र हो कर चांडिल के लिए प्रस्थान करेंगे।

बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव के के शुक्ल, सामंता कुमार, ब्रजेन्द्र तिवारी, शफीअहमद खान, अंसार खान, मनोज उपाध्याय, अंकुश बनर्जी, गीता सिंह, सुशीला पाण्डेय, किशनलाल महतो, बलराम महतो, राजकुमार वर्मा, जयराम हॉसदा, रीता शर्मा, आशीष ठाकुर, धर्मा राव, सतीश कुमार, संध्या ठाकुर, राजा, ओझा, दुर्गा प्रसाद, हरिहर प्रसाद, सन्नी सिंह, लखिंदर करुवा, रंजीत सिंह, रंजीत झा, कुमार गौरव, इंतिखाब वास्ती, मो शब्बीर ऊर्फ लालबाबू, मो सगीर, अमित श्रीवास्तव, कमलेश कुमार, राजीव मिश्रा, गुरूपदो गोराई, सुशील घोष शामिल हुए।

कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह आजाद ने किया।

## कल्याण शाखा का उपायुक ने औचक निरीक्षण कर दिए जरूरी निर्देश

**गिरिडीह।** समाहरणालय स्थित समाज कल्याण शाखा का उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा सभी संचालित योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी संबंधित कर्मियों को कार्यालय स-समय आने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से पोषाहार, पोषण अभियान के अन्तर्गत पोषण ट्रैकर, समर अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा इन सभी योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाया जा सकें। मौके पर उप विकास आयुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, प्रशासी अधिकारी, सामान्य शाखा, प्रधान लिपिक, डीआरडीए, प्रधान लिपिक, समाज कल्याण शाखा समेत अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।



## कांड्रा में प्रस्तावित वन नगर के लिए चिन्हित भूमि का राज्य मंत्री ने लिया जायजा

### कसमार के एग्रोपार्क एवं कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण, जताई प्रसन्नता

**बोकारो-** बोकारो में वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री ने चास के कांड्रा के नगर वन का निरीक्षण किया। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी को उच्चस्तरीय नगर वन में विकसित किए जाने हेतु डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजे जाने के लिए निदेशित किया गया.

वहीं,वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एवं विदेश राज्यमंत्री ने कसमार स्थित एग्रो पार्क का निरीक्षण किया। इस क्रम में जेएसएलपीएस की दीदीओं द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने दीदीओं से क्रमवार संवाद किया। उनके द्वारा बैंक से लिए गए ऋण, काम व आमदनी के संबंध में चर्चा की। मंत्री उनकी समस्याओं से भी रूबरू हुए। दीदीओं ने समूह से जुड़कर आर्थिक स्वलंबन के संबंध में अपनी बात रखीं। कहा कि कैसे वह खेती, मुर्गी पालन, बत्तख पालन आदि से आर्थिक रूप से समृद्धि हो रही है। मौके पर जेएसएलपीएस द्वारा लगाया गएं विभिन्न स्टाल का भी जायजा लिया। कसमार स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं से क्रमवार संवाद किया। विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक गतिविधि को लेकर किए गए कार्यों जैसे आइटीसी लैब, पुस्तकालय, विद्यालयों को लर्निंग म्यूजियम के रूम में विकसित करने, छात्राओं द्वारा निर्मित पेंटिंग आदि का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय परिसर में आम का पौधा लगाया एवं छात्राओं के साथ समूह फोटो खिंचवाई। विद्यालय की व्यवस्था देख प्रसन्नता जताई। मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पेटरवार का भी निरीक्षण किया। केंद्र में स्थापित मॉड्यूलर ओटी, कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) एवं अन्य सेवाओं का जायजा लिया।



## बी एस एल के एस एम एस -II & सी सी एस विभाग ने दैनिक उत्पादन का बनाया नया रिकॉर्ड

**बोकारो स्टील** प्लांट के एस एम एस -II & सी सी एस विभाग ने एक दिन में 47 हीट के साथ 13281 टन क्रूड स्टील का उत्पादन करके दैनिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया है. इसके पूर्व दिनाँक 20 अक्टूबर 2022 को एस एम एस -II × सी सी एस विभाग के द्वारा 46 हीट के साथ 12880 टन क्रूड स्टील का रिकॉर्ड दैनिक उत्पादन किया गया था.

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि बोकारो स्टील प्लांट के एस एम एस -II × सी सी एस विभाग ने वर्ष 2025 के जनवरी माह में 337500 टन क्रूड स्टील का उत्पादन करके पूरे सेल में क्रूड स्टील के मासिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया था.

कार्यकारी निदेशक प्रभारी श्री सी आर महापात्रा के साथ बोकारो स्टील के शीर्ष प्रबंधन ने मुख्य महाप्रबंधक (एस एम एस -II × सी सी एस) अरविन्द कुमार एवं उनकी समस्त टीम तथा सभी सहयोगी विभागों तथा संविदा कर्मियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है.

बी जी एच में ठेका श्रमिकों के रिव्यु मेडिकल चेकअप के लिए पंजीकरण

बीजीएच में जिन ठेका श्रमिकों को रिव्यु मेडिकल चेकअप के लिए सलाह दी गयी है, वैसे ठेका श्रमिक दिनाँक 18 फ़रवरी को सेक्टर 2-सी स्थित सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र में अपना पंजीकरण करा सकते है. पंजीकरण के लिए मेडिकल चेकअप रिपोर्ट को साथ में लाना अनिवार्य है. पंजीकरण के बाद रिव्यु कैंप की तिथि और समय के बारे में जल्द ही सूचित किया जायेगा. मेडिकल रिव्यु कैंप में सिर्फ पंजीकृत ठेका श्रमिकों का ही मेडिकल चेकअप किया जायेगा.






## कोल्हान पैथोलॉजी का हुआ उद्घाटन

**जमशेदपुर।** ओल्ड पुरुलिया रोड स्थित रोड संख्या 26 केनरा बैंक एटीएम के बगल नूर कालोनी में सोमवार को कोल्हान पैथोलॉजी का उद्घाटन महरून निशा,चाइबासा मुस्कान समिति की सचिव शमीमा खानम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।इस अवसर पर मोअज्जम बिहारी ने कहा कि इस क्षेत्र के गरीब और सहायक लोगों को काम रेट में सभी प्रकार की जांच की जाएगी। इस मौके

पर पैथोलॉजी की संचालिका नाजरा अंजुम उर्फ मुस्कान ने बताया की उक्त लैब में सभी प्रकार की जांच की जाएगी।होम कलेक्शन भी नि, शुल्क किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोल्हान पैथोलॉजी का मुख्य कलेक्शन सेंटर जुगसलाई में है।इस अवसर शहनवाज आलम, विवेक अग्रवाल,मो, सनव्वर ,खालीद इकबाल,जाहीद हुसैन,अदनान मलिक समेत इस क्षेत्र के सभी लोग उपस्थित थे।इस अवसर पर प्रथम दिन लगभग 30लोगो का विभिन्न प्रकार की जांच नि, शुल्क किया गया।



## रुद्र महायज्ञ को लेकर मंगल कलश यात्रा में 11सौ महिलाए हुई शामिल

**बेंगाबाद (गिरिडीह)** के बेंगाबाद के मानजोरी में सोमवार को रूद्र महायज्ञ को लेकर आकर्षक झांकी के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 1100 महिला एंव कन्या कुआंरियों ने भाग लिया था। जबकि कलश यात्रा के मौके आस्था और भक्ति का जन सैलाब उमड़ पड़ा था। पांच किलोमीटर से अधिक दूरी तक कलश यात्रियों का लंबा काफिला बना हुआ था। हर हर महादेव, बाबा वंशा महादेव की जय, जय श्री राम आदि के गगनभेदी उद्घोष से महौल भक्तिमय बना हुआ था। मानजोरी के बाबा वंशा महादेव शिव मंदिर प्रांगण में विश्व कल्याण हेतू आयोजित रूद्र महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई थी। बाजे गाजे और भग्वा ध्वज के साथ निकाली गई कलश यात्रा नगर भ्रमण के पश्चात खंडोली जलाशय पहुंचा। खंडोली जलाशय के पास यज्ञाचार्य अयोध्या धाम के पंडित पंकज दिवेदी, पंकज शास्त्री, शिवेन शास्त्री, मनोज शास्त्री, महेश शास्त्री, सोनु शात्री, दुर्गेश शास्त्री आदि द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ समस्त तीर्थ नदियों का आह्वान के साथ जल का पूजन कराया गया, और घड़ी घंटा और शंख ध्वनि के साथ मंगल कलश में जल भरा गया। यज्ञाचार्य ने कहा कि कलश यात्रा वापस लौटने पर यज्ञ स्थल का परिक्रमा के बाद मंडप प्रवेश कराया गया। कलश पूजन के बाद महाआरती का आयोजन किया गया। महायज्ञ को लेकर मानजोरी पंचायत और आस पास के क्षेत्र भक्तिभाव में डूबा हुआ है। रूद्र महायज्ञ समिति इस महायज्ञ के मुख्य आयोजक है।

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फ्लोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित । **संपादकः** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 7033777771 **विज्ञापन-** 9123491189, मनोज कुमार कपरदारः 9771177585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63